



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, गुरुवार 04 सितंबर 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 148 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## ब्रीफ न्यूज

### दो बीसीसीएल कर्मी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**धनबाद।** सीबीआई ने बीसीसीएल के दो कर्मियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है. एक रिटायर्ड कर्मी से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए उन्हों रंगे हाथ पकड़ा. गिरफ्तार लोगों में बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के राम आश्रय गरेडिया और राजकुमार सिंह शामिल हैं. इन पर आरोप है कि वे एक रिटायर्ड कर्मी जगदीश साव से एनओसी देने के लिए 20 हजार की रिश्वत की मांग कर रहे थे. सीबीआई ने जाल बिछा कर बुधवार को जब दोनों कर्मियों को पकड़ लिया.

### बंगाल मतुआ समाज का राहुल को न्योता

**कोलकाता।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से बंगाल से आए मतुआ समुदाय के लोगों ने मुलाकात की थी. कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बताया कि मतुआ समुदाय बंगाल और केंद्र में मौजूद सरकारों से नाखुश है. उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों ने उनके मतुआ समुदाय के मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया. अब वे कांग्रेस को समर्थन देने के बारे में सोच रहे है. उन्हें आशंका है कि एसआईआर से उनके वोट को खतरे में डाला जा सकता है.

### नवादा में तालाब में डूब कर 5 लोगों की मौत

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के पकरीबरवां थाने के दतरौल गांव में बुधवार को पांच लोगों की तालाब में डूब कर मौत हो गई है. घटना पकरीबरमा थाना क्षेत्र के दतरॉल गांव की है. जब गांव की बहनें अपने भाइयों की सुरक्षा व लंबी उम्र के लिए करमा पर्व मना रही थीं. उसी समय तालाब में स्नान करने गईं. गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई. ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सभी शवों को बाहर निकाला.

### करगहर से चुनाव लड़ सकते हैं प्रशांत किशोर

**पटना।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने ऐलान कर दिया है कि वह रोहतास की करगहर विस सीट से चुनाव लड़ेंगे. बुधवार को डिजिटल चैनल के कॉन्क्लेव में पीके ने यह घोषणा की. इस सीट से वर्तमान में कांग्रेस से संतोष मिश्रा विधायक हैं. 2020 के चुनाव की बात करें तो यहां से नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के वशिष्ठ सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे. पीके ने कहा कि किसी को भी अपनी जन्मभूमि या कर्मभूमि से लड़ना चाहिए.

### रूस ने यूक्रेन पर हमले और बढ़ाए, दागे ड्रोन

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला किया है. रूस ने 500 से ज्यादा ड्रोन और करीब दो दर्जन मिसाइलें एक साथ दागीं. इस हमले का निशाना नागरिक ढांचा, खासतौर पर ऊर्जा संयंत्र बने हैं. यह हमला ऐसे समय हुआ जब सर्दियों का मौसम नजदीक आ रहा है और तीन साल से जारी युद्ध ने यूक्रेन की बिजली और हीटिंग व्यवस्था को पहले ही बुरी तरह प्रभावित कर रखा है. यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमले का मध्य यूक्रेन रहा. राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि यह हमला रूस की दम दिखाने की कोशिश है.

## ट्रेड वॉर पर विदेश मंत्री वेडफुल ने नई दिल्ली से कर दी बड़ी घोषणा

# ट्रंप कुढ़ते रहे, पर जर्मनी ने मानी भारत की ताकत

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

ट्रेड वॉर के बीच रूस के करीबी दोस्त भारत से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही खफा हों और कुढ़ रहे हों, लेकिन जर्मनी इस बात को मान रहा है कि भारत यूरोप में शांति बहाली में अहम भूमिका निभा सकता है. जर्मनी ने बुधवार को इस बात की तस्दीक भी कर दी. जर्मनी ने भारत से कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल यूरोप में शांति बहाली के लिए करे. दो दिन की भारत की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही.

### पहले बात ट्रेड डील की... जर्मनी ने क्या कहा?

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और जोहान वाडेफुल ने वैश्विक चुनौतियों पर भी गहरी चर्चा की और भारत-जर्मनी के बीच व्यापार को दोगुना करने का भरोसा जताया. वाडेफुल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता आने वाले महीनों में हो सकता है. उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि अगर दूसरे देश व्यापार में बाधाएं डालते हैं, तो हमें उन्हें कम करके जवाब देना चाहिए. बता दें कि पिछले साल दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार करीब 50 बिलियन यूरो का था. वाडेफुल ने कहा कि जर्मनी इस व्यापार को दोगुना करने के लिए पूरी ताकत लगाएगा, और जयशंकर ने भी इस लक्ष्य के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई.



### यूरोप में शांति बहाली में भूमिका निभाए भारत

यूक्रेन में शांति बहाली के मुद्दे पर जर्मन विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने कहा, पीएम मोदी ने कुछ दिन पहले राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में शीघ्र शांति समझौते की आवश्यकता पर भी जोर दिया था, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है. हम यूरोपीय लोग अपने अमेरिकी और यूक्रेनी मित्रों के साथ मिलकर इस युद्ध को जल्द समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं.

### गुटनिरपेक्ष भारत की तारीफ

जर्मन विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने कहा, आप भारत के इतिहास पर नजर डालिए. जब मैं युवा था और स्कूल जाता था और बाद में विश्वविद्यालय में पढ़ रहा था, तब मैंने भारत को एक गुटनिरपेक्ष देश के रूप में जाना. इसने इस पर अपनी छाप छोड़ी है. उन्होंने कहा, यह मुल्क (भारत) जर्मनी से अलग है और शीत युद्ध के दौरान हमारा तत्कालीन सोवियत संघ से टकराव था, और दुर्भाग्य से, क्योंकि हमने सोचा था कि हम उस पर विजय पा लेंगे, हम फिर से ऐसी स्थिति में आ गए हैं. जहां हम उस पर विजय नहीं पा सके हैं, हम फिर से ऐसी स्थिति में आ गए हैं जहां हमारा सामना रूस से है, रूस और यूरोप के बीच टकराव है, क्योंकि वहां अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो रहा है. हम खुद को फिर से इसी स्थिति में पाते हैं, और भारत खुद को एक अलग स्थिति में पाता है.

**भारत हमारे लिए एशिया के बराबर है :** विदेश मंत्री वाडेफुल ने कहा, भारत हमारे लिए एशिया के बराबर है और जर्मनी और यूरोपीय संघ एक तरह से भारत के लिए समान हैं. भारत एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और हालांकि हम दोनों की अपनी-अपनी राजनीतिक स्थितियां और राजनीतिक प्राथमिकताएं हैं, लेकिन जब लोकतांत्रिक सिद्धांतों और नियामक कदमों की बात आती है, तो हमारे दोनों देश और हमारे बाज़ार बारीकियों का पालन करने के लिए सतर्क और प्रतिबद्ध रहते हैं. हम दूसरे पक्ष के लिए संबंधित बाज़ार में भागीदारी को आसान बना सकते हैं और हमने आज अपनी चर्चाओं में इस बात पर ज़ोर दिया है और मुझे लगता है कि इस संबंध में हम दोनों को अभी तैयारी करनी है.

**हम पुतिन को बातचीत के लिए राजी करना चाहते हैं :** जोहान वाडेफुल ने कहा, हम शुरू से ही ऐसी नीति पर चल रहे हैं जिसका उद्देश्य रूस और यूक्रेन को बातचीत के रास्ते पर ले जाना है. हालांकि, हमने जो देखा वह यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए गए अथक प्रयासों के बावजूद, रूस बातचीत के लिए तैयार नहीं है, जबकि यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की बातचीत करने के लिए राजी हैं. एक तरह से, इसने पहला कदम उठाया है. हम एक एक ऐसा देश जिस पर हमला हुआ है, जबकि उसने हमले को भड़काने के लिए कुछ भी नहीं किया है. बस यही मांग है कि हथियार खामोश हो जाएं. बस इतना ही... जर्मन और यूरोपीय दृष्टिकोण यही है कि हम राष्ट्रपति पुतिन को बातचीत की मेज़ पर लाने के लिए हर संभव कोशिश करना चाहते हैं.

## बिस्किट, चिप्स, टीवी, फ्रिज से लेकर कार तक होंगे सस्ते

# पांच और 18% के टैक्स स्लैब पर मुहर, 12 और 28% खत्म

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक बुधवार को नई दिल्ली में शुरू हुई. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी. इस बीच उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री साफ किया कि अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब होंगे, जो 5% और 18% होंगे. मतलब अब 12 और 28 फीसदी के जीएसटी स्लैब को खत्म कर दिया गया है और इनमें शामिल ज्यादातर चीजें सिर्फ मंजूर किए गए दो टैक्स स्लैब के अंदर आ जाएंगी. इसके चलते कई सामान सस्ते हो जाएंगे. हालांकि, विलासिता और हानिकारिक वस्तुओं पर 40% जीएसटी लगाया जाएगा.

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री ने बिजनेस टुडे से खास बातचीत के दौरान बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए 5-18 फीसदी के जीएसटी स्लैब को मंजूरी मिलने की जानकारी दी. इसके साथ ही उन्होंने साफ किया कि काउंसिल की बैठक में लिए गए सभी फैसले 22 सितंबर से लागू होंगे. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते 15 अगस्त को जीएसटी रिफॉर्म को लेकर की गई थी, जिसके बाद ये पहली काउंसिल बैठक थी, जिसमें बड़े फैसले लिए गए हैं.

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत जीएसटी काउंसिल द्वारा मंजूर किए गए प्रस्ताव पर नजर डालें, तो जीएसटी के मौजूदा चार स्लैब को कम करके दो कर दिया गया है. 12% और 28% वाली कैटेगरी खत्म हो गई है. इसके बाद 12 फीसदी स्लैब में शामिल करीब 99 फीसदी सामानों को 5% के स्लैब में डाला जा सकता है, जबकि 28% स्लैब के जीएसटी स्लैब में शामिल चीजों को 18% के स्लैब में लाने पर निर्णय लिया जाना है. बैठक के बाद हिमाचल प्रदेश के मंत्री राजेश धर्माणी ने इसमें लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए कहा कि सभी सदस्यों की ओर से जीएसटी रेट्स को युक्तिसंगत बनाने के पक्ष में सहमति व्यक्त की गई है.



### 400 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाने की चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान इसका करों से जुड़ा पैनल हेयर ऑयल से लेकर छोटी कारों तक लगभग 400 से अधिक वस्तुओं पर कर कटौती की योजना पर फैसला करेगा. जीएसटी परिषद में करों की कटौती के फैसले से हिंदुस्तान यूनिलीवर और गोदरेज इंडस्ट्रीज जैसी एफएमसीजी कंपनियों और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों की बिक्री में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है. दूसरी ओर, वाहन निर्माताओं में मारुति, टोयोटा मोटर और सुजुकी मोटर को भी जीएसटी परिषद के फैसले से बड़े राहत की उम्मीद है.

### टूथपेस्ट-शैम्पू पर कर को 5% करने की तैयारी



पैनल उपभोक्ता वस्तुओं जैसे टूथपेस्ट और शैम्पू पर कर को 18% से घटाकर 5% करने और छोटी कारों, एयर कंडीशनर और टेलीविजन पर कर को 28% से घटाकर 18% करने पर भी विचार करेगा. अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इस कटौती से 21 बिलियन डॉलर के जीएसटी राजस्व नुकसान होगा. इस नुकसान में राज्यों की हिस्सेदारी केंद्र सरकार से अधिक होगी. हालांकि राज्य मोटे तौर पर इन बदलावों पर सहमत हैं.

### प्रस्तावित सुधार तीन स्तंभों पर आधारित

परिषद के समक्ष प्रस्तुत केंद्र का जीएसटी सुधार प्रस्ताव तीन स्तंभों पर आधारित है, संरचनात्मक सुधार, दरों का युक्तिकरण और जीवन को आसान बनाना. संरचनात्मक सुधार, उद्योग जगत में विश्वास पैदा करने और बेहतर व्यावसायिक योजना बनाने में सहायता के लिए दरों और नीति निर्देशों पर दीर्घकालिक स्पष्टता प्रदान करके स्थिरता सुनिश्चित करेंगे. जीवन को आसान बनाने से जुड़े वित्त मंत्रालय के प्रस्ताव में विशेष रूप से छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए निर्बाध, तकनीक-आधारित जीएसटी पंजीकरण शामिल है. इसमें निर्यातकों और उल्टे शुल्क ढांचे वाले लोगों के लिए पहले से भरे हुए जीएसटी रिटर्न और रिफंड की तेज, स्वचालित प्रक्रिया को लागू करने का भी सुझाव दिया गया है.



**सुधारों के लिए आठ क्षेत्रों पर दिया जा रहा ध्यान :** जीएसटी सुधारों के लिए केंद्र की रूपरेखा के अनुसार, आठ क्षेत्रों पर ध्यान दिया जा रहा है. इसमें कपड़ा, उर्वरक, नवीकरणीय ऊर्जा, मोटर वाहन, हस्तशिल्प, कृषि, स्वास्थ्य और बीमा के दरों में बदलाव से सबसे अधिक लाभ होगा.

### विपक्षी राज्यों की मांग, नुकसान की भरपाई का किया जाए इंतजाम

**रांची।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में विपक्षी राज्यों केरल, हिमाचल, झारखंड, कर्नाटक, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और बंगाल की ओर से कहा गया कि जीएसटी में बदलाव से लेकर स्लैब घटाने तक के सुधार का लाभ कंपनियों के बजाय सीधे उपभोक्ताओं तक मिलना चाहिए. राज्यों को होने वाले रेवेन्यू के नुकसान की भरपाई के लिए भी प्रबंध किए जाने चाहिए. उनकी ओर से एक स्पष्ट मुआवजा योजना बनाए जाने की मांग की गई है. बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शामिल थे.

### जीएसटी सुधार का राज्यों पर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग असर

जीएसटी सुधारों का राजस्व पर असर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग होगा. बेकर टिली एएसए इंडिया एलएलपी के संदीप गुप्ता के मुताबिक, उपभोग-आधारित राज्यों को बढ़ी हुई मांग से लाभ हो सकता है, जबकि झारखंड, पंजाब, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे भारी कर्ज वाले राज्य जीएसटी रेवेन्यू में नुकसान से बड़े संकट का सामना कर सकते हैं. पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने भी यही चेतावनी दोहराते हुए कहा है कि विपक्षी राज्यों ने स्पष्ट कर दिया है कि पर्याप्त मुआवजा जरूरी है.

## झारखंड में पूरी श्रद्धा के साथ मना करमा पर्व



राज्य की कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की बुधवार को करमा पर्व पर मांदर की थाप पर युवतियों के साथ थिरकती हुईं. करमा पर्व पर राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में बहनों ने अपने भाइयों के लिए व्रत रखा और पूजा की.

## पीएम मोदी की मां को गाली देने के विवाद पर तेजस्वी का पलटवार, बोले

# ये हमारे संस्कार नहीं, लेकिन 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड बोलना क्या था

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार के दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी की मां के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणी का मामला गरमाया हुआ है. बीजेपी नेताओं में इसको लेकर जबरदस्त आक्रोश है. राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है. अब इस मामले में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. तेजस्वी ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी के गाली प्रकरण पर कहा कि यह गलत है. किसी की भी मां को अपशब्द नहीं बोलना चाहिए. उन्होंने कहा कि हम इसके पक्षधर नहीं हैं, ये हमारे संस्कार में नहीं है. लेकिन कभी-कभी पीएम मोदी समेत भाजपा के अन्य नेताओं को भी देखना चाहिए कि वो विपक्षी नेताओं के बारे में क्या-क्या बोलते हैं.

**50 करोड़ की गर्लफ्रेंड और नीतीश का डीएनए :** भाजपा पर हमला बोलते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड बोलने वाले पीएम मोदी हैं, सोनिया गांधी को इतनी भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं, नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल उठाए गए. रेणुका चौधरी को राज्यसभा में पीएम मोदी ने सूर्पणखा तक कहा था. मुझे भी भाजपा विधायकों ने मां-बहनों की गालियां सदन में दी. भाजपा के प्रवक्ता कई बार महिलाओं का अपमान लाइव कैमरे पर करते हैं. मोदी इतने दिनों से विदेश में थे यहां आए, तो उनको रोना आया विदेश में ठहाके लगा रहे थे.

**एनडीए का बिहार बंद आज :** इस बीच एनडीए ने गुरुवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिहार बंद का ऐलान किया है. सरकारी बंद को लेकर सारी तैयारियां कर ली गई हैं.

### गृह मंत्रालय बोला-बिना पासपोर्ट, वीजा भारत में रहने की आजादी

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी व ईसाई समुदाय के सदस्यों को पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों के बिना भी देश में रहने की अनुमति दी जाएगी. खबर के मुताबिक, पिछले साल लागू हुए नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के अनुसार, 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए इन उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी.

- पाक, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से 2024 तक आए लोगों को तोहफा

### मूडी की वॉर्निंग, ट्रंप की नीतियों से यूएस की इकोनॉमी 'रसातल' में


**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ऐसे फैसले लेते रहे, जिनसे वैश्विक अर्थव्यवस्था में हलचल है. अमेरिकन फर्स्ट का नारा देने वाले ट्रंप का ये दांव अब उल्टा पड़ गया है. दुनियाभर के देशों पर टैरिफ थोपने की उनकी नीति ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मंदी की चपेट में ला खड़ा किया है. यह दावा अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने किया है. ट्रंप अमेरिकियों को भरोसा दिलाते हैं कि उनके नेतृत्व में इकोनॉमी मजबूत है. लेकिन मूडीज के अर्थशास्त्री मार्क जैंडी ने उनके इस दावे की हकीकत सामने रख दी है. जैंडी ने कहा, 2025 के आखिर तक अमेरिका की अर्थव्यवस्था भारी मंदी की चपेट में आ जाएगी.

## सेहत की बात : घर बैठे आप भी जानिए कितने स्वस्थ हैं आपके फेफड़े?

# बोल्ट टेस्ट से मिनटों में मिलेगा रिजल्ट वो भी फ्री

**शुभम संदेश डेस्क**

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी ने कई तरह की बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ा दिया है. लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी के साथ प्रदूषित होता वातावरण भी इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है. इसका सबसे ज्यादा नुकसान हमारे फेफड़ों को उठाना पड़ रहा है. यही कारण है कि पहले जहां सांस से जुड़ी बीमारियां ज्यादातर बुजुर्गों में दिखाई देती थीं, वहीं अब कम उम्र के लोग यहां तक कि बच्चे भी इसका शिकार होने लगे हैं. शोध बताते हैं कि पिछले दो दशकों में भारत समेत कई देशों में अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियों के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट बताती है कि हर साल लगभग 70 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों की वजह से हो जाती है. स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ सरल आदतें अपनाकर हम फेफड़ों को स्वस्थ रख सकते हैं.



### बोल्ट टेस्ट से जानिए फेफड़ों की सेहत का हाल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रदूषण के स्तर में होती बढ़ोतरी के चलते अब न केवल सांस लेना मुश्किल हो गया है, बल्कि यह आपके फेफड़ों के स्वास्थ्य पर भी भारी असर डालती है. बोल्ट यानी ब्लड ऑक्सीजन लेवल टेस्ट स्कोर की मदद से ये जाना जा सकता है कि आपके फेफड़े कितने स्वस्थ हैं? और इन्हें कोई खतरा तो नहीं है. बोल्ट (बॉडी ऑक्सीजन लेवल टेस्ट) एक सरल, घर पर किया जाने वाला परीक्षण है जो आपकी कार्बन डाइऑक्साइड सहनशीलता को मापता है. इससे यह पता चल सकता है कि आप कितनी देर तक आराम से अपनी सांस रोक सकते हैं. जितनी देर आप सांस रोक सकते हैं उससे आपके फेफड़ों की सहनशक्ति के बारे में पता चलता है. ये टेस्ट बिल्कुल आसान है और आप इसे घरपर ही करके आसानी से अपने फेफड़ों की शक्ति का अंदाजा लगा सकते हैं. बोल्ट स्कोर 10 से कम होना अलार्मिंग माना जाता है.

**कैसे करें बोल्ट टेस्ट :** इस टेस्ट को करने के लिए सबसे पहले एक शांत और आरामदायक जगह ढूंढें जहां कोई व्यवधान न हो. इसके बाद अच्छी मुद्रा में सीधे बैठें जिसमें सांस लेना आपके लिए आसान हो. एक सामान्य और लंबी सांस लें और आराम से सांस छोड़ें. इसके बाद अब अपनी उंगलियों से नाक को बंद करें ताकि हवा आपके फेफड़ों में प्रवेश न कर सके और अपना टाइमर चालू करें. जब आपको सांस लेने की इच्छा होने लगे और आपकी छाती अकड़ने लगे, तो टाइमर बंद कर दें. आपने जितने सेकेंड तक अपनी सांस रोकी, वह आपका बोल्ट स्कोर है.

**फेफड़ों की क्षमता कैसे सुधारें :** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ सामान्य सी बातों का ध्यान रखकर आप अपने फेफड़ों को स्वस्थ बना सकते हैं. अपने बोल्ट स्कोर को बढ़ाने के लिए आप गहरी सांस लेने वाले व्यायाम कर सकते हैं जो श्वसन की मांसपेशियों को मजबूत कर सकते हैं. इसके अलावा हमेशा नाक से ही सांस लें, मुंह से नहीं. रोज हल्की कसरत-योग और पैदल चलने से भी फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार होता है. सबसे जरूरी है कि धूम्रपान से बचें. इतना ही नहीं पैसिव स्मोकिंग यानी आसपास सिगरेट पीने वाले लोगों के धुंए से भी बचाव करें.

### यूपी में संविदा कर्मियों को भी मिलेगी पेंशन

**लखनऊ।** यूपी में लाखों संविदा कर्मी काम कर रहे हैं. अब उन्हें राज्य सरकार की तरफ से बड़ी राहत देने का ऐलान किया गया है. इन कर्मियों को अब तक कई सुविधाएं नहीं मिली हैं. नौकरी खत्म होने के बाद उनके भविष्य को लेकर सवाल खड़े होते रहे. कई बार कर्मचारी संगठनों ने आवाज उठाई कि इन्हें भी स्थायी कर्मियों जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए. सरकार ने आखिरकार इस पर कदम बढ़ाया है. कैबिनेट में इस पर चर्चा हो रही है और मंजूरी मिलने पर संविदा कर्मचारियों की सबसे बड़ी टेंशन खत्म हो जाएगी. अब सबकी नजर इस बात पर है कि नया नियम लागू होने के बाद हर महीने इन्हें कितनी पेंशन दी जाएगी. चलिए आपको बताते हैं इसकी जानकारी. यूपी में संविदा कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर सामने आ रही है. सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में आउटसोर्स सेवा निगम के गठन पर फैसला लिया जा सकता है.

## सुप्रीम कोर्ट में बंगाल सरकार की दलील

# विधेयकों की विधायी क्षमता राज्यपाल नहीं जांच सकते

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए समय-सीमा तय करने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई जारी रही. इस दौरान बंगाल सरकार ने कहा कि विधेयकों की विधायी क्षमता की जांच राज्यपाल नहीं कर सकते. बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि शायद ही कोई ऐसा उदाहरण हो जहां राष्ट्रपति ने संसद से पारित किसी बिल को जनता की इच्छा के कारण रोका हो.

**बंगाल सरकार ने दी ये दलील :** चीफ जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ के सामने कपिल सिब्बल ने कहा कि बिल की विधायी क्षमता का परीक्षण कोर्ट में हो. उन्होंने कहा, किसी कानून को कोई भी नागरिक कोर्ट में चुनौती दे सकता है. राज्यपाल यह कहें कि मैं बिल को मंजूरी नहीं दे सकता और इसे रोके रखता हूं, तो ये अत्यंत दुर्लभ मामला है. पीठ में चीफ जस्टिस गवई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और चंदुरकर भी शामिल हैं. सिब्बल ने कहा कि संसद संप्रभु है और जनता की इच्छा लागू होनी चाहिए. जब कोई बिल पारित होता है तो उसे सांविधानिकता प्राप्त होती है और इसका परीक्षण कोर्ट में हो सकता है. बिल का केंद्रीय कानून के संदर्भ में विरोधाभास दुर्लभ मामला है, उस स्थिति में राज्यपाल विवेक का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन राज्यपाल सुपर विधायी निकाय नहीं हो सकते.

## अब थोड़ा शर्म करें माननीय, आपकी भाषा से आपके बच्चे भी आपसे घृणा करने लगेंगे

**शुभम संदेश। रांची**

हमारे माननीय क्या बोल रहे हैं और इनकी भाषा क्या है, पहले इसे जान लीजिए. यह इनका एक-दूसरे के विरुद्ध लेटेस्ट बयान है. दोनों के बयान सोशल मीडिया पर वायरल हैं. लोग उसे इंटरेस्ट लेकर सुन रहे हैं. अब वे इन्हें कोस रहे हैं. इनसे सीख कर इन्हें भी गाली देने लगे हैं. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी- अंग्रेजों को भगाए हैं, इसको (भानू प्रताप शाही) भी खदेड़ेंगे. इसके बाप का औकात है. (बीच में किसी ने कहा भानू शाही झारखंडी हैं) ये विदेशी लोग हैं. झारखंड में हम लोग शरण दिए हुए हैं. शरण दिए हुए हैं, तो तमीज से रहो. तमीज से बोलो. इरफान अंसारी को नहीं जानता. बहुत डेप्थ है. झारखंड हमारा है. तुम इरफान अंसारी को बोल दोगे. मीडिया में दारू पीकर बोलता है. रात दस बजे इरफान जी, इरफान जी करता है.

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानू प्रताप शाही-इरफान जी मीडिया में आकर हमरा बाप-दादा के उकटत रह. पहले हमरा से फरिया ल. बाप दादा पर बाद में जइह. तोहर कितना डेप्थ है, बहुत बढ़िया से जानिले. तोहर कितना डेप्थ बा केकरो से छूपल नइखे. हम झारखंड के ही या कहां के ही, कबो हमर घर आब. जहिया तू गुली डंडा खेलत रह, हम मंत्री बनल रही. तोहार परिवार जहिया आयल होई बिहार या झारखंड में, ओ से एक हजार साल पहले हमार परिवार यहां आयल रही. रेकर्ड बा.



बार बार कहल जे भानू जी दारू पीके बोल लन. पर भानू दारू-वारू ना पीयल. हम उप चुनाव में मधुपुर गइल रही. चार पांच लोग मिलनन. कहे लगलन सांझ में फुरकान अंसारी और इरफान अंसारी दोनों बैठ के पीयलन. अल-बल मत बोल. मंत्री बाड़ तो यह मत समझ कि कोई तोरा से डेरा जाई. तोरा से हिसाब-कितान करे ले हमेशा तैयार ही. कहां आबे के बा और कब आबे के बा, बतइह, हम आ जाइब. अकेले तोरा लेल काफी ही.

राज्य के वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानू प्रताप शाही की भाषा आपने पढ़ ली होगी. यह पहला मौका नहीं है, जब दोनों ही कद्दावर नेता इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं. सोशल मीडिया में बने रहने के लिए अथवा अपनी भड़ास निकालने के लिए, ये लगातार इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं. कभी कोई किसी को गुंडा कह रहा है, तो कभी कोई पागलखाने भेजने की बात कर रहा है. अब केवल मां-बहन की गाली देना ही बाकी है. जनता ने आपको विधायक, मंत्री, नेता इसलिए नहीं चुना कि आप एक-दूसरे पर कीचड़ उछालें. लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मर्यादा में रहकर. जब नेता ही मर्यादा को तिलांजलि दे दे तो वह आम जनता से क्या अपेक्षा कर सकता है. समाज पर इसका क्या असर होगा, इसे समझने की जरूरत है. किस तरह की राजनीतिक गतिविधि होगी, इसे महसूस करने का समय है. राज्य की जनता पहले ही बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है. उसे नेताओं से उम्मीद है समाधान की, न कि तमाशे की. इसलिए अब वक्त आ गया है कि आप दोनों रुक जाएं, सोचें, और अपने शब्दों की गरिमा को पहचानें. बहस करें, आलोचना करें, पर राजनीतिक शालीनता के साथ. क्योंकि आपके द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध की जा रही बयानबाजी पर बच्चे भी शर्मिंदा होने लगे हैं. थू-थू करने लगे हैं. माननीय अब भी मौका है, जो आप अपनी मर्यादा को समझें. अपनी भाषा को समझें. नहीं तो आपके बच्चे भी आपसे घृणा करने लगेंगे.

## एक नजर

### आठवें वेतन आयोग में हो रही देरी को लेकर राज्यपाल से मिले पेंशनर्स



**रांची।** फोरम ऑफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल एमजेड खान के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला. प्रतिनिधिमंडल ने पेंशन अधिनियम में संशोधन और आठवें वेतन आयोग के गठन में हो रही देरी पर चिंता जताई और ज्ञापन सौंपा. उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया कि यह मामला डीओपीटी को अग्रसारित किया जाए. राज्यपाल ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में राज्य सचिव एम जेड खान (पोस्टल), राज्य अध्यक्ष साधन कुमार सिन्हा, जगजीत सिंह बहल (रेलवे), चंचल कुमार सिंह (जोनल सेक्रेटरी) और नरेश लाल (बीएसएनएल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन) शामिल थे. प्रतिनिधियों ने कहा कि संशोधन के कारण 32 लाख केंद्रीय सिविल पेंशनर्स आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित हो जाएंगे, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है. उन्होंने संशोधन वापसी की मांग की.

### भाजपा महिला मोर्चा ने राज्यपाल गंगावर से की मुलाकात, पुलिस कार्रवाई को लेकर की शिकायत



**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में एक सितंबर को रांची में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा की शांतिपूर्ण रैली पर पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध जताया गया है.महिला मोर्चा ने बताया कि यह रैली प्रधानमंत्री एवं उनकी माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में निकाली गई थी। जब कार्यकर्ता कांग्रेस भवन, रांची का लोकतांत्रिक ढंग से घेराव करने जा रही थीं, तब पुलिस ने बल प्रयोग किया. ज्ञापन में कहा गया है कि पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिला कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की की और उन पर लाठीचार्ज किया, जिससे कई महिलाएं घायल हो गईं. शिष्टमंडल ने राज्यपाल से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है.

### विस्थापन आयोग का गठन स्वागत योग्य कदम : माकपा

**रांची।** माकपा ने राज्य के विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा के लिए विस्थापन आयोग के गठन को स्वागत योग्य कदम बताया है. पार्टी के राज्य सचिवमंडल की ओर से बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि कैबिनेट ने झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग गठन कार्य और दायित्व नियमावली की स्वीकृति देकर सकारात्मक पहल की है.पार्टी की ओर से कहा गया है कि हालांकि वर्ष 2024 के जुलाई महिने में ही विस्थापन आयोग का गठन के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी थी. लेकिन एक साल के बाद उसकी नियमावली तैयार की गई है.माकपा झारखंड के गठन के पहले से ही राज्य की महत्वपूर्ण ज्वलंत समस्या विस्थापन जिसमें लाखों लोग खनन कार्य, बड़े डैम, सिंचाई परियोजनाओं, कल - कारखानों, सेंक्चुरी और कॉरिडोर के निर्माण के लिए अपनी जमीन खोकर विस्थापित होने का दंश झेलते हुए गुमनामी के अंधेरे में खो गए इन्हें न्याय दिलाए जाने के लिए लगातार आवाज उठाती रही है.

**अमृत भारत योजना :** रांच रेल डिवीजन के मुरी, पिस्का और लोहरदगा स्टेशनों का हुआ कायाकल्प

## नई बिल्डिंग, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, कंप्यूटरीकृत टिकट काउंटर, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड मिलेंगी



**ये सुविधाएं भी**

- एलईडी लाइटिंग, स्वच्छ शौचालय पेयजल, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, दिव्यांगजनों के लिए रैंप और लिफ्ट

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के यात्रियों को जल्द ही तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों मुरी, पिस्का और लोहरदगा का नया और अत्याधुनिक रूप देखने को मिलेगा. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों का कायाकल्प अंतिम चरण में है और सितंबर के अंत तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इनका ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे.रेल मंत्रालय की इस पहल का उद्देश्य छोटे और मझोले स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना है. रांची रेल मंडल की डीआरएम करुणानिधि सिंह के अनुसार, मुरी, पिस्का और लोहरदगा स्टेशनों पर कार्य 90% से अधिक पूरा हो चुका है. यात्रियों को नई बिल्डिंग, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, कंप्यूटरीकृत टिकट काउंटर, स्वच्छ शौचालय, एलईडी लाइटिंग, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, दिव्यांगजनों के लिए रैंप और लिफ्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी.

तीनों स्टेशनों में लोहरदगा और मुरी को विशेष रूप से आधुनिक वास्तुकला के साथ तैयार किया गया है, वहीं पिस्का स्टेशन पर भी जरूरी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की गई हैं.अमृत भारत योजना के तहत रांची रेल डिवीजन के 15 स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है, जिनमें ओरगा, टाटीसिलवे, बालसिरिंग, नामकुम जैसे स्टेशन भी शामिल हैं. इनमें से कई पर कार्य 80% से अधिक पूरा हो चुका है और अगले कुछ महीनों में बाकी का कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा.

## लंबित आपराधिक कार्यवाही पेंशन और ग्रेच्युटी रोकने का आधार नहीं : हाईकोर्ट

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि बिना दोषसिद्धि के लंबित आपराधिक कार्यवाही के आधार पर किसी सेवानिवृत्त कर्मचारी की पेंशन और ग्रेच्युटी जैसे वैधानिक लाभों को रोका नहीं जा सकता. यह आदेश मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सेवानिवृत्त महिला लेक्चरर शांति देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया. हाईकोर्ट का यह फैसला न केवल शांति देवी जैसे प्रभावित कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि यह राज्य के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए भी मिसाल बनेगा. अदालत ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि सेवानिवृत्ति लाभ किसी दया का विषय नहीं, बल्कि कर्मचारी का कानूनी और वैधानिक अधिकार है, जिसे मनमाने ढंग से रोका नहीं जा सकता.

**दूसरी बार निलंबन और अनिवार्य सेवानिवृत्ति :** 2015 में नैतिक पतन से जुड़े मामले की कार्यवाही लंबित रहने के कारण शांति देवी को फिर से निलंबित कर दिया गया. इसके बाद रांची विश्वविद्यालय ने 18 दिसंबर 2018 को उन्हें झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 67 के तहत अनिवार्य सेवानिवृत्त करने का फैसला किया. 25 जनवरी 2019 को उन्हें तीन महीने के वेतन के साथ सेवानिवृत्त कर दिया गया. हालांकि भविष्य निधि (पीएफ) का भुगतान 2020 में कर दिया गया, लेकिन पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण जैसे अन्य लाभ अब तक नहीं दिए गए थे.



### कोर्ट का रुख

लाभों के भुगतान की मांग को लेकर शांति देवी ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की. सुनवाई में अदालत ने माना कि सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन और ग्रेच्युटी उसके वैधानिक अधिकार हैं. केवल इसलिए कि कोई आपराधिक मामला लंबित है, और उसमें अभी दोषसिद्धि नहीं हुई है, इन लाभों को रोका नहीं जा सकता. खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि जब तक अदालत से दोषसिद्धि नहीं हो जाती, तब तक केवल कार्यवाही लंबित रहने के आधार पर पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ रोकना कानून के अनुरूप नहीं है.

### मामला क्या है

शांति देवी को 1 नवंबर 1984 को बी.एन.जे. कॉलेज में अस्थायी तौर पर हिंदी व्याख्याता नियुक्त किया गया था. नियम के अनुसार, उनकी सेवा किसी भी समय समाप्त की जा सकती थी. उन्होंने जनवरी 1985 में कार्यभार ग्रहण किया. बाद में 2002 में उनका स्थानांतरण राम लखन सिंह यादव कॉलेज में हुआ. इसके कुछ समय बाद 7 नवंबर 2003 को उन्हें झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का सदस्य नियुक्त किया गया.

जेपीएससी में कार्यकाल पूरा करने के बाद शांति देवी 2009 में पुनः आरएलएसवाई कॉलेज में लौट आईं. लेकिन 2 जून 2011 को सतर्कता विभाग ने उन्हें कुछ आपराधिक मामलों में गिरफ्तार कर लिया. अगले ही दिन वे निलंबित कर दी गईं. हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिली और 2014 में सेवा में बहाल कर दिया गया.

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने प्रकृति पर्व करमा की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं



**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रकृति पर्व करमा पूजा की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है.

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रकृति पर्व करमा की राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, यह लोकपर्व भाई-बहन के स्नेह के साथ ही प्रकृति के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन का संदेश देता है. यह पर्व सभी के जीवन में स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि लाए, यही मेरी मंगलकामना है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रकृति पूजा करमा पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई और जोहार कहा है. अपने सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि करम पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और जीवनशैली का प्रतीक है. यह पर्व भाई-बहन के अटूट बंधन, सामाजिक समरसता तथा प्रकृति के प्रति हमारी गहरी आस्था और कृतज्ञता को दर्शाता है. हमारे पूर्वजों की ओर से हमें दिया गया यह अद्वितीय उपहार है. इस दिन पूजा कर हम सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और स्वस्थ समाज की मंगलकामना करते हैं. मुख्यमंत्री ने कहा है कि जल, जंगल, माटी और जीव-जंतुओं से हमारा जीवन गहराई से जुड़ा हुआ है. करम पर्व हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन और समाज के सतत विकास का संदेश देता है. आइए, इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर अपने रीति-रिवाजों, परंपराओं को सहेजने, समाज को सशक्त बनाने और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें. आप सभी का जीवन सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली से परिपूर्ण हो, यही कामना करता हूं.

वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रकृति महापर्व करमा पूजा की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है. मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह पर्व आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और प्रकृति के प्रति गहरे जुड़ाव का प्रतीक है. करमा पूजा हमें पेड़-पौधों, जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संदेश देती है. आइए, इस पावन अवसर पर हम सब आदिवासी समाज की जीवनशैली और उनके प्रकृति-प्रेम से प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संकल्प को मजबूत करें. करमा महापर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए, ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं.

## बिहार विस चुनावः महागठबंधन में झामुमो की भी हिस्सेदारी तय

**शुभम संदेश। रांची**

इसी साल होने जा रहे बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सहमति बन गई है. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस पर अंतिम मुहर लगा दी है. झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की बिहार इकाई ने शुरू में 16 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अब संभावना है कि पार्टी कम से कम 12 सीटों पर मैदान में उतरेगी. इनमें से 8 सीटों पर झामुमो का मजबूत जनाधार बताया जा रहा है.

हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के समापन कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भाग लिया था. पटना प्रवास के दौरान उन्होंने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से मुलाकात की थी. इसी बैठक में सीट बंटवारे पर सहमति बनी और आगे की रणनीति तय हुई. झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता एवं केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने कहा कि महागठबंधन में पार्टी की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो गई है.

उन्होंने बताया कि झामुमो ने विधानसभा चुनाव के लिए 12 सीटों की सूची सौंपी है और राजनीतिक क्षमता के अनुरूप सम्मानजनक समझौता हुआ है. सीट शेयरिंग को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई है और अब सिर्फ आधिकारिक घोषणा का इंतजार है.

**झामुमो पूरी मजबूती के साथ महागठंधन के साथः** झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी पूरी तरह बिहार में महागठबंधन के साथ खड़ी रहेगी. हमारे नेता बिहार में अपनी सीटों के साथ-साथ साथी दलों को भी जिताने के लिए जी जान लगा देंगे. उन्होंने दावा किया बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के बाद नीतीश कुमार सरकार का जाना पक्का हो गया है.

**पटना भी गए सीएम हेमंत सोरेनः** सीएम हेमंत सोरेन ने पटना की रैली में भाजपा समेत पूरे एनडीए को जम कर लताड़ा था. उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी को एसआईआर कराना ही है, तो पहले दिल्ली की छोड़ दें. एसआईआर हो जाए, उसके बाद चुनाव हो, जो जीते उसकी सरकार बने.

सूर्या हांसदा एनकाउंटर केस में बढ़ी बात

## एनएचआरसी सख्त, डीसी और एसपी से 4 हफ्ते में रिपोर्ट तलब



**शुभम संदेश। रांची**

सूर्या हांसदा एनकाउंटर केस में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सख्त रुख अपनाते हुए गोड्डा के डीसी और एसपी से चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तलब की है. यह कार्रवाई आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता द्वारा आयोग में दायर शिकायत पर की गई है. आयोग की इस सक्रियता से पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद जगी है.

**आयोग ने माना गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनः** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता में सुनवाई करते हुए शिकायत में लगाए गए आरोपों को मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना है. आयोग ने इस मामले में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत संज्ञान लिया है और आवश्यक कार्रवाई की शुरुआत कर दी है.

**शिकायत के आधार पर आयोग की कार्यवाहीः**

- 20 अगस्त 2025 : आजसू नेता संजय मेहता ने एनएचआरसी में शिकायत दर्ज की.
- 27 अगस्त 2025 : आयोग ने शिकायत को संज्ञान में लिया.
- 29 अगस्त 2025 : आयोग ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया. महानिदेशक (जांच) को पत्र भेजा गया.
- 02 सितंबर 2025 : गोड्डा के डीएम और एसपी को नोटिस जारी, 4 सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) मांगी गई.

**मुठभेड़ की रिपोर्ट समय पर क्यों नहीं दी गई?** आयोग ने गोड्डा पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मुठभेड़ की सूचना आयोग को निर्धारित समय सीमा में क्यों नहीं दी गई. यह आयोग की गाइडलाइंस का उल्लंघन माना जा रहा है, जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक से जवाब मांगा गया है.

### खत्म हुआ सस्पेंस घाटशिला से सोमेश सोरेन ही लड़ेंगे चुनाव

**रांची।** झामुमो ने अटकलों को खत्म करते हुए साफ कर दिया है कि घाटशिला उपचुनाव में स्व. रामदास सोरेन के बेटे सोमेश सोरेन ही पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार होंगे. इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी.


### AFFIDAVIT

I **Pradeep Kumar Singh**, S/o Murari Singh, resident of Radhikanagar, Khadangajhar, Telco, P.O. & P.S. Telco, Town Jamshedpur-831004, District - East Singhbhum, Telco, State Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I am Indian citizen since birth.
2. That I am residing at my above noted residence with my family members.
3. That **Khushi Singh** is my own daughter, **Muskan Singh** is my own daughter and **Prateek Singh** is my own son studying in **Shiksha Niketan**, Telco vide Admission No. (**Khushi Singh** Admission No. 317/17 and Admission No. of **muskan Singh** 413/17, Son **Prateek Singh** Admission No. 242/22) respectively studying in class IXC, **muskan singh** class VIth and **prateek Singh** class-1 in **Shiksha Niketan**).
4. That my wife's name **Anita Devi** was wrongly mentioned by me during my daughter's **Khushi Singh** admission, my daughter **muskan Singh** admission and my son's **Prateek Singh's** admission in class (**Khushi Singh** in class1, **muskan Singh** in class Nursery and **Prateek Singh** in class Nursery).
5. That my wife's actual and correct name is **Anita Singh (Aadhar Card No. 576031597596)**
6. That at present all relevant documents bear the name **Anita Singh** which is actual and correct name.
7. That I state that **Anita Devi** and **Anita Singh** is the name of same and one person that is my wife.
8. I am getting a public notice published to this effect in newspaper.
9. That I am executing this declaration to be submitted to the concerned authorities for the change of my wife's name from **Anita Devi to Anita Singh.**

Affidavit No.: 10, Dated : 01.09.25


## रघुवर दास का तंज : यू टर्न सरकार! हेमंत ने हमारी नीतियों की ओर लौटना शुरू किया

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यू टर्न सरकार! लौट कर बुद्धू घर को आए वाली कहावत हेमंत सरकार पर पूरी तरह लागू होती है.



पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार बार-बार उन्हीं नीतियों को लागू करने पर मजबूर हो रही है, जिन्हें पहले बदलकर खुद नई नीति पेश की थी. उन्होंने जेएसएससी की परीक्षा पद्धति का उदाहरण देते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने पहले उनके कार्यकाल के दो चरणों (पीटी और मेंस) वाले पैटर्न को खत्म कर केवल एक चरण में परीक्षा कराने का निर्णय लिया, लेकिन अब उसी पुराने पैटर्न को फिर से लागू करना पड़ रहा है.

रघुवर दास ने स्थानीय नीति और शराब नीति को लेकर भी मौजूदा सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि चुनाव के समय हेमंत सोरेन ने हमारी स्थानीय नीति की आलोचना की थी और उसे बड़ा मुद्दा बनाया था. लेकिन अब सरकार खुद मान रही है कि वही नीति सही थी. इसी तरह शराब नीति को भी हमारी ही योजना के आधार पर लागू किया गया. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन ने बदले की भावना से हमारी हर अच्छी नीति-नियमावली को बदल दिया, लेकिन अब धीरे-धीरे यह साफ हो रहा है कि हमारी नीतियां ही राज्यहित, जनहित और युवाओं के भविष्य के हित में थीं.

झारखंड जेएसएससी स्नातक परीक्षा की नई नियमावली लागू हुई

## दो चरणों में होगी परीक्षा, कट-ऑफ मार्क्स और सिलेबस तय

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की स्नातक स्तरीय परीक्षाओं के लिए नई नियमावली को मंजूरी दे दी है. मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में "स्नातक स्तर तकनीकी या विशिष्ट योग्यता वाला पद, संचालन (संशोधन) नियमावली 2025" को स्वीकृति दी गई. इसके तहत अब परीक्षा दो चरणों, प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में आयोजित की जाएगी. नए नियमों के अनुसार, यदि किसी भर्ती प्रक्रिया में 50,000 से कम आवेदन प्राप्त होते हैं, तो प्रारंभिक परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी. इसके अलावा सभी वर्गों के लिए कट-ऑफ अंक भी निर्धारित कर दिए गए हैं:

- सामान्य वर्ग के लिए कट-ऑफ 40%, एससी-एसटी के लिए 32%
- 50 हजार से कम आवेदन पर नहीं होगी प्रारंभिक परीक्षा
- झारखंड से संबंधित सामान्य ज्ञान और राज्य विशेष विषय भी होंगे सिलेबस में शामिल

### निर्धारित न्यूनतम कट-ऑफ मार्क्स

| वर्ग | न्यूनतम प्रतिशत |
|---|---|
| अनारक्षित व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) | 40% |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / महिला | 32% |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-1) | 34% |
| पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) | 30.5% |
| आदिम जनजाति | 30% |

### परीक्षा सिलेबस का विस्तृत विवरण

**1. सामान्य ज्ञान:**
झारखंड, भारत और पड़ोसी देशों से जुड़े प्रश्न
सम-सामयिक घटनाएं, विज्ञान, पुरस्कार, भारतीय भाषाएं, खेल, इतिहास, भूगोल, स्वतंत्रता आंदोलन, संविधान, पंचायती राज, योजनाएं इत्यादि

**2. झारखंड विशेष:**
झारखंड का भूगोल, इतिहास, भाषा-संस्कृति, खनिज, उद्योग, आंदोलन में योगदान, प्रसिद्ध व्यक्ति और राज्य की योजनाएं

**3. सामान्य गणित (मैट्रिक स्तर):**
अंकगणित, बीजगणित, ज्यामिति, त्रिकोणमिति, क्षेत्रमिति

**4. सामान्य विज्ञान:**
दैनिक जीवन से जुड़े सामान्य विज्ञान के प्रश्न

**5. मानसिक क्षमता जांच:**
शाब्दिक व गैर-शाब्दिक तर्क, सादृश्य, विश्लेषण, कोडिंग-डिकोडिंग, अंकीय तर्क शक्ति, आदि

### नियमावली की खास बातें

- मुख्य परीक्षा के लिए चयन, प्रारंभिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा
- कुल रिक्तियों के 15 गुणा अभ्यर्थियों की मेधा सूची तैयार की जाएगी
- यदि किसी वर्ग के उम्मीदवारों की संख्या कम हुई तो अतिरिक्त उम्मीदवारों को मौका मिलेगा
- कट-ऑफ अंक बराबर होने पर सभी योग्य उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा

इस नई नियमावली का उद्देश्य चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, संगठित और प्रतिस्पर्धात्मक बनाना है, ताकि सभी वर्गों को न्यायसंगत अवसर मिल सके.



दूसरी बार मां बनीं अभिनेत्री गौहर खान, बेटे को दिया जन्म


https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






पेज 07

रांची, गुरुवार 04 सितंबर 2025 I भद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 148 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

# सदर अस्पताल : इलाज में बड़ा बदलाव, मरीज संतुष्ट, परिजन खुश

## डीसी आदित्य रंजन की कोशिशों का दिखने लगा असर

अमित सिन्हा I धनबाद

सदर अस्पताल द्वारा जारी आंकड़ों पर आंख बंद कर विश्वास नहीं करते हुए शुभम संदेश की टीम बुधवार को सदर अस्पताल पहुंची. असल में देखना ये था कि वाकई सदर अस्पताल में कुछ बदलाव हुआ है कि या फिर सब हवाहवाई है. टीम लगभग 11 बजे सदर अस्पताल पहुंची और फिर यहां जो कुछ भी दिखा, पेश है रिपोर्ट

**व्यवस्थित लाइन और बारी का इंतजार :** रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लेकिन व्यवस्थित लाइन लगी थी. लाइन में लगे महिला-पुरुष अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे. कोई धक्का-मुक्की जैसे हालात नहीं थे. पहली बार आने वाले मरीजों के मोबाइल में आभा एप डाउनलोड कराने में सहायता के लिए दो महिला कर्मी जुटी थीं. यहां भी काफी भीड़ थी. महिला स्वास्थ्य कर्मी शांति के साथ पहली बार पहुंचे मरीजों के मोबाइल में आभा एप डाउनलोड कर उनका रजिस्ट्रेशन कराने में मदद कर रही थीं. मरीज भी स्वास्थ्य कर्मियों की बातों को मान रहे थे और बिना कोई शोर-शराबा के सारे काम चल रहे थे. वहीं ओपीडी में चिकित्सकों की टीम मरीजों को देख रही थी.





## अस्पताल की हकीकत, मरीजों की जुबानी



**जच्चा बच्चा दोनों तंदरुस्त :** झरिया के घनुडीह से आए राजू कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी का प्रसव 21 अगस्त को सदर अस्पताल में हुआ था. प्रसव के दौरान डॉक्टर एवं नर्स ने अच्छे से नॉर्मल डिलेवरी कराई. जिससे जच्चा और बच्चा दोनों तंदरुस्त है. उन्होंने बताया कि पत्नी का दर्द बढ़ने पर वह अचानक यहां लेकर आए. यहां आकर देखा कि यहां की व्यवस्था बहुत अच्छी है. वह संतुष्ट हैं.




**अस्पताल की व्यवस्था अच्छी :** भूली के आजाद नगर से आए मो असलम खान ने बताया कि उनके हाथ में झनझनाहट की शिकायत है. जिसे दिखाने वह अस्पताल आए. डॉक्टर ने काफी अच्छे से देख कर उन्हें कुछ जांच कराने को कहा. सभी जांच सदर अस्पताल में ही मुफ्त हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि वह पहली बार यहां आए हैं लेकिन अस्पताल की व्यवस्था से वह काफी खुश हैं.



**अस्पताल में बड़ा बदलाव हुआ :** धनबाद के हिल कॉलोनी से आए जयराम सिंह अपने 16 वर्षीय बेटे उत्सव सिंह को दिखाने आए हैं. उत्सव को बुखार के साथ सर्दी एवं खांसी है. जयराम ने कहा कि डॉक्टर से दिखाने के बाद वह जांच कराने की प्रतीक्षा कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि वह पहले भी कई बार आए हैं. इलाज की व्यवस्था में हर बदलाव मरीजों को राहत दे रहा है. . उन्होंने कहा कि अभी कुछ और तरह की जांच की व्यवस्था भी होनी चाहिए.



**सेंट्रल अस्पताल छोड़ सदर आए हैं :** कोयलानगर से आए बुजुर्ग बीके सिंह ने बताया कि वह बीसीसीएल के सेवानिवृत कर्मचारी हैं. उनका सेंट्रल अस्पताल में भी इलाज होता है. लेकिन वह सेंट्रल छोड़कर सदर अस्पताल में अपने दांत का इलाज कराने आए हैं. यहां की व्यवस्था देखकर उन्होंने कहा कि अब सदर अस्पताल में बहुत बेहतर इलाज हो रहा है. भीड़ होने के बावजूद सभी को बहुत अच्छे ढंग से इलाज की सुविधा मिल रही है.



**एसएनएमएमसीएच के डाक्टर लापरवाह :** पॉलीटेक्निक के पास से आए मरीज को दिखाने उनके साथ आए एक मित्र साधु शरण पासवान ने बताया कि सदर अस्पताल में बड़ा बदलाव हुआ है. वह पहले एसएनएमएमसीएच जाते थे लेकिन वहां के डॉक्टर अब लापरवाह हो गए हैं. सदर अस्पताल में सारी व्यवस्था सराहनीय है.

## सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ मंगेश तथा डॉ ईपिल टोपनो |
| हड्डी रोग | - | डॉ हरेंद्र कुमार |
| फिजिशियन | - | डॉ शिवांश सिन्हा |
| सर्जरी | - | डॉ संजीव गोलाश |
| नेत्र रोग | - | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | - | डॉ स्नेहा केशरी |
| शिशु रोग | - | डॉ उमेन्द्र कुमार |
| मनोरोग | - | डॉ संजय कुमार |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ संध्या तिवारी |
| फिजियोथेरेपी | - | -- |
| ईएनटी स्पेशलिस्ट | - | -- |
| **गायनी इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ विश्वा भारती |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ सुमन |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ पीपी पांडेय |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ शीला |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मासूम आलम |

## ब्रीफ खबरें

### केके सिंह करेंगे कंपनी कल्याण बोर्ड का प्रतिनिधित्व

**धनबाद ।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के कंपनी कल्याण बोर्ड में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ का नया प्रतिनिधि कुसुंडा के कृष्ण कुमार सिंह को बनाया गया है. संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने इस बाबत सूचना जारी करते हुए कहा है कि गंगा सागर राय के स्थान पर कृष्ण कुमार सिंह को नवीन प्रतिनिधि बनाया गया है. संबंधित सूचना कोल इंडिया समेत संघ के वरीय अधिकारियों को भेजी गई है.

### बासदेवपुर कोलियरी में सर्विस वैन से बैटरी चोरी

**लोयाबाद।** बासदेवपुर कोलियरी में मंगलवार रात बैटरी चोरी का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार, निचितपुर कोलियरी से कार्य करने आई सर्विस वैन का दरवाजा रात में खुला रह गया था. इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसमें लगी एक बैटरी निकाल ली. बुधवार सुबह जब कोलियरी गार्ड ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया तो चोरी गई बैटरी बासदेवपुर सात नंबर इंक्लाइन के पास झाड़ियों में फेंकी हुई बरामद की गई. बताया गया कि इससे पूर्व भी 22 अगस्त को बासदेवपुर कोलियरी की एक सर्विस वैन से बैटरी चोरी की घटना हुई थी, जिसकी शिकायत कोलियरी प्रबंधन द्वारा लोयाबाद थाना में दर्ज कराई गई थी. हालांकि इस बार की घटना को लेकर अभी तक थाना में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है. चोरी की दोहराती घटनाओं से कोलियरी प्रबंधन और कर्मचारियों में चिंता का माहौल है.

# भूमि विवाद के कारण छह सड़कों के निर्माण में देर

## ग्रामीण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने उपायुक्त को बताई वजह

शुभम संदेश। धनबाद

जिले के विभिन्न प्रखंडों में छह सड़कों के निर्माण में देरी का कारण भूमि विवाद है. जिसे लेकर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता ने उपायुक्त को जानकारी दी है. बता दें कि पिछले दिनों हुई बैठक में डीसी ने सख्त चेतावनी दी थी कि विकास के जिस कार्य में ठेकेदार द्वारा देरी की जा रही है. उस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करें. उपायुक्त के निर्देश के बाद अभियंता ने देरी का कारण स्पष्ट किया है. ग्रामीण कार्य विभाग के धनबाद मंडल ने कई सड़क निर्माण परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद के कारण हुई देरी की सूचना दी है. कार्यपालक अभियंता द्वारा उपायुक्त को लिखे गए पत्र के अनुसार, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और डीएमएफटी योजनाओं के तहत चल रहे कई परियोजनाओं के विभिन्न खंड प्रभावित हुए हैं.

विवादित भूमि गोविंदपुर और तोपचांची जैसे ब्लॉकों में फैली हुई है, जिनमें विशिष्ट खंड चिह्नित किए गए हैं. गोविंदपुर में नगरकियारी से बदाही तक सड़क (7.30 किमी) चेनेज 5624-5733 मीटर के बीच, और रतनपुर से छाताटांड़ तक सुदृढीकरण परियोजना (2.40 किमी) चेनेज 200-300 मीटर के बीच विवाद में है. तोपचांची में जग्गू मोड़ से दामोदरपुर सड़क (3.45 किमी) चेनेज 3173-3233 मीटर और चितरपुर आरईओ से कतुआबाद तक का मार्ग (3.10 किमी) चेनेज 00-110 मीटर के बीच प्रभावित है. इसके अलावा, कोटालअड्डा से मदनपुर तक 7.73 किमी सड़क चेनेज 326 से 424 मीटर एवं चेनेज 525 से 600 मीटर और निरसा में आरईओ रोड से गोपालपुर तक 1.30 किमी सड़क चेनेज और 850-1300 मीटर के बीच विवादित है. कार्यपालक अभियंता ने 28 अगस्त की बैठक के निर्देशों के बाद उपायुक्त से इन भूमि विवादों को सुलझाने की मांग की है. इन परियोजनाओं के समय पर पूर्ण होने के लिए इस समाधान की आवश्यकता है.



## सड़क निर्माण पर विवाद

### चीनपुन से गेंदनवाडीह सड़क निर्माण कार्य का जताया विरोध

**गोमो।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत चीनपुन से मझली गौड़ा होते हुए गेंदनवाडीह तक ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल, धनबाद द्वारा प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य विवादों में घिर गया है. इस परियोजना की अनुशंसा स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा की गई थी, परंतु निर्माण क्षेत्र में निजी (रैयत) भूमि शामिल होने के कारण भू-स्वामियों ने विरोध जताया है.

ग्रामीणों का आरोप है कि योजना को ठेकेदार केंद्रित बनाकर बिना समुचित सर्वेक्षण के तैयार किया गया है. भू-स्वामी अर्जुन महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर लाल झंडा और सरकारी कार्य वर्जित का बोर्ड लगाकर काम रोक दिया. उनका कहना है कि निर्माण नक्शे में बन क्षेत्र और निजी जमीन को भी शामिल कर लिया गया है, जिसके लिए न तो स्वीकृति ली गई और न ही मुआवजा प्रक्रिया अपनाई गई. भू-स्वामी अर्जुन महतो ने बताया कि उन्होंने कार्यपालक अभियंता को पहले ही आपत्ति पत्र सौंपकर जांच की मांग की थी, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की. बिना स्थलीय जांच के टेबल पर योजना बनाकर निविदा जारी कर दी गई, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई. ग्रामीणों का कहना है कि कार्यपालक अभियंता को स्वयं मौके पर आकर यह स्पष्ट करना चाहिए था कि किन-किन जमीनों पर निर्माण की स्वीकृति (एनओसी) ली गई है. कार्य बाधित होने के कारण ठेकेदार को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जबकि विभाग इस मामले में मौन साधे हुए है. विरोध के बीच भूमि स्वामियों को मनाने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन वे अपनी जमीन पर बिना सहमति कार्य की इजाजत देने को तैयार नहीं हैं.



# फूड प्वाइजनिंग से पिता-पुत्र की मौत

## पांच लोग इलाजरत

शुभम संदेश। बोकारो



बालीडीह ओपी क्षेत्र स्थित मानगो करमांगोड़ा में फूड प्वाइजनिंग से दो लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, परिवार के सदस्यों ने सोमवार रात भोजन में चावल, दाल, साग तथा आलू-करेले की भुजिया खाई थी. खाना खाने के कुछ ही देर बाद सभी में उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी. सभी को रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान परिवार के मुखिया लोबन मुर्मू और बाद में उनके पुत्र नरेश मुर्मू की मौत हो गई. हालत गंभीर होने पर अन्य सदस्यों को सदर अस्पताल रेफर किया गया. इनमें गृहिणी दुलारी देवी, वकील मुर्मू, सोबती मुर्मू, सुहागी मुर्मू और डेढ़ वर्षीय अरुण मुर्मू शामिल हैं. कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. चिकित्सक अरविंद कुमार ने बताया कि लक्षण प्रथम दृष्टया फूड प्वाइजनिंग की ओर इशारा करते हैं. असली वजह सैंपल जांच से स्पष्ट होगी. वहीं, गांव के मुखिया रामलाल मांझी ने बताया कि सबसे पहले नरेश मुर्मू की तबीयत बिगड़ी और धीरे-धीरे पूरा परिवार प्रभावित हो गया. आनन-फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन पिता-पुत्र की जान नहीं बचाई जा सकी.

## सीआईएल की बैठक में ठीका श्रमिकों पर फैसले

**धनबाद (शुभम संदेश)।** सीआईएल के निदेशक मंडल ने 481 वीं बैठक में सीआईएल और इसकी अनुषंगी कंपनियों के ठेका श्रमिकों के लिए लागू वैधानिक प्रावधानों और मौजूदा गैर-वैधानिक लाभों के अतिरिक्त लाभों को तत्काल प्रभाव से लागू करना स्वीकृत किया है. इनमें सभी पात्र ठेका श्रमिकों को भारत सरकार द्वारा निर्मित योजनाओं के अंतर्गत नामांकित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शिविरों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाना है. इनमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,भारतीय डाक दुर्घटना बीमा,. आवास सुविधा, ओडिशा, मध्य प्रदेश आदि जैसे विभिन्न राज्यों ने विभिन्न श्रेणियाँ अर्थात अकुशल और अर्धकुशल के साथ कुशल और उच्च कुशल में स्थानीय लोगों की नियुक्ति को अनिवार्य करने के लिए आदेश जारी किए हैं.

## दुमका डबल मर्डर कांड

# रांची से आई विशेष टीम ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

शुभम संदेश। दुमका

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंदरा फलान गांव में सोमवार की रात हुए डबल मर्डर कांड में बुधवार को रांची से आई विशेष टीम ने संपूर्ण घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा वहां से रक्त सहित अन्य सैंपल एकत्र किए. यह टीम कांड के अनुसंधानकर्ता अवर निरीक्षक आनंद हेंब्रम के साथ घटनास्थल पर पहुंची थी. टीम के पदाधिकारियों ने अपना नाम बताने से इनकार किया और केवल इतना कहा कि वे विशेष जांच दल के सदस्य हैं. उन्होंने बताया कि अनुसंधान में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए, इसलिए हर बिंदु पर जांच की जा रही है. इधर, शिकारीपाड़ा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित लकड़ा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रहा है.

# रिश्वत लेते दो बीसीसीएल कर्मी चढ़े सीबीआई के हत्थे

- धौड़ा इंचार्ज ने एनओसी के लिए मांगे थे बीस हजार

## ग्रेच्यूटी के रकम की भुगतान के लिए धौड़ा इंचार्ज देते हैं एनओसी

शुभम संदेश। झरिया

लोदना क्षेत्र संख्या 10 के लोदना कोलियरी कार्यालय में बुधवार को सीबीआई ने छापा मारकर दो कोलकर्मी को रंगेहाथ पकड़ा. सीबीआई के डीएसपी बीके पाठक की टीम ने छापेमारी की.सीबीआई टीम दो दिन पहले से जाल बिछा रही थी. इस जाल में राजकुमार सिंह धौड़ा सुपरवाइजर और उनके सहयोगी रामाश्रय पाल गड़ेरिया फंस गए.

बता दें कि जगदीश साव डंपर ऑपरेटर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और उनका क्वार्टर भागा पांच नंबर में स्थित है.वे ग्रेच्युटी भुगतान के लिए धौरा सुपरवाइजर से एनओसी के लिए दौड़ रहे थे. धौरा सुपरवाइजर के द्वारा 20000 रुपए की मांग की गई थी. साव ने उन्हें कुछ पैसा दिए थे परन्तु राजकुमार सिंह बीस हजार से नीचे काम नहीं कर रहे थे.अंत में जगदीश साव सीबीआई को शिकायत कर दिए और सीबीआई की टीम ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया. सीबीआई आरोपी राजकुमार सिंह के घर बनियाहिर भी उनको लेकर गई. उनके घर को भी सीबीआई ने खंगाला. सीबीआई के अनुशंसा पर पीओ अभिजीत कुमार ने दोनों कोलकर्मी को सस्पेंड करने के लिए चिट्ठी निर्गत कर दी है. सीबीआई गहन पूछताछ में जुटी है. देर रात तक दोनों से जेलगोरा गेस्ट हाउस में सीबीआई की टीम पूछताछ कर रही थी.




## आधार कार्ड, पैन कार्ड बनाकर देश में घुसपैठियों को नौकरी दिलाने वाले गैंग का हुआ था भंडाफोड़

# मुनिडीह में हत्थेचढ़े घुसपैठियों को भेजा जा रहा बांग्लादेश

## मुनिडीह क्वार्टर से पकड़े गए चार घुसपैठियों को किंगपिन जा चुका है जेल, जांच बढ़ेगी तो कई आएंगे जद में

शुभम संदेश। पुटकी

बंगलादेशी घुसपैठियों को फर्जी तरीके से पनाह देकर देश में मजदूरी कराने वाले बंगाल के उत्तम कुमार सिन्हा को पकड़ने में मुनिडीह पुलिस ने बड़ी सफलता अर्जित की. लेकिन न्यायालय की लंबी प्रक्रिया को देख पुलिस पकड़े गए बंगलादेशी चार घुसपैठी को वापस उनके देश बॉर्डर पार करने की तैयारी में जुटी है. मुनिडीह पुलिस ने बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ को पूर्व में ही ऑनलाइन सूचना दे दी है. बुधवार को घुसपैठियों को लेकर पुलिस बंग्लादेश बॉर्डर की ओर रवाना हो गयी है. बॉर्डर पर घुसपैठियों को बीएसएफ को सौंपेगी. बता दें कि पुलिस ने सबसे पहले चार बंगलादेशी मजदूरों को ही गुप्त सूचना के आधार पर मुनिडीह क्वार्टर में छापेमारी के बाद पकड़ा था. छापेमारी के क्रम में एक विदेशी भाग निकला था. पकड़े गए चार विदेशियों से पूछताछ में उत्तम का नाम सामने आया. जो जतूडीह कॉलोनी के अंतिम छोरवाले क्वार्टर में रहता था. घर का दरवाजा बंद ही रखता था. पूछने पर झरिया में व्यवसाय करने की बात बताता था.पुलिस के हत्थे चढ़ने पर सारे भेद खुल गए. सलाई पहाड़ी,बांकुड़ा का रहनेवाले उत्तम ने धनबाद को मुख्य सेंटर बना रखा था. मुनिडीह से पहले वह भूली में रहता था. पुलिस ने इसके पास से विदेशी बंगलादेशी आई कार्ड,पासपोर्ट जेरोक्स,भारत का आधार,पैन कार्ड, बंग्लादेश का टका,बहरीन का दीनार ,मसूद राणा के नाम का आई डी,मोटरसाइकिल के अलावे कई अन्य नामों का देश का फर्जी व विदेशी कागजात बरामद किया व धनबाद जेल भेज दिया. उत्तम जाली नोट के धंधे में भी जेल जा चुका है.

### 30-50 हजार कमीशन पर धंधा

बंगलादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर देश में शरण देने में पश्चिम बंगाल प्रदेश का गिरोह सक्रिय है. बॉर्डर पार कर भारत में प्रवेश करने के बाद दलालों के खेल शुरू होता है.बंगाल के आसनसोल ,दुर्गापुर के दलाल विदेशियों को बांकुड़ा के उत्तम को 30 से 50 हजार कमीशन का लालच देकर थमा देते थे. उत्तम विदेशियों को बीसीसीएल के मुनिडीह, भूली के खाली पड़े क्वार्टरों में आसानी से रखता था.धनबाद के साइबर सेंटर से आधार, पैन कार्ड बनवाकर इन्हें भारतीय नागरिक का रूप प्रदान करवाता था. कार्ड के आधार पर मजदूरों को कही भी आसानी से काम मिल जाता था. पुलिस ने गुप्त सूचना पर इस गिरोह के सरगना व चार घुसपैठियों को पुलिस ने पकड़ लिया. सरगना को तो जेल भेज दिया पर घुसपैठियों को जेल भेजने के बदले उनके देश वापस भेजने की तैयारी की जा रही है.

# बंद आवास से मिला बीसीसीएल कर्मी का शव, क्षेत्र में सनसनी

शुभम संदेश। झरिया

बीसीसीएल कर्मी विवेक यादव का शव बुधवार को लोदना मछली पट्टी के बन्द आवास से मिला. शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई. सूचना मिलने के बाद विवेक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए. सूचना पर लोदना ओपी प्रभारी गौरव कुमार मौके पर पहुंचे और घटना कि जानकारी ली.

घटना को लेकर लोग तरह तरह-तरह के कयास लगा रहे है. मृतक विवेक कि पत्नी बिहार खगड़िया में रहती है. वह लोदना श्रमिक कल्याण धौड़ा का रहने वाला था और बस्ताकोला क्षेत्र के घनुडीह में कार्यरत था. उसके रिश्तेदार भाई राहुल कुमार यादव ने लोदना ओपी में विवेक यादव की गुमशुदगी का आवेदन 30 अगस्त को दिया था. जिसमें लिखित रूप से कहा गया है कि 29 अगस्त की देर शाम लोदना बाजार जाने की बात कहकर विवेक घर से निकला था. लेकिन वह घर नहीं लौटा. संभावना जतायी जा रही है कि उसी रात हत्या कर दी गई है.

जिस बन्द घर में शव पाया गया है वह पिछले दस वर्षो से बंद पड़ा था. बाहर से ताला लगा हुआ था. पुलिस ताला तोड़कर अन्दर प्रवेश किया. अब सवाल उठता है कि आखिर विवेक बंद कमरे के अन्दर कैसे पहुंचा. शव पर कोई चोट के निशान नहीं है. शरीर में कीड़े लग गए है और शव से दुर्गंध आ रही थी.

जोडापोखर इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने कहा कि हत्या हुई हैं या नहीं यह जांच का विषय है. मृतक के मोबाइल फोन के सीडीआर से कई राज खुलेगा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.



## ब्रीफ खबरें

### बाइक और टाटा मैजिक की टक्कर कई घायल, एक की स्थिति नाजुक

**पंचेत ।** पंचेत ओपी अंतर्गत बेलडंगाल सिद्धू कान्हू चौक के समीप टाटा मैजिक एवं बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी की दोनों ही वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. सूचना पाकर पंचेत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को पंचेत हिल अस्पताल में भर्ती कराया. जहां बाइक सवार डूमरकुंडा निवासी युवक की स्थिति गंभीर देखते हुए तत्काल धनबाद रेफर कर दिया गया है. टाटा मैजिक पर सवार मजदूर ने बताया हम लोग पश्चिम बंगाल ग्राम मुरलिया थाना सातुरी निवासी है. पिकअप वैन में कुल 18 मजदूर सवार थे. उन्होंने यह भी बताया दुर्घटना के बाद चालक मौका देखकर फरार हो गया.

### देबियाना जंगल से 109 टन अवैध कोयला जब्त

**निरसा बाजार।** निरसा थाना क्षेत्र के देबियाना गांव के पीछे जंगल में मंगलवार देर रात सीआईएसएफ और ईसीएल सिक्योरिटी टीम की संयुक्त छापेमारी में 109 टन अवैध कोयला जब्त किया गया. कोयला चोर मौके से फरार हो गए. बरामद कोयले को ईसीएल के कोल डिपो में जमा कराया गया.बताया गया कि कोयला सीमेंट की बोरियों में भरकर पंचायत सचिवालय के पीछे झाड़ियों में छिपा कर रखा गया था. यह कोयला चापापुर ओसीपी और आसपास की अवैध खदानों से निकालकर लाया गया था. गिरोह द्वारा ग्रामीणों को साइकिल और बाइक किराये पर देकर कोयला ढुलाई कराई जाती है. स्थानीय लोगों के अनुसार, तीन दिन से भट्ठे बंद होने के कारण कोयले का स्टॉक जमा हो गया था.

### सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर गोपाल राय को बधाई

**निरसा बाजार।** घटवार घटवाल आदिवासी महासभा की ओर से गोपाल राय को निरसा प्रखंड का सांसद प्रतिनिधि बनने पर सम्मानित एवं बधाई दी गई. कार्यक्रम की शुरुआत में महासभा के सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र और बुक्के भेंट कर सम्मानित किया. सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश करेंगे. साथ ही निरसा प्रखंड की हर समस्या को सीधे धनबाद सांसद तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया. सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से बीरबल घटवाल, सपन राय, विशु राय, अखिलेश सिंह, शंकर राय आदि शामिल थे.

### शांति समिति की बैठक में सामाजिक सौहार्द्र पर चर्चा

**मधुबन।** मधुबन थाना परिसर में बुधवार को मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर बनाए जाने वाले पर्व ईद-ए-मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में आगामी 5 सितम्बर को थाना क्षेत्र से निकलने वाले जुलूस की तैयारियों पर विस्तृत से समीक्षा की गई. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शुभम कुमार ने किया. बैठक सर्वप्रथम शांति समिति और पुलिस जन सहयोग समिति सदस्यों ने बुके देकर स्वागत किया. इसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के गणमान्य लोग, बुद्धिजीवी वर्ग और शांति समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. बैठक में क्षेत्र की विधि-व्यवस्था, आपसी समन्वय और सामाजिक सौहार्द पर विस्तार से चर्चा की गई.

# श्रीनगर पुटकी में सात लाख की चोरी

## बेटी की शादी के लिए बनाए थे गहने, चोर ले गए

**शुभम संदेश। पुटकी**



श्रीनगर पुटकी के बीसीसीएल कॉलोनी में मंगलवार की रात निजी ट्रक चालक महबूब आलम के बंद आवास का ताला तोड़कर चोरों ने 40 हजार रुपये सहित सात लाख रुपये कीमत के गहने चुरा लिए. चोरो ने कॉलोनी के दो और आवासों को भी निशाना बनाया था लेकिन उन घरों में विफलता मिली. वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस कॉलोनी में लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगाल रही है. महबूब सुबह पटना इंटरसिटी तो पत्नी व पुत्री रात गंगा दामोदर ट्रेन से यादवपुर,गोपालगंज के लिए रवाना हुए थे. सुबह घर पहुंचे ही थे कि पड़ोसी ने घर में चोरी की सूचना दी. महबूब ने इकलौती बेटी की शादी के लिए गहना संजोकर रखा था. बेटी की शादी आसनसोल में तय हुई थी. नवम्बर में शादी तय थी. डेट फाइनल करना था. इसके पहले ही घर खाली देख चोर आधी रात घर दरवाजे में लगे दो व अंदर कमरे के एक ताला तोड़ घुस गए. कमरे के आलमारी को तोड़ अंदर रखे सोने के दो गले का सेट, 4 झुमका, कानबाली, चेन, अंगूठी, 4 कान का टॉप्स, पायल व 40 हजार रुपया चुरा ले गए. अपराधी घुसे तो सामने के दरवाजे से, जिसे अंदर से बंद के चोरी को अंजाम देकर पीछे का दरवाजा खोलकर भाग निकले. घटना की सूचना पर पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन घटनास्थल की जांच पड़ताल की.

### बासदेवपुर कोलियरी में सर्विस वैन से बैटरी चोरी

**लोयाबाद (शुभम संदेश)।** बासदेवपुर कोलियरी में मंगलवार रात बैटरी चोरी का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार, निचितपुर कोलियरी से कार्य करने आई सर्विस वैन का दरवाजा रात में खुला रह गया था. इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसमें लगी एक बैटरी निकाल ली. बुधवार सुबह जब कोलियरी गार्ड ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया तो चोरी गई बैटरी बासदेवपुर सात नंबर इंक्लाइन के पास झाड़ियों में फेंकी हुई बरामद की गई. बताया गया कि इससे पूर्व भी 22 अगस्त को बासदेवपुर कोलियरी की एक सर्विस वैन से बैटरी चोरी की घटना हुई थी, जिसकी शिकायत कोलियरी प्रबंधन द्वारा लोयाबाद थाना में दर्ज कराई गई थी. हालांकि इस बार की घटना को लेकर अभी तक थाना में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है. चोरी की दोहराती घटनाओं से कोलियरी प्रबंधन और कर्मचारियों में चिंता का माहौल है.

## शक्ति कॉलेज सिजुआ में करम अखड़ा का आयोजन

# हम प्रकृति के पुजारी : मथुरा महतो

- अंतिम दिन छात्राओं ने उपवास कर पूरे विधि-विधान के साथ करम डाली की पूजा की

**शुभम संदेश। महुदा**





शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में करम परब महोत्सव का समापन बुधवार को हुआ. अंतिम दिन छात्राओं ने उपवास कर पूरे विधि विधान के साथ करम डाली की पूजा की. पाहन हीरालाल संखवार ने सभी छात्राओं को करम पूजन के महत्व से अवगत कराया. उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक सह कॉलेज सचिव मथुरा प्रसाद महतो ने फीता काट कर किया. विधायक ने कहा कि करम महोत्सव प्रकृति का पर्व है.

सभ्यता व संस्कृति को बचाकर रखने की अपील करते हुए कहा कि हम प्रकृति के पूजक हैं एवं प्रकृति से सुख समृद्धि की प्रार्थना करते हैं. विशिष्ट अतिथि डॉ लीलावती कुमारी रसायनशास्त्र विभागध्यक्ष और डीन वीवीएमकेयू ने कहा कि करम हमारी संस्कृति है, महाविद्यालय में इस प्रकार का आयोजन से प्राचीन सभ्यता संस्कृति को जीवंत रखा जा सकता है. अतिथि मुरारी नायक अंचल अधिकारी बलियापुर ने करम परब के महत्व को समझाया एवं प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई की. विशिष्ट अतिथि ममता कुमारी विनोद बिहारी बीबीएम कॉलेज बलियापुर,शंकर प्रसाद शर्मा अधिवक्ता धनबाद कोर्ट, धनेश्वर महतो वाइस प्रेसिडेंट बार एसोसिएशन धनबाद ,वीरेंद्र कुमार एडवोकेट, मधुसूदन महतो प्रशासक रवि महतो उच्च विद्यालय ने सभी छात्राओं को आशीर्वचन दिया. इस दौरान हमारे महाविद्यालय की पूर्व छात्रा मंजू कुमारी एवं उनके माता-पिता को अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया. मंजू ने नीट 2025 की परीक्षा पास कर एसएनएमएमसीउच में दाखिला पाया है. प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने कहा कि महाविद्यालय में पिछले 19 वर्ष से करम महोत्सव का आयोजन करता आ रहे हैं.

पूरे विधि विधान से पूजन के साथ करम नृत्य प्रस्तुत किया जाता है. बीरू महतो झूमर टीम ने माहौल में जोश भर दिया. अखाड़ा में कई टीमों ने भाग लिया. सभी प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. मौके पर प्राचार्य उत्तम कुमार महतो बीबीएम महिला कॉलेज,कार्तिक महतो बीबीएम कॉलेज टुंडी, कैलाश महतो शक्ति स्कूल बलिहारी ,रामेश्वर महतो, गोविंद महतो, श्री रंजीत दसौंधी ग्रामीण फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर कपूरिया,अजीत महतो, मधु मुखर्जी, नरेश महतो, कमल प्रमाणिक, राजीव रंजन सिंह, गोकुल महतो,रेणुका देवी,डॉ अरुण कुमार महतो,प्रो रमेश प्रसाद,प्रो समीर कुमार महतो, प्रो राखोहरी महतो, प्रो मनोज कुमार महतो,प्रो मेघनाथ महतो, प्रो राकेश कुमार महतो,प्रो दिनेश मधेशिया, प्रो राजकुमार प्रसाद , प्रो पंचानन सिंह चौधरी , प्रो शेखर महतो,प्रो चमन महतो ,प्रो राजकुमारी, प्रो प्रियंका कुमारी,इंदु कुमारी, नेहा कुमारी,मोहित कुमार महतो ,जितेंद्र महतो , तेंदुलकर भट्ट, चक्रधर महतो , अभिमन्यु महतो, मोहित महतो,लालू महतो, भुनेश्वर महतो,शांति देवी ,लाजवंती देवी, अनीता देवी,फूल कुमारी,शंकर महतो, प्रदीप महतो, पंकज महतो एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे.

## प्रेम बने पंचायत राज्य विभाग के प्रतिनिधि

**शुभम संदेश। बरवाअड्डा**

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने टाइगर फोर्स के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर उर्फ प्रेम महतो को सिंदरी विधानसभा क्षेत्र एवं पंचायती राज्य विभाग के प्रतिनिधि मनोनीत किये जाने पर बुधवार को बरवाअड्डा किसान चौक में टाइगर फोर्स एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया. कार्यकर्ताओं ने किसान चौक में जमकर आतिशबाजी कर सांसद ढुल्लू महतो, विधायक शत्रुघ्न महतो, सावित्री देवी जिन्दाबाद की नारेबाजी की. इसके बाद प्रेम महतो ने किसान चौक में स्थापित आदमकद किसान के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. जहां सांसद प्रतिनिधि महतो कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा करते हुए अपना ढाबा पहुंचे. उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद ढुल्लू महतो ने जिस विश्वास के साथ सिंदरी विधानसभा क्षेत्र एवं पंचायती राज्य विभाग के लिए प्रतिनिधित्व का दायित्व सौंपे हैं, उस पर पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का प्रयास करूंगा. उन्होंने कहा कि गरीब दलित मजदूरों के हक कि लड़ाई लड़ता रहूंगा. मौके पर गोवर्धन महतो, शंकर महतो, राजेश चौधरी, अंशुतोष रजक, अख्तर अंसारी, सुधीर महतो, सुभाष चन्द्र दास, हुबलाल महतो, मिथलेश दास, अभिषेक विश्वकर्मा, राजेश, विश्वनाथ महतो, राकेश चौधरी, धनंजय महतो, राजकुमार दसौंधी, मुकेश महतो, सागर महतो, इरशाद आलम, सलाउद्दीन अंसारी, करण महतो, रोहित महतो, मंजीत पांडेय, सूरज पांडेय, सुजीत पांडेय, पिंकू महतो, जहीर अंसारी, शुभम हाजरा, तुलसी मंडल, राजकुमार महतो, मनोज मंडल, मनतोष मंडल, शंभू महतो, ओम प्रकाश दास, पप्पू राय, राकेश चौसरिया, प्रफुल्ल महतो, पप्पू अंसारी, एजाज अंसारी, शेरू अंसारी, इब्राहिम, साजिद, अजय महतो, अमन महतो, प्रिंस चौधरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# कतरास क्षेत्रीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

**शुभम संदेश। कतरास**



कतरास क्षेत्रीय चिकित्सालय में रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक राजकुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक मणिकांत पांडे, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आशा कुमारी, क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन) अशोक कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रशासनिक) उमंग ठक्कर तथा यूनियन प्रतिनिधि छोटू सिंह एवं विपिन कुमार राय ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. रानू शुक्ला एवं उनकी टीम जिसमें गिरधर गोपाल ठाकुर, मंजूर अंसारी, अलका सिंह, सुनीता, ममता, खुशबू इक्का, करीना दास, सुरेश गोप आदि शामिल रहे, ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई. कार्यक्रम में कुल 27 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया. इस पुनीत कार्य में डॉ. जे.पी. राय, डॉ. रितेश कुमार पांडे, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. प्रीतम कुमार, चीफ लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्र चंद्र दास, सीनियर फार्मासिस्ट दीपक मिश्रा, ऑडियोमेट्रिक टेक्नीशियन राजीव तिवारी, पर्सनल क्लर्क विवेक हजारी, सिस्टर इंचार्ज मेनोका कर्मकार, नागेश्वर लोहार, राजेश, बाबूलाल दास, अरविंद यादव सहित कई कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था, जिसे सभी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया.

# गोविंदपुर क्षेत्र-3 में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ का आंदोलन

## न्यू आकाशकिनारी कोलियरी के चेक पोस्ट से लेकर भटमुरना मोड़ तक मजदूरों ने निकाली प्रभात फेरी

**शुभम संदेश। कतरास**




गोविंदपुर क्षेत्र संख्या-3 में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ने बुधवार को आंदोलन के तृतीय चरण का कार्यक्रम आयोजित किया. इस अवसर पर न्यू आकाशकिनारी कोलियरी के चेक पोस्ट से लेकर भटमुरना मोड़ तक मजदूरों ने प्रभात फेरी निकाली. प्रभात फेरी की अगुवाई केंद्रीय संगठन मंत्री सुशील कुमार सिंह ने की. कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय पदाधिकारी, डीसीकेएस तथा फेडरेशन के मंत्रियों ने एक स्वर में “कोल इंडिया को बचाने” का संकल्प लिया. इस दौरान संघ ने यह भी संकल्प लिया कि “गली से लेकर दिल्ली तक एक ही नारा गूँजेगा, कोयला उत्पादन हो स्थायी मजदूरों के द्वारा, निजीकरण छोड़ प्रबंधन हमें श्रमिकों को 50% उत्पादन का अवसर दे, कार्यक्रम में पर्यावरण और सेवानिवृत्त कर्मियों के मुद्दों को भी उठाया गया. इस दौरान मजदूरों ने नारा लगाया कि “प्रदूषण से राष्ट्र को बचाना है, कोल इंडिया को सहारा बनाना है, “सेवानिवृत्त कर्मियों का अधिकार, कैशलेस इलाज हर बार और रिटायरमेंट के बाद भी मिले सहारा कैशलेस से इलाज हो हमारा आदि मुद्दों पर नारे लगाए गए. मौके पर श्री कृष्णा कुमार सिंह मंत्री एबीकेएमएस, मुरारी तांती अध्यक्ष डीसीकेएस, सुशील कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष डीसीकेएस, मंतोष कुमार तिवारी उपाध्यक्ष डीसीकेएस, भौमिक महतो संयुक्त महा मंत्री डीसीकेएस, चंद्रशेकर राय प्रभारी गोविंदपुर क्षेत्र, शैलेन्द्र कुमार कार्यकारी अध्यक्ष गोविंदपुर क्षेत्र, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नूनमनी सिंह, कोषाध्यक्ष राखाल रजवार , क्षेत्रीय कल्याण बोर्ड सदस्य चंद्रशेखर महतो,क्षेत्रीय संयुक्त सचिव गजेंद्र कुमार, विजय सिंह , रामबचन पासवान, दिलीप सिंह, घनश्याम यादव, गुलु प्रसाद, मंतोष कुमार तिवारी, श्याम कुमार यादव, प्रदुमन नोनिया, पवन कुमार लोध, संजय कुमार, अशोक कुमार एवं सभी शाखा के प्रभारी, अध्यक्ष एवं सचिव के साथ मातृ शक्ति एवं कार्यकर्ता बंधू उपस्थित रहे. बता दें कि ठेका मजदूरों के लिए किए जाने वाले आन्दोलन का व्यापक समर्थन मिला है. प्रबंधन ने संघ की मांगों पर सकारात्मक परिणाम स्वरूप ठेका मजदूरों के लिए एक एसओपी जारी किया है, जिसमें उन्होंने फ्री इलाज, शिक्षण संस्थान मे ठेका मजदूरों के बच्चों को छूट और कंपनी के सरप्लस आवासों को ठेका मजदूरों को एलाट करना है, ये महत्वपूर्ण बातें एबीकेएमएस के आन्दोलन की देन हैं.

## न्यूज अपडेट

### फुलारीटांड रेलवे लाइन के पास मिला क्षत-विक्षत शव



**मधुबन (शुभम संदेश)।** धनबाद चन्द्रपुरा रेल खंड में स्थित फुलारीटांड़ स्टेशन के सिगनल से बाहर ट्रेक के किनारे क्षत-विक्षत अवस्था में शव पाया गया. शव की पहचान बीसीसीएल कर्मी बेनिडीह निवासी टाइगर भूईया के पुत्र प्रेम कुमार भूईया उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है. सूचना के बाद खरखरी ओपी पुलिस पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा गया. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि स्टेशन से चंद्रपुरा की ओर सिगनल से एक सौ मीटर की दूरी पर एलएप्पी एक्सप्रेस के चपेट में आने से पोल संख्या 21/44 एव 21/46 के बीच व्यक्ति का शव ट्रेक के किनारे तीन टुकड़ो में पड़ा हुआ था. व्यक्ति सफेद शर्ट व ग्रीन टाउजर पहने हुआ था. शव का सिर पूरी तरह कुचला हुआ था. सिर और हाथ एक साथ कटकर नीचे का हिस्सा अलग पड़ा हुआ था. शव की पहचान होने में बहुत ही मुश्किल हो रही थी. एलएप्पी के चालक के द्वारा स्टेशन मास्टर को घटना की जानकारी दी गई. सूचना के बाद आरपीएफ व ट्रेक मैन घटना स्थल पहुँचकर क्षत विक्षत शव के हिस्से हटा कर लाइन को क्लीयर किया गया. घटना कार्य क्षेत्र के बाहर होने को लेकर स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया. सूचना पाकर पुलिस पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर देर शाम को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा गया. मौके पर आरपीएफ कंस्टेबल देव चन्द राजवंशी, खरखरी ओपी के एएसआई अनुप कुमार डुंगडुंग,शिव कुमार पासवान मौजूद थे.

### बोलेरो वाहन से नकली शराब बरामद



**महुदा (शुभम संदेश)।** महुदा पुलिस ने लोहापट्टी मोड़ के समीप मंगलवार की रात जांच के दौरान एक बोलेरो वाहन से 60 लीटर नकली शराब बरामद किया है. पुलिस बोलेरो के चालक को गिरफ्तार कर थाना लायी. चालक ने पुछताछ में अपना नाम दिनेश कुमार साहू बोकारो जिला के दुगदा थाना क्षेत्र अंतर्गत झगराहीबाद ग्राम का निवासी बताया. महुदा पुलिस इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नकली शराब लेकर एक बोलेरो दुगदा की ओर जा रही है. सूचना के आधार पर लोहापट्टी मोड़ में जांच लगाई गई और बोलेरो को पकड़ा. जिसमें जार में भरकर रखे 60 लीटर नकली शराब व खाली बोतल बरामद किया. चालक से पुछताछ के क्रम में उसने बताया कि लोहापट्टी से नकली शराब लेकर दुगदा जा रहा था. वहीं इसे बोतल में भरकर स्टीकर लगाकर दुकान होटल में बेचा जाता है. महुदा पुलिस ने चालक के बयान पर महुदा मोड़ के दो बंद होटलो में छापा भी मारा, परंतु होटल में कुछ नहीं मिला. इस मामले में महुदा पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. बुधवार को चालक पर मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया.

### ट्रांसफार्मर का विधायक ने किया उद्घाटन



**महुदा (शुभम संदेश)।** लालबंगला मोड़ स्थित न्यू कलोनी में बुधवार को 100 केवी के नया ट्रांसफार्मर का बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने उदघाटन किया. इस मौके पर विधायक ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर ट्रांसफार्मर को चालू किया. उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक महतो ने कहा कि कालोनीवासी बहुत दिन से बिजली की समस्या झेल रहे थे, समाधान किया गया. बहुत जल्द ही यहाँ सड़क को भी दुरुस्त कर पेयजल की व्यवस्था की जाएगी. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों का जो भी समस्या है, उसका समाधान करना हमारा कर्तव्य है. मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशुन महतो, हिमांशु शेखर रवानी, घनश्याम महतो, उगा कुमारी, भगतु राय, वासुदेव रजक, रंगलाल रवानी, राजेश यादव, चुनचुन सिंह, रंजीत कुमार झा, धर्मेंदर सिंह, गौतम पाण्डेय, पप्पु यादव, शंकर रजक, हेमलाल महतो, अंजु देवी, मीरा आदि उपस्थित थे.

### निरसा स्वास्थ्य केंद्र को पंडरा स्थानांतरित करने का विरोध शुरू



**निरसा (शुभम संदेश)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव से मिलकर पत्र सौंपा. पत्र में उल्लेख किया गया है कि झारखंड में निरसा क्षेत्र के एक साजिश के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं कुछ राजनीतिक दल से मिलकर निसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बंद कराकर पंडरा में ले जाया गया है. जिसके खिलाफ स्वास्थ्य सचिव को सूचित करने की बात कही. निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो नेशनल हाईवे पर था और थाना के बगल में था किसी प्रकार का एक्सीडेंट होने पर तत्काल इलाज हो जाता था. स्वास्थ्य केंद्र को ले जाने से आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. पंडरा रेफरल अस्पताल मदनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र जयपुर उप स्वास्थ्य केंद्र को भी चालू करने का मांग की गई. निरसा दक्षिण के लोगों को पंडरा रेफरल अस्पताल जाना संभव नहीं है, क्योंकि हमेशा निरसा एमपीएल रोड जाम रहता है.

### कोल स्लरी बिक्री नहीं निकलने पर हड़ताल की चेतावनी

**पुटकी (शुभम संदेश)।** बीसीसीएल प्रबन्धन द्वारा कोल स्लरी बिक्री का ऑफर नहीं निकालने के खिलाफ एटक ने 15 सितम्बर को मुनिडीह कोलवाशरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की घोषणा की है. यूनियन के शाखा सचिव शंकर गोराईं ने इस संदर्भ में वाशरी प्रबन्धन को पत्र लिखा है.आरोप लगाया कि मई महीने में स्लरी लोडरों के हड़ताल से स्लरी उठाव बाधित हुआ. काम शुरू हुआ तो प्रबन्धन ने मिलावटी स्लरी लोडिंग स्थल पर रख दिया. जिसे उठाने से डीओ धारकों ने इंकार कर दिया. इस दौरान उठाव की अवधि समाप्त हो गयी.इधर जुलाई अगस्त माह में प्रबन्धन ने ऑफर ही नहीं निकाला. इस कारण 400 लोडर तो प्रभावित हो ही रहे हैं, बरसात में स्लरी के बहने से कम्पनी को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है.


BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, **RITU RAJ**, aged 26 years son of Kapil Muni, by faith Hindu, residing at Near Ram mandir, Tundi Road, Govindpur. P.S. Govindpur, Distt. Dhanbad, do hereby solemnly affirm on oath and declares as UNDER :-

1. THAT, on the strength of this affidavit I do hereby declares that my True, and Correct name is RITU RAJ, which is duly mentioned in my AADHAR CARD, Bank Pass Book, Pan Card and other relevant documents.
2. THAT, however I am also known by my name of SANTOSH KUMAR, which is my Nick name.
3. THAT, I am affixing my PHOTO on the face of this Affidavit and am swearing this affidavit for confirmation of my above statements for needful.

Affidavit No. 82453 Dt. 03.07.2025

## शादी का प्रस्ताव रखने पर युवक की काटी जीभ

### उग्र परिजनों ने महिला को बनाया बंधक, पुलिस ने छुड़ाया



**शुभम संदेश।दुमका**

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत लता कादर गांव में एक मुस्लिम युवक की जीभ काटे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पीड़ित युवक की पत्नी जैलेनूर बीवी ने थाना में आवेदन देकर छह लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है. जैलेनूर के अनुसार उसका पति लालटू शेख 2 सितंबर 2025 की शाम करीब 6 बजे गोंनपुरा चौक घूमने के लिए घर से निकला था. रात 10 बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसे खोजने निकले. उसी दौरान लालटू शेख लहूलुहान हालत में घर पहुंचा. वह बोल पाने में असमर्थ था लेकिन इशारे से बताया कि उसका हाथ-पैर बांधकर जीभ काट दी गई है. ग्रामीणों की सूचना पर खोजबीन करने पर कलावती मुर्मू के घर के अंदर और बाहर खून के धब्बे मिले. वहीं, आक्रोशित लोगों ने कलावती मुर्मू को पकड़ कर खजूर के पेड़ से बांध दिया. सूचना पाकर पहुंची शिकारीपाड़ा पुलिस ने उसे एक अन्य महिला के साथ छुड़ाया और थाना ले आई. लालटू शेख को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा लाया गया, जहां स्थिति गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया. परिजन उसे पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट ले गए, लेकिन वहां से भी रेफर कर दिया गया. वर्तमान में उसका इलाज कोलकाता में चल रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि लालटू शेख अक्सर कलावती मुर्मू के यहां शराब पीने जाता था और उससे शादी करने का प्रस्ताव रखता था. इसी विवाद के कारण यह घटना घटी. थाना प्रभारी आनंद कुमार हेंब्रम से संपर्क करने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया.

### विश्वजीता को कृष्ण रूपसज्जा प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान

**बोकारो (शुभम संदेश)** । कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा 23 अगस्त 2025 को एमजीएम विद्यालय, बोकारो में श्रीकृष्ण रूपसज्जा, नृत्य और नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें बोकारो के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो उपस्थित थे. इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित थे. श्रीकृष्ण रूपसज्जा प्रतियोगिता में कुल 107 बच्चों ने सहभागिता की, जिसमें डीएवी सेक्टर-4 की छात्रा विश्वजीता मोहंती ने अपनी उत्कृष्ट वेशभूषा और नयनाभिराम श्रृंगार के कारण सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया.

## सड़क और गार्डवाल निर्माण में घटिया कार्य की शिकायत, जांच की मांग

### जंगल से उत्खनित पत्थरों का उपयोग, 6 की जगह 3/4 इंच पीसीसी की ढलाई



**शुभम संदेश।गांडेय (गिरिडीह)**

गांडेय प्रखंड के बरमसिया टू पंचायत के चोरा गांव से धरधरवा नाला तक सड़क सौंदर्यीकरण का कार्य ग्रामीण कार्य विभाग गिरिडीह द्वारा स्वीकृत किया गया है, जिसकी लागत करीब एक करोड़ रुपये है. निर्माणाधीन सड़क में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री के उपयोग और मनमाने ढंग से कार्य किए जाने का मामला सामने आया है. इसको लेकर ग्रामीणों ने जांच और कार्रवाई की मांग की है. जानकारी के अनुसार, बरमसिया पंचायत अंतर्गत दीवाना मोड़ से चोरा होते हुए धरधरवा नाला तक सड़क सौंदर्यीकरण का कार्य स्वीकृत है. लगभग एक करोड़ की लागत से बन रही इस सड़क में 6 इंच की जगह केवल 3/4 इंच पीसीसी ढलाई की जा रही है. वहीं, गार्डवाल निर्माण में जंगली पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है. इस पर ग्रामीणों ने विभाग से जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है.

**मामला संज्ञान में आया है, सुधार का निर्देश दिया गया : जेई**

आरईओ के कनिष्ठ अभियंता फैयाज अहमद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है. घटिया पत्थर को हटाते हुए कार्य में सुधार का निर्देश दिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### एसपी ने बाबा मंदिर में माथा टेक लिया आशीर्वाद

**जमुआ (गिरिडीह)।** गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार पवित्र करम एकादशी की संध्या को बाबा मंदिर, झारखंड धाम पहुंचे और भोले बाबा से आशीर्वाद लिया. उन्होंने क्षेत्र में अमन-चैन, शांति एवं खुशहाली की कामना की. एसपी कई क्षेत्रों का दौरा कर बाबा मंदिर पहुंचे थे. मंदिर के गर्भगृह में उन्होंने भगवान महादेव की घंटों आराधना की और आरती उतारी. एकादशी व्रत को लेकर मंदिर में पूजा-अर्चना करने आईं महिलाओं ने एसपी को अपने साथ देखकर गौरव महसूस किया. इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी नरेश पंडा, रंजन पंडा, प्रदीप पंडा व सुरेश पंडा सहित अन्य पुजारियों ने ढोल-करताल बजाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया. वहीं, कुछ स्थानीय लोगों ने एसपी से मंदिर परिसर एवं मुख्य मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की अपील की. इस पर एसपी ने आश्वासन दिया कि अविलंब एसडीएम से कार्रवाई करवाई जाएगी.

### पितृ पक्ष के पूर्व नदी घाटों की सफाई की मांग

**गोड्डा।** पितरों को तर्पण देने के लिए नदी घाटों पर पहुंचने वाले श्रद्धालु चिंतित हैं, क्योंकि पितृ पक्ष शुरू होने में महज तीन दिन शेष हैं, लेकिन अब तक नगर परिषद की ओर से घाटों की साफ-सफाई नहीं कराई गई है. पितृ पक्ष 7 सितंबर से प्रारंभ होकर 21 सितंबर तक चलेगा. प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से अश्विन कृष्ण अमावस्या तक का समय पितृ पक्ष माना जाता है. शहर के कझिया नदी पुल तट घाट और रौतारा घाट पर हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग तर्पण के लिए पहुंचते हैं. श्रद्धालुओं का कहना है कि अब तक सफाई कार्य नहीं होने से लोग असुविधा महसूस कर रहे हैं. कुंदन ठाकुर ने कहा कि अनुष्ठान केवल स्वच्छ घाटों पर ही संपन्न किए जाएंगे. हालांकि, नगर परिषद का कहना है कि समय पर सफाई पूरी कर ली जाएगी.

### ईद-ए-मिलाद-उन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन एवं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे. बैठक में करमा एवं ईद-ए-मिलाद-उन्नबी के अवसर पर शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई. निर्देश दिया गया कि करमा विसर्जन के दौरान तालाब और नदी में छोटे बच्चे गहरे पानी में न जाएं. ऐसे स्थलों पर कुछ अनुभवी लोगों को निगरानी हेतु तैनात करने की बात कही गई, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके.

## फील्ड कोऑर्डिनेटर की सड़क दुर्घटना में मौत, रोड जाम

### हिट एंड रन नियमों के तहत मिलेगा चार लाख मुआवजा, बॉय लेन निर्माण की उठी मांग



**शुभम संदेश।बोकारो**

सेक्टर-12 थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-23 पर मेडिकेंट हॉस्पिटल के सामने बड़ा खटाल के पास मंगलवार रात 8 बजे झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के फील्ड थेमेटिक कोऑर्डिनेटर विकास चटर्जी की सड़क हादसे में मौत हो गई. उनकी बाइक को एक ट्रेलर ने कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. थाना पुलिस ने शव को मेडिकेंट हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया. विकास चटर्जी ड्यूटी समाप्त कर सीओ ऑफिस से अपने सेक्टर-8 स्थित आवास लौट रहे थे. बुधवार सुबह मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर मेडिकेंट हॉस्पिटल के बड़ा खटाल के पास एनएच-23 को जाम कर दिया. इससे आईटीआई मोड़ तक लंबा जाम लग गया. मौके पर पहुंचे सांसद प्रतिनिधि अमर स्वर्णकार ने कहा कि सड़क पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था और एनएच के किनारे सिविल वाहनों के लिए बॉय लेन का निर्माण होना चाहिए. यदि बॉय लेन बनी होती तो छोटी गाड़ियां उसी से गुजरतीं और ऐसी दुर्घटनाएं नहीं होतीं. भाजपा नेता हारु झरियात ने मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी और नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की. घटनास्थल पर सेक्टर-12 थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह, अंचल अधिकारी रामसेवक साव समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे. अधिकारियों ने परिजनों को हिट एंड रन योजना के तहत चार लाख रुपये मुआवजा दिलाने और अन्य नियमानुसार सहायता देने का आश्वासन दिया. इसके बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया.

### धान के खेत में मिली वृद्धा की लाश



**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के करमजोरा गांव में बुधवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब क्रेशर के पास धान के खेत की मेड़ पर एक वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ. शव देखते ही आसपास के लोग मौके पर उमड़ पड़े और पूरे गांव में सनसनी फैल गई. घटना की जानकारी मिलते ही बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह और एसआई रणधीर कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की. पुलिस ने मृतका की पहचान बुधनी देवी (उम्र लगभग 60 वर्ष), पति सूरज कोल्ह, निवासी नैयाडीह (झलकडीहा पंचायत) के रूप में की. बताया जाता है कि बुधनी देवी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह अक्सर बिना बताए घर से निकल जाती थीं. बीते दो-तीन दिनों से वह लापता थीं और परिजन उनकी तलाश कर रहे थे. ग्रामीणों के अनुसार, परिजनों को कोई सुराग नहीं मिला था, लेकिन अचानक गांव के ही एक व्यक्ति की नजर खेत की मेड़ पर पड़े शव पर पड़ी. इसके बाद पूरे क्षेत्र में घटना की चर्चा फैल गई. फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

### एसपी ने पथरगामा थाना का किया औचक निरीक्षण

**गोड्डा (शुभम संदेश)** । पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बुधवार को पथरगामा थाना का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने थाना के सिरिस्ता कार्यों और पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों के कार्यों की जानकारी प्राप्त की. कांडों की समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने पर भी जोर दिया. मुख्य रूप से थाना की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधन और लंबित मामलों की समीक्षा की गई. एसपी ने अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा जांच प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए अधीनस्थ पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए और केस से संबंधित पुख्ता साक्ष्य संकलित किए जाएं, ताकि अनुसंधान में किसी भी कमी का लाभ अपराधियों को न मिल सके. उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें जनता की सेवा करनी है, शासन नहीं. इसलिए पब्लिक फ्रेंडली बनकर काम करें. मौके पर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, पुलिस निरीक्षक विष्णुदेव चौधरी, थाना प्रभारी मनोहर कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### करमा पर्व को लेकर बाजारों में रही चहल-पहल

**गावां (शुभम संदेश)** । करमा पर्व को लेकर स्थानीय बाजारों में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी. खासकर पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं ही अधिक खरीदारी करती नजर आईं. समय बीतने के साथ भीड़ और बढ़ती गई. विद्यालयों में छुट्टी होने के कारण स्कूली छात्राएं भी बाजार में खरीदारी करती दिखीं. सुबह से शाम तक बाजार में जबरदस्त चहल-पहल रही और भीड़ के कारण मेन रोड पर जाम की स्थिति बन गई. पर्व को देखते हुए मेन रोड और अंदरूनी बाजारों में फल-सब्जी सहित अन्य सामग्री के दर्जनों अस्थायी दुकानें सजाई गई थीं. मूर्तिकारों के पास लोग गौरा-गौरी की प्रतिमाएं खरीदते दिखे. वहीं, पान, फूल, अक्षत, कसैली, कपूर के अलावा अनरसा, केला, क्षार और कर्मी आदि की भी खूब खरीदारी हुई.

### करमा पर्व पर अखड़ा में हुआ नृत्य

**कसमार (शुभम संदेश)** । भाई-बहनों का पवित्र प्रकृति पर्व करम परब बुधवार को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर युवतियां और किशोरियां दिनभर उपवास रखकर शाम को अखड़ों में गीत और नृत्य के माध्यम से अपने भाइयों व परिजनों की सलामती की मंगलकामना करती रहीं. कसमार प्रखंड के गर्री, तेलमुंगा, सुरजुडीह, धधकिया, दांतू, कमलापुर, मोचरो, मंजुरा, खैराचातर, बगदा, सिंहपुर, हिसिम, केदला समेत दर्जनों गांवों में पारंपरिक अखड़े सजाए गए थे. मंगलवार को करम परब का संयत किया गया था, जबकि बुधवार को बहनों ने उपवास रखकर रात्रि में गांव के अखड़ों में करम पेड़ की डाली गाड़कर पूजा-अर्चना की और भाइयों की सुख-समृद्धि एवं लंबी आयु की कामना की. पूरे इलाके में पारंपरिक करमा-झूमर गीत और ढोल-नगाड़ों की ताल पर देर रात तक झूमर नृत्य का दौर चलता रहा.

### दो थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**डुमरी (शुभम संदेश)** । मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व ईद मिलादुन्नबी शांति और सौहार्द के साथ मनाने को लेकर बुधवार को डुमरी एवं निमियाघाट थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. डुमरी थाना में आहूत बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने की, जबकि निमियाघाट थाना में बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुमन कुमार ने की. बैठक में 5 सितंबर को मनाए जाने वाले ईद मिलादुन्नबी को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने, पर्व के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने तथा जुलूस में डीजे का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई. डुमरी थाना की बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो, जिप सदस्य बैजनाथ महतो समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे. निमियाघाट थाना की बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष जगदीश महतो, सतीश कुमार, मुखिया जागेश्वर महतो, जलालुद्दीन अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.

### करमा पर्व को लेकर चहुँओर उत्साह

**गोड्डा (शुभम संदेश)** । प्रकृति और भाई-बहन से जुड़ा त्योहार करमा पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है. खासकर ग्रामीण इलाकों में इस पर्व की खुशियां देखते ही बनती है. जगह-जगह सार्वजनिक रूप से करम डाल सजाए गए हैं, जिनके चारों ओर बच्चियां खुशी से झूम-झूमकर नृत्य करती नजर आ रही हैं. वातावरण में गूंजते पारंपरिक करमा गीत माहौल को और भी खुशनुमा बना रहे हैं. प्रकृति को समर्पित यह पर्व झारखंड राज्य के प्रमुख त्योहारों में से एक है. यह न केवल प्रकृति से जुड़ा पर्व है बल्कि भाई-बहन के प्रेम का भी प्रतीक है. जिले के सभी गांवों में करमा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है. यह पर्व मुख्य रूप से कुड़मी जनजाति के साथ-साथ अन्य कई समुदायों द्वारा भी पूरे राज्य में वृहद पैमाने पर मनाया जाता है, जिसमें गोड्डा जिला भी शामिल है. इस पर्व की शुरुआत भादो माह की पंचमी से होती है. इस दिन कुंवारी कन्याएं पांच प्रकार के अन्न डाला पर बोती हैं और पूरे नियम-धर्म से सुबह-शाम करमा के गीत गाकर करम जंवा डाला को जगाती हैं. भादो एकादशी को उपवास रखकर शाम को करम डाल की पूजा-अर्चना की जाती है.

### स्थायी अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने की मांग

**डुमरी (शुभम संदेश)** । जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने रांची स्थित गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा मुख्यालय में पुलिस उप महानिरीक्षक को पत्र सौंपकर डुमरी अनुमंडल में स्थायी रूप से अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है. उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि डुमरी अनुमंडल की आबादी लगभग पांच लाख है तथा इसरी, डुमरी और पिरटांड इसके तीन प्रमुख बाज़ार हैं. यहाँ आए दिन आगलगी की घटनाएं होती रहती हैं. वर्तमान में अग्निशमन वाहन की व्यवस्था गिरिडीह में है, जो घटना स्थल से 40 से 50 किलोमीटर दूर है. इस कारण आग लगने की स्थिति में दमकल वाहन के देर से पहुंचने तक अक्सर बड़ा नुकसान हो जाता है. ऐसी स्थिति पर अंकुश लगाने के लिए डुमरी अनुमंडल में एक स्थायी अग्निशमन वाहन की उपलब्धता आवश्यक है. जिप सदस्य ने कहा कि वे लगातार डुमरी अनुमंडल क्षेत्र में स्थायी अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने की मांग करती रही हैं और कई बार पत्राचार भी कर चुकी हैं. विभाग की ओर से केवल त्योहारों के समय ही अग्निशमन वाहन अस्थायी रूप से डुमरी में उपलब्ध कराया जाता है. सुनीता कुमारी ने बताया कि पुलिस उप महानिरीक्षक ने आश्वासन दिया है कि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द ही डुमरी अनुमंडल में स्थायी अग्निशमन वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी.

### शराब दुकान का विरोध, ग्रामीणों ने की नारेबाजी

**धनवार (शुभम संदेश)।** धनवार थाना क्षेत्र के बरजो मोड़ के पास खोले जा रहे खुदरा अंग्रेजी शराब दुकान का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है. बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी ग्रामीणों ने दुकान खोलने के खिलाफ नारेबाजी की. ग्रामीणों ने खोरीमहुआ एसडीओ और उत्पाद अधीक्षक को पत्र लिखकर दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर शराब की दुकान खोली जा रही है, वहां से महज 100 मीटर की दूरी पर स्कूल है. इसके अलावा कुछ ही दूरी पर मंदिर भी स्थित है, जहां महिलाएं रोजाना पूजा-अर्चना करती हैं. यही वजह है कि बरजो मोड़ पर शराब दुकान खोले जाने का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं. इधर, बुधवार को ग्रामीणों के विरोध के बीच एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, बीडीओ देवेंद्र कुमार दास और सीओ यशवंत कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया.

### कांग्रेस की बैठक में जिलाध्यक्ष चयन के लिए रायशुमारी

**गावां (शुभम संदेश)।** पंचायत सचिवालय, गावां में बुधवार को कांग्रेस कमिटी की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं गुजरात के अहमदाबाद से विधायक इमरान खेड़ावाला, पूर्व मंत्री जे.पी. पटेल, विधायक सोना राम सिंकू और रविंद्र झा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे. बैठक में प्रखंड के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर एक-एक कर रायशुमारी की गई. इस दौरान विधायक इमरान खेड़ावाला ने कहा कि पूरे देश में इस समय रायशुमारी कार्यक्रम चल रहा है. केंद्र द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक ही इस कार्य का संचालन कर रहे हैं. कांग्रेस पार्टी ने तय किया है कि संगठन की मजबूती के लिए प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श कर जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अध्यक्ष कौन बनेगा, यह कार्यकर्ताओं की राय पर निर्भर करेगा. कार्यकर्ताओं को ध्यान रखना चाहिए कि किसके अध्यक्ष बनने से संगठन मजबूत होगा और कौन जनसमस्याओं पर मुखरता से आवाज उठा सकेगा. पूर्व मंत्री जे.पी. पटेल ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही है और हर जगह हमारे कार्यकर्ता मौजूद हैं.

## आठ देशों को पछाड़ डीपीएस बोकारो ने जीते 33 पदक



**शुभम संदेश।बोकारो**

कोलकाता में आयोजित चौथी इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप में डीपीएस बोकारो के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 33 पदक जीते. झारखंड को कुल 64 पदक मिले, जिनमें से 52 बोकारो के हिस्से में आए. डीपीएस बोकारो ने अकेले ही 8 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य पदक हासिल किए. प्रतियोगिता में भारत समेत ईरान, भूटान, कनाडा, पुर्तगाल, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका के खिलाड़ी शामिल हुए. विजयी छात्रों का विद्यालय में सम्मान किया गया. प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त को किया गया था, जिसमें देशभर से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. सफल प्रतिभागी अब साउथ एशियन गेम्स में हिस्सा लेंगे. विजयी खिलाड़ियों का विद्यालय लौटने पर बुधवार को विशेष सभा में सम्मान किया गया. विद्यालय के प्राचार्य एवं कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमैन डॉ. ए.एस. गंगवार ने महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक सिंहान खेदू गोराईं तथा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों की मौजूदगी में सभी विजेता बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया.

## बाबूलाल मरांडी का नया अंदाज अचानक पहुंचे प्रखंड कार्यालय



**शुभम संदेश।तिसरी (गिरिडीह)**

पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी अब बदले-बदले अंदाज में नजर आ रहे हैं. वैसे तो वे अपने विधानसभा क्षेत्र में नियमित रूप से दौरा करते रहते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने कुछ ऐसा किया जो शायद पहले कभी नहीं किया था. मंगलवार को बाबूलाल अचानक निरीक्षण के लिए तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच गए. जहां उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और विधायक कक्ष की स्थिति भी देखी. इस दौरान उन्होंने कार्यालय आए लोगों से बातचीत की और बीडीओ व सीओ को सख्त निर्देश दिए कि जनता के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही न बरती जाए. उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तरों की परंपरा के मुताबिक लोगों को बेवजह चक्कर लगवाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने विधायक कक्ष समेत पूरे कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया. इसके बाद बाबूलाल ने मुख्यालय स्थित पुराने ब्लॉक और वन विश्रामागार का भी निरीक्षण किया. वहीं, वे गांवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय भी पहुंचे, जहां उन्होंने पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और आमलोगों की समस्याएं सुनीं. साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली. बुधवार की सुबह बाबूलाल तिसरी चौक स्थित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण करने पहुंचे. निरीक्षण के बाद उन्होंने डीप बोरिंग कर शौचालय को चालू कराने की बात कही. दरअसल, तिसरी चौक निवासी इंद्रदेव शर्मा ने बीती रात बाबूलाल मरांडी को शौचालय की खराब स्थिति से अवगत कराया था, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे. उन्होंने बिजलीकर्मियों को चौक पर लगी हाई मास्ट लाइट को भी चालू कराने का निर्देश दिया. बहरहाल, बाबूलाल मरांडी के इस नए अंदाज से जहां पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम जनता में राहत की उम्मीद जगी है.

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के योगदान और उनके विकास मॉडल पर संगोष्ठी का आयोजन

## सभी जाति-धर्म से ऊपर थे दिशोम गुरु : अनुज सिन्हा

**शुभम संदेश।बोकारो**

जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को बीएस सिटी के कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग्स सभागार में दिशोम गुरू शिबू सोरेन के योगदान और उनके विकास मॉडल विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लेखक, चिंतक एवं प्रभात खबर के पूर्व कार्यकारी संपादक अनुज कुमार सिन्हा और विशिष्ट अतिथि सहायक प्रोफेसर एवं निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय लुप्तप्राय भाषा एवं संस्कृति प्रलेखन केन्द्र, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के डॉ. अभय सागर मिंज तथा उपायुक्त अजय नाथ झा शामिल हुए. मुख्य अतिथि अनुज कुमार सिन्हा ने दिशोम गुरू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलते थे. उनका मानना था कि विकास तभी संभव है जब हर तबके की सहभागिता सुनिश्चित हो. उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है. उनके दल में सभी धर्म और समाज के लोग शामिल रहते थे. वे किसी एक वर्ग के नहीं बल्कि सबके नेता थे. उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले के एक छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय पहचान बनाने वाले दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने अपने पिता की हत्या के पीछे छिपे कारण को समझा और शोषणकारी महाजनी प्रथा को समाप्त करने का संकल्प लिया. अपने संघर्ष और साहस से उन्होंने आदिवासी समाज को इस कुप्रथा से मुक्ति दिलाई. धानकटनी आंदोलन की शुरुआत कर महाजनी व्यवस्था से जमीन वापस ली और फसल उत्पादन को चार हिस्सों में बाँटने की व्यवस्था की—जमीन मालिक, खेतिहर मजदूर, भविष्य के लिए अन्न सुरक्षित रखना और शेष अन्य कार्यों के लिए. अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु पशुपालन, पशु बैंक की स्थापना, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा के लिए रात्रि पाठशालाओं का आयोजन किया. विशिष्ट अतिथि डॉ. अभय सागर मिंज ने कहा कि आदिवासी का अर्थ केवल जंगल, पत्ता, रंग और नृत्य नहीं है. यह मानसिकता बदलनी होगी. अपनी संस्कृति और जड़ों को समझकर ही समाज में सहभागिता और विकास संभव है. उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक सापेक्षता के पुरोधा थे दिशोम गुरू शिबू सोरेन.मौके पर लुगुबुरू पूजा आयोजन समिति के चंद्रदेव हेंब्रम, दिनेश कुमार मुर्मू और बब्ली सोरेन ने भी विचार व्यक्त किए और दिशोम गुरू के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. इससे पूर्व, मुख्य अतिथि अनुज कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अभय सागर मिंज, उपायुक्त अजय नाथ झा समेत अन्य अधिकारियों ने दिशोम गुरू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. संगोष्ठी का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि शिबू सोरेन का जीवन और विचार सदैव प्रेरणा बने रहेंगे और उनकी समावेशी सोच को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी. अंत में, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया. मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा समेत अन्य अतिथियों और अधिकारियों ने करमा नृत्य में भाग लिया और मांदर की थाप पर झूमे.



### हमें आदिवासियों से सिखने की जरुरत : उपायुक्त

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि दिशोम गुरू से हुई उनकी भेंट ने उन्हें आदिवासी समाज की गहराई से समझने का अवसर दिया. हमें आदिवासियों को सिखाने के बजाय उनसे सीखने की मानसिकता रखनी चाहिए. यही समावेशी दृष्टिकोण समाज को मजबूत करेगा. उन्होंने घोषणा की कि दिशोम गुरू की स्मृति में बोकारो जिले के सभी पंचायतों में रात्रि पाठशालाओं का आयोजन होगा, जिसमें कामगार, श्रमिक, किसान और बुजुर्ग शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे. जिले में 24×7 पुस्तकालय की भी शुरुआत होगी और नशामुक्ति अभियान चलाया जाएगा. साथ ही, गुरूजी की कर्मस्थली ललपनिया पंचायत के लुगुबुरू घंटाबाड़ी में कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी.

## ईद मिलादुन्नबी को ले शांति समिति की बैठक

**कुमारधुबी।** ईद मिलादुन्नबी को लेकर बुधवार को कुमारधुबी ओपी में ओपी प्रभारी राजेश कुमार लोहरा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने कहा कि कुछ लोग आपसी सोहार्द और भाईचारे को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं. वैसे लोगों को चिन्हित करने की जरूरत है. ओपी प्रभारी लोहरा ने कहा कि मामले को तूल देने वाला ज्यादा दोषी होता है. वैसे लोगों को पुलिस चिन्हित कर रही है. उन्होंने भाईचारे के साथ ईद मिलादुन्नबी मनाने की अपील की. कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है. जो भी सूचना हो पुलिस को तुरंत खबर करें. बता दें कि पिछले दिनों झंडा फाड़ देने के सवाल पर सोहार्द बिगड़ने की स्थिति बन गयी थी. लेकिन जिप सदस्य गुलाम कुरैशी, मो मुख्तार एवं मौलाना साहब के प्रयास से विवाद सलटा लिया गया. पहली बार घटित इस तरह की घटना को लेकर ही शांति समिति की बैठक बुलाई गयी थी. बैठक में जिप सदस्य गुलाम कुरैशी, मो मुख्तार अली, मुखिया तनवीर आलम, डीएन पाठक, मो मुस्तकीम, मो सनोव्वर, समाजसेवी पप्पु यादव , जिवाउल हुसैन , मुन्ना यादव इत्यादि थे.

### भाजपाइयों ने किया सेवा पखवाड़ा पर कार्यक्रमों का निर्धारण

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को यादगार बनाएंगे भाजपाई

**शुभम संदेश। धनबाद**

भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर जिला द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा. इसको लेकर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय, धनबाद में जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई. बैठक में जिला पदाधिकारी, सातों मोर्चों के अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष और प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे. संचालन जिला महामंत्री मानस प्रसून ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए श्रवण राय ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न तिथियों पर सेवा, स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.



17 सितंबर को जिला स्तर पर रक्तदान शिविर और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलेगा. 17 से 24 सितंबर तक विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे. 18 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर, तथा विकसित भारत और मोदी जी की उपलब्धियों पर प्रबुद्ध जन संवाद का आयोजन होगा. 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्पांजलि, वृक्षारोपण (एक पेड़ मां के नाम), बूथ स्तरीय बैठक एवं कार्यकर्ताओं के घर भोजन का कार्यक्रम होगा. 27 या 28 सितंबर को दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण और प्रधानमंत्री को शुभकामना संदेश भेजे जाएंगे. 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी, खादी वस्त्रों की खरीद को प्रोत्साहन देने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम होंगे. इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और समाज कल्याण के रूप में मनाना है. कार्यक्रमों की सफलता हेतु जिला स्तर पर संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई है. बैठक में विष्णु त्रिपाठी, पंकज सिन्हा, अजय निषाद, प्रियंका देवी, अभिमन्यु कुमार, ध्रुव हरि, राजकिशोर जैना, योगेंद्र यादव, रामजीत भुईयां, अनिल सिन्हा, नित्यानंद मंडल, गीता सिंह, बच्चा गिरी, शिवांश श्रीवास्तव, संजय कुशवाहा, सूरज पासवान, निर्मल प्रधान, अजय कुमार वर्मा, संजय वर्मा, सुदर्शन कुमार बरनवाल, बिपिन ठक्कर, उपेंद्र पासवान, अवधेश शाह, आनंद पांडेय, रंजय सिंह, मनोज रिंकू, अरविंद सिंह, निरज सिन्हा, कपूर रवानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स धनबाद में इन हाउस ट्रेनिंग का आयोजन

**शुभम संदेश। धनबाद**

दिल्ली पब्लिक स्कूल में सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स, धनबाद द्वारा 'बेस्ट प्रैक्टिसेज ऑफ़ स्कूल' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उदघाटन चेयरपर्सन डॉक्टर सरिता सिन्हा , वाइस चेयरमेन मदन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार साव ,सचिव रूना दूबे, राजेश कुमार, सुरजीत सेन, डॉक्टर स्नेहलता के कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर हुआ. धनबाद के 32 सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों ने अपने स्कूल के बेस्ट प्रैक्टिसेज को बताया. हर एक विद्यालय से आए दो शिक्षकों ने पीपीटी के माध्यम से अपने विद्यालय के बारे में कुछ ऐसी बातें बताएं जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हो सकती है. अलग-अलग विद्यालयों ने अलग-अलग विषयों पर यथा स्पोर्ट्स, म्यूजिक, एनवायरनमेंट, स्वच्छता, प्रैक्टिकल लर्निंग, मोंटेसरी लैब ,अटल टिंकरिंग लैब, मॉर्निंग असेंबली, लर्निंग मेथड , स्मार्ट बोर्ड, कला एवं विज्ञानप्रदर्शनी, मैथ्स हाट,



टेक सेवी स्कूल, संस्कार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, मोरल एंड एथिक्स जैसे विषयों की महत्वपूर्ण बातें बताई ताकि जहां संभव हो वहां लागू की जा सके. दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सह चेयरपर्सन सहोदया धनबाद ने बताया कि यह एक ऐसा ट्रेनिंग सेशन था जिसमें कोई रिसोर्स पर्सन नहीं थे हर एक विद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिसेज को सुनना ही ट्रेनिंग थी. द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी के प्राचार्य सह वाइस चेयरमेन मदन कुमार सिंह भी थे. कार्यक्रम का संचालन झारखंड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सह सचिव एकेडमिक्स सुरजीत सेन ने किया. धनबाद पब्लिक स्कूल, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल, डीएम पब्लिक स्कूल, गुरुकुलम, माउंट लिट्रा स्कूल, महर्षि मेंही विद्यापीठ समेत 15 स्कूलों के प्राचार्य भी मौजूद थे.

## रतनपुर में शराब दुकान खोलने का विरोध, उपायुक्त को आवेदन

**शुभम संदेश। धनबाद**

गोविंदपुर के रतनपुर गांव में प्रस्तावित शराब दुकान के खिलाफ स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने जोरदार विरोध जताया है. ग्रामीणों ने गोविंदपुर धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन को एक आवेदन सौंपकर इस दुकान को खोलने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है. आवेदन में ग्रामीणों ने इस दुकान के कारण सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया है. आवेदन के अनुसार, यह शराब दुकान रतनपुर गांव के बीचों-बीच, आर.एस. मोर कॉलेज के ठीक बगल में मनोज मंडल, पिता सुधीर मंडल, के निवास पर खोली जा रही है. दुकान के आसपास सार्वजनिक काली मंदिर और एक लॉज है, जहां बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं. ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि इस दुकान के खुलने से न केवल छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, बल्कि महिलाओं और स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराएगा. सड़क से रोजाना इनका आवागमन होता है, और शराब दुकान के कारण असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई जा रही है. ग्रामीण महिलाओं ने यह भी उल्लेख किया कि रतनपुर गांव को सांसद द्वारा आदर्श ग्राम योजना के तहत चुना गया है, जिसका उद्देश्य गांव का सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान है. शराब दुकान का खुलना इस योजना के उद्देश्यों के खिलाफ है. इसके अतिरिक्त, आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मनोज मंडल कुछ माफियाओं के साथ मिलकर स्थानीय लोगों को धमकियां दे रहा है और विरोध करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दे रहा है. ग्रामीणों ने उपायुक्त से जनहित में तत्काल कार्रवाई करने और शराब दुकान को हटाने की मांग की है. इस मुद्दे पर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है, और वे प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं.

## शास्त्री नगर में श्री रामदेव पीर के जन्मोत्सव की धूम



**शुभम संदेश। धनबाद**

श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज ने बुधवार को शास्त्री नगर स्थित समाज भवन में धूमधाम से श्री रामदेव पीर जन्मोत्सव मनाया. समाज के अध्यक्ष नरेश चावड़ा ने बताया कि समाज द्वारा लगातार 42 वर्षों से रामदेव पीर जन्मोत्सव मनाया जाता है. सुबह 9:00 बजे से समाज भवन में पूजा, आरती और रास गरबा का आयोजन किया गया. तत्पश्चात दोपहर में बापा की प्रिय फाडा लापसी के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया. दो दिवसीय रामदेव पीर जन्मोत्सव के दौरान बापा के अलौकिक दर्शन, भजन व प्रसाद को प्राप्त कर भक्तों को नवीन ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है. कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल की अध्यक्ष ममता चावड़ा, मंत्री शितल चावड़ा, मंत्री लक्ष्मीकांत चावड़ा, कोषाध्यक्ष महेंद्र राठौड़, कार्यक्रम संयोजक मयूर सांवरिया, युवा मंडल के अध्यक्ष अमित चावड़ा, मंत्री निलेश चावड़ा का सराहनीय योगदान रहा.

## जीटा ने की हार्डकोक पर जीएसटी कम करने की मांग

**शुभम संदेश। धनबाद**

झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन (जीटा) के अध्यक्ष अमितेश सहाय और महासचिव राजीव शर्मा ने संयुक्त रूप से कोलफील्ड क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हितधारकों की ओर से कोयले से बने हार्ड कोक, ब्रिकेट और सॉफ्ट कोक पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में प्रस्तावित वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की है. उन्होंने देश की वित्त मंत्री और अध्यक्ष निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में बताया कि कोलफील्ड क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 125 कोकरी और सॉफ्ट कोक संयंत्र हैं, जिनमें से अधिकांश का संचालन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों द्वारा किया जा रहा है. ये इकाइयाँ लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करने के साथ-साथ क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं. जैसा कि स्पष्ट है, ये इकाइयाँ पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं, जिनमें बढ़ती लागत, जटिल अनुपालन प्रक्रियाएँ, कच्चे माल की उपलब्धता में कमी, बाजार में अस्थिरता और वित्तीय बाधाएँ शामिल हैं. ऐसे नाजुक समय में वस्तु एवं सेवा कर की दर को वर्तमान 5% से अधिक बढ़ाने से इन छोटे उद्योगों पर असहनीय बोझ पड़ेगा, जिससे कई इकाइयाँ बंद होने की कगार पर पहुँच जाएंगी. यदि वस्तु एवं सेवा कर की दर में वृद्धि होती है, तो इससे बड़े पैमाने पर संयंत्रों का बंद होना और हजारों श्रमिकों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिससे लाखों लोगों की जीविका अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगी. इससे क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिरता पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा. अतः जीटा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की ओर से सरकार से अनुरोध करता है कि हार्ड कोक, ब्रिकेट और सॉफ्ट कोक पर वस्तु एवं सेवा कर की दर को 5% से अधिक न बढ़ाया जाए.

## स्टील गेट पर लोहे की जगह लगाए गए प्लास्टिक के बैरियर



**शुभम संदेश। धनबाद**

सड़क सुरक्षा और यातायात सुगमता को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने बुधवार की शाम स्टील गेट में नई व्यवस्था की गई है. लोहे की बैरियर की जगह प्लास्टिक के ड्रम वाले बैरियर लगाए गए. इन बैरियर में पानी भरकर सड़क किनारे रखा गया है. जानकारी देते यातायात प्रभारी लव कुमार ने बताया कि लोहे की बैरियर से दुर्घटना होने पर गंभीर चोट लगने का खतरा रहता था. प्लास्टिक बैरियर न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि इन्हें आसानी से शहर के विभिन्न हिस्सों में लगाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि इस पहल से सड़क पर यातायात सुरक्षित, सुव्यवस्थित और शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी. स्टील गेट के अलावा भी शहर के अन्य क्षेत्रों में भी प्लास्टिक के बैरियर लगाए जाएंगे.

# आसनसोल

## सड़क दुर्घटना में एलआईसी एजेंट की मौत, सड़क जाम

- पुलिस के हल्का बल प्रयोग के बाद जाम समाप्त
- परिजनों ने मांगा 20 लाख मुआवजा और नौकरी

**शुभम संदेश। कुल्टी**



देंदुवा कल्याणेश्वरी रोड इसीएल अस्पताल के पास मंगलवार की रात एलाईसी एजेंट अशोक महतो की माल वाहक ट्रक से टक्कर में मौत हो गयी. इसके बाद स्थानीय लोगों ने सडक जाम कर प्रदर्शन प्रारम्भ किया. जिससे चित्तरंजन मुख्य सड़क पर देंदुआ मोड़ के पास मंगलवार रात से शुरू हुआ अठारह घंटे लंबा जाम बुधवार तक जारी रहा. जिसके बाद पुलिस पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया. पर विरोध कर रहे लोग नहीं माने. अंत में पुलिस की हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा. जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात अशोक महतो अपनी बाइक से देंदुआ की और से कल्याणेश्वरी की ओर जा रहे थे. इसी बीच देंदुआ ईसीएल अस्पताल के पास एक मालवाहक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी थी. घायल अवस्था में आसनसोल जिला अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई. इस घटना से आक्रोशित लोगो ने देंदुआ कल्याणेश्वरी रोड को जाम कर दिया. देर रात तक आंदोलन तेज हो गया और प्रदर्शनकारियों ने देंदुआ मोड़ पर आसनसोल-चित्तरंजन मुख्य मार्ग को भी पूरी तरह जाम कर दिया. परिजन 20 लाख रुपये मुआवजा और दो परिजनों को सरकारी नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे. बुधवार की सुबह सड़क पर लम्बी वाहनों की लाइन से हालात काबू में लाने के लिए भारी पुलिस बल और कॉम्बैट फोर्स तैनात की गई, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से कई दौर की बातचीत की, लेकिन समझौता नहीं हो सका. आखिरकार पुलिस ने सड़क खुलवाने के लिए हल्का बल का प्रयोग किया. एसीपी कुल्टी जावेद हुसैन के नेतृत्व में कार्यवाही की गयी, जहा पत्थर बाज़ी मे कई पुलिसकर्मी घायल हुए. एसीपी जावेद हुसैन ने बताया कि पुलिस शुरू से ही मृतक के परिवार के साथ खड़ी थी, लेकिन जब प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव शुरू किया, कार्रवाई करनी पड़ी.

### इंजीनियरिंग कॉलेज का रजत जयंती समारोह संपन्न

## शिक्षा के माध्यम से मानवता की सेवा करें : कवि दत्ता



**शुभम संदेश। रानीगंज**

दुर्गापुर बंगाल कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के रजत जयंती समारोह बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया. जिला शासक पोनाबल एस ने कहा कि कॉलेज की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर यह संस्थान तकनीकी शिक्षा, नवाचार और नेतृत्व में लगातार योगदान देता रहा है. 25 वर्षों से यह कॉलेज तकनीकी शिक्षा के मामले में एक अग्रणी संस्थान रहा है. मुख्य अतिथि आसनसोल दुर्गापुर विकास प्राधिकरण के चैयरमेन कवि दत्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एसकेएस ग्रुप द्वारा पूरे भारतवर्ष में शिक्षा में एक स्थान बनाया है. बंगाल कॉलेज आफ इंजीनियरिंग के विद्यार्थी यहां के शिक्षा पूरी करके बहुत से विदेश जाने का अवसर मिलेगा एवं बहुत से विद्यार्थी बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों में कार्य करेंगे. अपने परिवार के अलावा समाज का भी ध्यान रखें एवं सामाजिक कामों में भी बढ़-चढ़कर योगदान दें. यही जीवन का संकल्प लेने की जरूरत है. शिक्षा के माध्यम से मानवता की सेवा करना हैं.

### न्यूज अपडेट

#### अवैध कोयला लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**कुल्टी (शुभम संदेश)।** केंद्रीय सुरक्षा बलों ने सालानपुर चौरंगी मोड़ के पास गश्त के दौरान अवैध कोयला लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया. ट्रैक्टर बीसीसीएल की बोडरा खदान से कोयला ले जा रहे थे. सुरक्षा बलों को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए. करीब साढ़े तीन टन कोयला लदा हुआ था. जब्त ट्रैक्टरों को चौरंगी फाड़ी पुलिस को सौंप दिया गया है. बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर सालानपुर क्षेत्र के कोयला तस्कर गिरोह से जुड़े हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

#### मंच तोड़ने के विरोध में तृणमूल ने फूंका पुतला

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** कोलकाता में तृणमूल का मंच तोड़े जाने के विरोध में पुरुलिया में जिला तृणमूल नेतृत्व ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने नुक्कड़ सभा कर घटना की कड़ी निंदा की. मजदूर संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जुबली मैदान से शहर के पोस्ट ऑफिस चौराहे तक विरोध मार्च निकाला. वहाँ एक पथसभा आयोजित की गई और मंच तोड़े जाने के कड़े विरोध में अमित शाह का पुतला फूंका गया. पथसभा में केंद्र सरकार की निंदा की गई. तृणमूल कांग्रेस के आईएनटीटीयूसी ज़िला अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार ने बोलते हुए कहा कि हम भारतीय सैनिकों को सलाम करते हैं और उनका सम्मान करते हैं. लेकिन मैं नरेंद्र मोदी और अमित शाह के शब्दों के अनुसार सेना द्वारा की गई जघन्य घटना की कड़ी निंदा करता हूं. मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष निवेदिता महतो, सौमेन बेलथारिया, उज्ज्वल कुमार और अन्य जिला नेता उपस्थित थे.

#### सीआईएसएफ ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**बर्नपुर (शुभम संदेश)।** सीआईएसएफ यूनिट आईएसपी, बर्नपुर की ओर से बुधवार को बर्नपुर मस्जिद रोड स्थित नेताजी स्पॉटिंग क्लब परिसर में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर का आयोजन पैरामेडिकल कॉलेज दुर्गापुर एवं टच आसनसोल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से किया गया. शिविर की शुरुआत में सीआईएसएफ के डीसी वी एस सुरीन ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया. साथ ही डीसी वी एस सुरीन ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने की अपील की. सीआईएसएफ के डीआईजी प्रबोध चंद्रा के पहल पर आयोजित इस शिविर में लगभग 150 लोगों का स्वास्थ्य, नेत्र जांच कर चिकित्सकों ने परामर्श देने के साथ दवा प्रदान किया.

#### संत जूड प्राइमरी स्कूल में हिन्दी प्रतियोगिता

**संकतोड़िया (शुभम संदेश)।** ईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) गुंजन कुमार सिन्हा की अनुप्रेरणा से बाल मन में सृजनात्मकता और सीखने की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए ईसीएल द्वारा राजभाषा (हिंदी) माह के अंतर्गत बुधवार को पूर्वाह्न 10 बजे डिसेरगढ़ में अवस्थित संत जूड प्राइमरी स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें नर्सरी से चतुर्थ वर्ग तक के 67 बच्चों ने भाग लिया. निदेशक ने कहा कि भाषा और चित्रकला का परस्पर संबंध बहुत गहरा होता है. चित्रकला को मूलतः भाषा का अंग माना जाता है, जो विचारों, भावनाओं और अनुभवों को संप्रेषित करने के लिए प्रतीकों और दृश्यों का उपयोग करती है.

## कुल्टी भाजपा ने फूंका सीएम ममता का पुतला

**शुभम संदेश। कुल्टी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा भारतीय सेना को लेकर दिए गए विवादित बयान पर कुल्टी ब्लॉक भाजपा मंडल दो की और से बिरोध मार्च कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया. इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता ने कुल्टी खिलान धोड़ा मोड से विरोध मार्च प्रारम्भ कर कुल्टी 6 नंबर गेट पहुंच विरोध प्रदर्शन के साथ ममता बनर्जी का पुतला दहन किया. कुल्टी मंडल दो के अध्यक्ष मनमोहन राय ने ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की ममता बनर्जी ने भारतीय सेना के सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया है. जिस तरीके से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश की रक्षा में दिन-रात तैनात रहने वाले जवानों के प्रति अपमान जनक बयान दे रही हैं, वह न सिर्फ सैनिकों के मनोबल को तोड़ने की कोशिश है, बल्कि यह देश की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सीधा हमला हैं. इस विरोध



प्रदर्शन के दौरान भाजपा समर्थकों ने तृणमूल के विरोध में जमकर नारेबाजी की. चेतावनी देते हुए कहा कि भारत माता के बाद अगर किसी का सर्वोच्च सम्मान है तो वह भारतीय सेना का है. जो भी उस पर सवाल उठाएगा, उसका हम हर मंच पर विरोध करेंगे. ममता बनर्जी को यह समझना चाहिए कि सेना कोई राजनीतिक मोहरा नहीं,बल्कि देश का अभिमान है. भाजपा युवा नेता जिशान कुरैशी ने कहा की सेना की वीरता को पूरी दुनिया सलाम करती है. खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनका पराक्रम और भी सराहा गया है. ऐसे में मुख्यमंत्री का यह रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है.

## पारबेलिया में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नितुरिया (शुभम संदेश)।** सरस्वती क्लब के तत्वावधान में पारबेलिया कोलियरी फुटबॉल मैदान में आयोजित 27 वें गणेश पूजा के उपलक्ष्य में शशिभूषण प्रसाद यादव की स्मृति में 15 वें वर्ष आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया. कैंप में कुल 72 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. रक्तदान शिविर का सोदपुर एरिया के महाप्रबंधक अभिजीत गंगोपाध्याय ने फीता काटकर उदघाटन किया. मौके पर नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष सह पूजा कमिटी के संयोजक शांतिभूषण प्रसाद यादव, बीडीओ प्रबीर कुमार सिन्हा, सुभाष चंद्र बाउरी, प्रवणेष दास गुप्त,सोदपुर एरिया के कार्मिक प्रबंधक अभिषेक बनर्जी, जेपी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे. जानकारी के अनुसार नितुरिया प्रखंड के पूर्व तृणमूल अध्यक्ष रहे शशि भूषण प्रसाद यादव की स्मृति में रक्तदान शिविर के 15 वें वर्ष पर 5 महिलाएं और 67 पुरुषों ने रक्तदान किया. मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से डरने की जरूरत नहीं है.

## ईसीएल ने बांटे 51 नियुक्ति पत्र

**शुभम संदेश। संकतोड़िया**

ईसीएल ने अपने कर्मचारियों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बुधवार को ईसीएल मुख्यालय स्थित संकल्प हाल में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान 51 नई नियुक्तियाँ प्रदान कीं. ये सभी नियुक्तियाँ राष्ट्रीय कोल वेज एग्रीमेंट (एनसीडब्लूए) के अंतर्गत आश्रित रोजगार योजना के तहत की गईं. इस अवसर पर निदेशक (वित्त) मोहम्मद अंज़र आलम, निदेशक (मानव संसाधन) गुंजन कुमार सिन्हा तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी दीप्ति पटेल ने नवनियुक्त कर्मचारियों को निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया. गौरतलब हो कि ईसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 1042 नियुक्तियाँ राष्ट्रीय कोल वेज एग्रीमेंट के अंतर्गत आश्रित रोजगार प्रदान करके की थी. 236 नियुक्तियाँ आरएंडआर के तहत की थी. वहीं इस कैलेंडर वर्ष में ईसीएल ने अब



तक कुल 446 नियुक्तियाँ राष्ट्रीय कोल वेज एग्रीमेंट के अंतर्गत आश्रित रोजगार प्रदान करके तथा 189 नियुक्तियाँ आर एंड आर के तहत की हैं. राष्ट्रीय कोल वेज एग्रीमेंट के अंतर्गत आश्रित रोजगार प्रदान करना कोल इंडिया लिमिटेड तथा ईसीएल की एक दीर्घकालिक परंपरा रही है. इस पहल का उद्देश्य दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को सहारा प्रदान करना तथा उनकी कठिनाइयों को कम करते हुए कंपनी की अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है. इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के मानव संसाधन प्रबंधक, अधिकारीगण तथा मुख्यालय एवं क्षेत्रों के कर्मचारी भी उपस्थित रहे.


**पूर्व रेलवे**

**नीलामी सूचना**

**सं. एल/2/टैंक/ऑक्शन/25 दिनांकः 01.09.2025,** सहायक मंडल अभियंता, पूर्व रेलवे, मधुपुर द्वारा मत्स्यपालन के उद्देश्य हेतु **मधुपुर में रेलवे लोको ग्राउंड टैंक (फिल्टर हाउस के पास)** में 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए और **गिरिडीह में रेलवे लोको ग्राउंड टैंक** में 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस जारी करने हेतु नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसका आयोजन सहायक मंडल अभियंता, मधुपुर के कक्ष में **दिनांक 08.09.2025 को 11.00 बजे** किया जाएगा। **क्रम संख्याः** 1, **टैंक का स्थानः** रेलवे लोको ग्राउंड टैंक/मधुपुर (फिल्टर हाउस के पास), **लाइसेंस की अवधिः** 05 वर्ष (01.10.2025 से 30.09.2030 तक), **टैंक का क्षेत्रफलः** 17372.80 मी$^2$, **मूल मूल्यः** रु.6,61,100/-, **क्रम संख्याः** 2, **टैंक का स्थानः** गिरिडीह में रेलवे लोको ग्राउंड टैंक, **लाइसेंस की अवधिः** 03 वर्ष (10.09.2025 से 09.09.2028 तक), **टैंक का क्षेत्रफलः**11218.04 मी$^2$, **मूल मूल्यः** रु.7,35,900/-


ASN-176/2025-26

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## कोलंबिया की रिवर ऑफ फाइव कलर्स अपने रंगीन पानी से कर रही है लोगों को हैरान

कोलंबिया में बहने वाली एक सुंदर नदी है, जिसका नाम है कैनो क्रिस्टल्स। दूर से देखने में रंगों के पैलेट समान दिखने वाली इस इंद्रधनुषीय नदी की खूबसूरती के कारण इसे 'दैवीय बगीचा' कहकर भी पुकारा जाता है। कैनो क्रिस्टल्स नदी सिर्फ कोलंबिया ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों को अपनी अनोखी खासियत से हैरान कर देती है।
दरअसल, इस नदी में पांच अलग-अलग रंगों का पानी बहता है। पीला, हरा, लाल, काला और नीला रंग। पचरंगी पानी की वजह से नदी को 'रिवर ऑफ फाइव कलर्स' के नाम से भी पुकारा जाता है। इसके अलावा इसे 'लिक्विड रेनबो' भी कहते हैं। इसकी खूबसूरती को सराहने का सबसे बेहतरीन समय जून से लेकर नवंबर तक का है। इस दौरान सैलानी कोलंबिया का रूख करते हैं और नदी के नजारे का लुत्फ उठाते हैं। नदी के बदल रहे पानी की असली वजह कोई जादू या चमक नहीं है। इसकी असली वजह नदी के बीच उगने वाले पौधे हैं। इस खास पौधे का नाम 'मैकेरेनिया क्लेविगरा' है। इस पौधे की वजह से ही पूरी नदी का पानी रंगीन लगता है। इसके पीछे का विज्ञान ये है कि पानी की तलहटी में मौजूद पौधे पर सूरज की रोशनी पड़ते ही पानी का रंग लाल हो जाता है। धीमी और तेज रोशनी के हिसाब से पौधे की अलग-अलग आभा पानी के रंग पर झलकती रहती है।







### कनाडा की डॉसन सिटी

# जहां नदी में पानी के साथ-साथ बहता है सोना

सैर कर दुनिया की गाफिल, जिंदगानी फिर कहां... जिंदगी गर कुछ रही तो ये जवानी फिर कहां... ख्वाजा मीर दर्द का ये शेर सैर-सपाटे की अहमियत हमें बताता है। मशहूर लेखक राहुल सांकृत्यायन ने तो बाकायदा अथातो घुमक्कड़ जिज्ञासा के नाम से लेख ही लिख डाला था। उनका कहना था कि मेरी समझ में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वस्तु है घुमक्कड़ी। नई-नई जगहों के बारे में जानना और घूमना हमेशा ही एक अच्छा शौक माना गया है। कुछ लोगों के इसी शौक की वजह से हमें ऐसी जगहों की जानकारी भी मिल जाती है, जहां हरेक का जाना संभव नहीं है। तो चलिए आपको घुमा लाते हैं कनाडा की डॉसन सिटी।

कनाडा की डॉसन सिटी उन्हीं जगहों में से एक है जो करीब सौ सालों से घुमक्कड़ों को अपनी ओर खींच रही है। शायद इसलिए भी कि यहां अमीर होने का मौका मिल जाता है। अमीर बनने की बात सुनकर यकीनन आपके दिल में भी इस जगह के बारे में जानने की ख्वाहिश जगी होगी।
जैसा कि हमने आपको बताया कि डॉसन सिटी कनाडा में दूरदराज का एक शहर है। इसकी आबादी बहुत कम है और ये क्लोह्यह्यनडाइक नदी के किनारे बसा है। कहा जाता है कि इस नदी की तलहटी में सोना बिछा पड़ा है। 1896 में जॉर्ज कार्मेक, डॉसन सिटी चार्ली और स्कूकम जिम मेसन ने सबसे पहले इस नदी में सोना होने की बात बताई थी। जैसे ही नदी में सोने की खबर फैली इस शहर में लोगों का, खास तौर से सोना खोजने वालों का रेला लग गया। 1898 में इस शहर की आबादी महज 1500 थी जो कि रातों रात बढ़ कर तीस हजार हो गई। आज यहां की आबादी में खान में काम करने वाले हैं, कुछ कलाकार हैं, और कुछ वो लोग हैं जो खुद को इस शहर का मूल नागरिक बताते हैं। डॉसन सिटी के मेयर वेन पोटोरका का कहना है कि इस शहर की हमेशा से ही एक अलग पहचान रही है। यहां तरह तरह के लोग रहते हैं जो इस इलाके की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। इसे कनाडा के दीगर शहरों से हटकर एक अलग पहचान दिलाते हैं। डॉसन सिटी, ओगिल्वी पहाड़ों से घिरा हुआ है जो करीब दो हजार किलोमीटर तक फैला हुआ है। ये पहाड़ इस इलाके को खूंखार जंगली जानवरों से बचाता है। अगर आप क्लॉडिंग हाई-वे से जाना चाहते हैं तो व्हाइटहॉर्स से यहां तक पहुंचने में करीब सात घंटे का समय लगेगा। हाईवे की लंबाई करीब 533 किलोमीटर है। यूकॉन इलाका कनाडा का सबसे कम आबादी वाला इलाका है। इस इलाके की ज्यादातर आबादी वाइटहॉर्स में बसी है। वाइटहॉर्स



अलास्का, ब्रिटिश कोलंबिया और नॉर्थ वेस्ट के इलाकों से सटा हुआ है। डॉसन सिटी तक पहुंचने में आपको बहुत तरह के खूबसूरत कुदरती नजारे देखने को मिल सकते हैं। हर साल बड़ी तादाद में लोग डॉसन सिटी घूमने आते हैं। कुछ यहां क़ुदरत के खूबसूरत और दिलकश नजारे देखने आते हैं, तो कुछ यहां अमीर बनने की चाह में आते हैं। सोने की खोज करने वाले ये लोग मेहनत भी खूब करते हैं। सोने की खोज करने वाले ये लोग कई दशकों से इसी काम में लगे हैं। सोने की इस नदी के पास जमी रेत को बालटियों में इकट्ठा करते हैं, फिर उसे कई कई बार छानते हैं। नदी के पानी को छोटे-छोटे बर्तनों में रखकर जमाया जाता है। फिर इस बर्फ से सोने के टुकड़ों को अलग किया जाता है। सोने के ये टुकड़े कई शक्ल में होते हैं। ये मोतीनुमा भी हो सकते हैं, पतले छिलके के रूप में भी हो सकते हैं या फिर गुच्छे के आकार के भी हो सकते हैं। ये जरूरी नहीं कि सोने के ये टुकड़े हर बार ही मिल जाएं। बहुत मेहनत के बाद कुछ टुकड़े ही हाथ लग पाते हैं। सोना तलाशने के लिए यहां कोई रोक टोक नहीं है। कोई भी खुदाई करके यहां सोना तलाशने का काम कर सकता है। लेकिन फिर भी कुछ लोग यहां जमीन के टुकड़े खरीद लेते हैं, ताकि उस जगह से निकलने वाले सोने पर उनका ही हक रहे और कोई दूसरा वहां आकर खुदाई का काम ना कर सके। वो इस इलाके में मशीने भी लगा सकते हैं। हालांकि पिछली एक सदी से सोने के दामों में अक्सर ही उतार चढ़ाव देखने को मिलता रहा है।
आज की तारीख में चाय के एक चम्मच के बराबर का सोना 1300 डॉलर के हिसाब से बिकता है। डॉने मिशेल, डॉसन सिटी में साल 1977 में आई थीं। वो सोना निकालने का काम करती हैं। उन्हें हमेशा से ही अलग-अलग जगहों के बारे में जानने की उत्सुकता रही है। वो नई नई जगहों के बारे में जानकारी हासिल करने को एक खास तरह का इल्म मानती हैं। जब मिशेल को उनकी किसी परिचित ने इस जगह के बारे में बताया तो वो खुद को रोक नहीं पाई और पहुंच गईं सोना तलाशने। डॉने मिशेल आज यहां आने वाले सैलानियों को सोना निकालने का तरीका सिखाती हैं।
डॉने मिशेल यहां खदान मजदूरों के साथ केबिन में रहती हैं। पास के चश्मे के पानी से अपनी प्यास बुझाती हैं और उसी के पानी से खाना बनाती हैं। हालांकि डॉसन सिटी आने से पहले उन्हें सोना निकालने का कोई तजुर्बा नहीं था। लेकिन, यहां रहते हुए उन्होंने ये हुनर सीख लिया और अब दूसरों को भी सिखा रही हैं। मिशेल कहती हैं उनकी जिंदगी बहुत आराम से गुजर रही है। वो पास के शहर में हर रोज काम के लिए जाती हैं और छुट्टी के दिन मजे से सोना तलाशती हैं या फिर आस पास के पहाड़ों में क़ुदरती नजारों का लुत्फ उठाती हैं। हालांकि वो अपने दोस्तों और रिश्तोंदारों से मीलों दूर रहती हैं, लेकिन कभी भी अपने घर की कमी का अहसास नहीं होता।
मिशेल को लगता है ये इलाका ही उनका घर है। मिशेल के मुताबिक एक इलाके की खुदाई पर खदान मजदूरों को काम करने की इजाजत तभी मिल पाती है जब उस इलाके का मालिक या तो मर जाता है या फिर वो अपनी खुशी से कुछ को काम करने की इजाजत देता है। यहां खदान मजदूर एक समुदाय की तरह से काम करते हैं। मिशेल को साल 1981 में पहली बार सोने की खदान में काम करने का मौका मिला था और तभी से वो इस समुदाय का हिस्सा बन गईं। साल 1984 में डॉसन सिटी में वुमेन्स वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ गोल्ड का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में मिशेल कामयाब हुईं।
कुछ सालों बाद यूकॉन ओपन गोल्ड पैनिंग का मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में उनका सामना अपने ही साथियों लोगों से था। मिशेल उन सभी को खदान में काम करने के दिनों से जानती थीं। वो सभी अपने काम में माहिर थे। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों में मिशेल ही एक अकेली महिला थीं जिन्हें तमाम मर्दों से लोहा लेना था। दिलचस्प बात ये थी कि वो इस मुकाबले में भी कामयाब रहीं और यूकॉन ओपन का खिताब जीतने वाली पहली महिला बनीं। कई सालों तक मिशेल इसी तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेती रहीं। बाद में वो कई महिला खदान मजदूरों की कोच बन गई हैं। फिलहाल वो जैक लंदन म्यूजियम में इंटरप्रेटर के तौर पर काम कर रही हैं। साथ ही अपने अनुभव भी लोगों से साझा करती हैं। डॉसन सिटी में सोने की खुदाई का काम हमेशा से ही बड़े पैमाने पर होता रहा है। आज भी यूकॉन की 196 माइनिंग साइट में से 124 सिर्फ डॉसन सिटी में हैं। बोनांजा क्रीक डिस्ट्रिक्ट जो गोल्ड रश की मूल साइट है, वहां आज भी सबसे ज्यादा खदाने हैं। मिशेल के मुताबिक यहां सोने की खुदाई का काम अभी लंबे समय तक चलेगा। लोग इसी तरह यहां आते रहेंगे। हो सकता है, आप यहां गर्मी का एक मौसम गुजारने के इरादे से आएं, लेकिन कोई हैरत नहीं होगी अगर आप यहां तमाम उम्र के लिए बस जाएं. क्योंकि इस जगह में कशिश ही कुछ ऐसी है।



# ये है दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम, घूमने में लग जाते हैं कई दिन



**दुनिया के सबसे बड़े म्युजियम के बारे में क्या आप जानते हैं? शायद ही जानते होंगे आप। हम आज आपको उसी म्युजियम के बारे में बताने जा रहे हैं।**

आप कभी न कभी म्यूजियम में घूमने तो गए ही होंगे। लेकिन क्या आपको पता है कि दुनिया में सबसे बड़ा म्यूजियम कहां पर है। अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम फ्रांस के पेरिस में है। इस म्यूजियम का नाम मुसी डू लौवर है। यह म्युजियम काफी पुराना भी है। इसी म्युजियम में मोनालिसा और वीनस डी मीलो की फेमस पेंटिंग रखी हुई है। यह म्युजियम इतना बड़ा है कि आप इसे एक दिन में नहीं देख पाएंगे। इसे घूमने के लिए कई दिन लग जाते हैं।

### फ्रांस के पेरिस में है यह म्युजियम

इस म्युजियम को पूर्व शाही महल में 1793 में खोला गया था। उस वक्त इस म्युजियम में 537 ड्रॉइंग की एक एग्जिबिशन लगाई गई थी। यह म्युजियम 60600 स्क्वायर फीट में है और यह सबसे बड़ा होने के साथ-साथ सबसे ज्यादा देखे जाने वाला और सबसे अमीर म्युजियम है। इस म्युजियम को देखने के लिए साल 2022 में 90 लाख लोग पहुंचे थे। इसमें 8 क्यूरेटोरियल विभाग हैं। इनका नाम मिस्र के पुरावशेष, पूर्वी पुरावशेषों के पास, ग्रीक, इट्रस्केन, रोमन पुरावशेष, इस्लामी कला, मूर्तिकला और सजावटी कला। इनमें 3 लाख 80 हजार से ज्यादा पुरानी वस्तुएं रखी गई हैं। ज्यादातर पर इसमें प्राचीन मूर्तियां, एंटिक आर्ट, ड्राइंग, पेंटिंग्स और पुरातात्विक खोज में मिली वस्तुएं रखी गई हैं।

### म्युजियम में 24 घंटे रहती है हाई सिक्योरिटी

इस म्युजियम की सुरक्षा के लिए हजारों सुरक्षाकर्मी हमेशा तैनात रहते हैं। इनके हाथों में आधुनिक हथियार होते हैं। कोई भी चोर इस म्युजियम से कुछ भी चुराने से पहले 10 बार सोचेगा।



## मंथन

# झारखंड में विस्थापितों के अधिकार और नई पहल

झारखंड सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन को मंजूरी दी है. लंबे समय से विस्थापन और पुनर्वास का सवाल यहां विमर्श का केंद्र रहा है. खनन परियोजनाओं, बांधों और औद्योगिक विस्तार ने हजारों परिवारों को प्रभावित किया, लेकिन समुचित पुनर्वास अब तक एक चुनौती बना रहा. तीन सदस्यीय आयोग में प्रशासनिक और न्यायिक अनुभव का समावेश इसकी विश्वसनीयता को मजबूत करेगा. कैबिनेट के अन्य फैसलों में कला, साहित्य और संस्कृति को प्रोत्साहन देने वाले प्रस्ताव उल्लेखनीय हैं. ललित कला, साहित्य और संगीत-नाटक अकादमी की स्थापना से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम मिलेगा. राज्य के 35 बांधों के पुनर्वास के लिए 238 करोड़ की स्वीकृति भी महत्वपूर्ण है. वर्ल्ड बैंक के सहयोग से चल रही यह परियोजना प्रभावित परिवारों की जिंदगी को बेहतर बनाने का अवसर है. साथ ही, पुनासी योजना के लिए दी गई बड़ी राशि राज्य की सिंचाई और कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी. शिक्षा और रोजगार के मोर्चे पर भी सकारात्मक कदम उठे हैं. जेएसएससी द्वारा दो चरणों में परीक्षा व्यवस्था पारदर्शिता और योग्यता आधारित चयन को मजबूती देगी. वहीं, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना में स्पष्ट श्रेणी निर्धारण से वंचित तबकों के छात्रों को अवसर मिलेगा. कुल मिलाकर, कैबिनेट के ये फैसले विकास और सामाजिक न्याय दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में आशाजनक हैं. अब जिम्मेदारी इन योजनाओं के ईमानदार और त्वरित क्रियान्वयन पर है.

## नजरिया

# नगर निकाय चुनाव, लोकतंत्र में देरी पर हाईकोर्ट का कड़ा रुख

झारखंड हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव कराने में लगातार हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाया है. कोर्ट का यह संदेश साफ है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के संचालन में टालमटोल किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है. सरकार द्वारा और समय मांगना न केवल प्रशासनिक अक्षमता को उजागर करता है, बल्कि संवैधानिक व्यवस्था के प्रति उसकी जवाबदेही पर भी सवाल खड़े करता है. नगर निकाय चुनाव लोकतांत्रिक ढांचे की बुनियाद हैं. इनसे स्थानीय स्तर पर जनता की भागीदारी और जवाबदेही सुनिश्चित होती है. जब सरकार बार-बार बहाने बनाकर चुनाव टालने का प्रयास करती है, तो यह न केवल नागरिक अधिकारों का हनन है बल्कि शासन की पारदर्शिता पर भी धब्बा है. अदालत द्वारा अवमानना मानना इस बात का संकेत है कि अब धैर्य की सीमा टूट चुकी है. सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव की मौजूदगी यह दर्शाती है कि मामला कितना गंभीर हो चुका है. फिर भी, यदि सरकार कोर्ट की चेतावनी को महज औपचारिकता समझेगी तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत होगा. लोकतंत्र में चुनाव की समयबद्धता उतनी ही जरूरी है जितनी उसकी निष्पक्षता. अब यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाए और जनता का विश्वास बहाल करे. लोकतंत्र की कसौटी केवल बड़े वादों या योजनाओं से नहीं, बल्कि समय पर चुनाव कराने से भी होती है. कोर्ट की सख्ती सरकार के लिए चेतावनी है—लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता अब और नहीं चलेगा.

# भारत की आतंकवाद पर कूटनीतिक जीत

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आतंकवाद का मुद्दा छाया रहा.**



**चीन में हुई एससीओ की बैठक में भारत यह संदेश देने में सफल रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता केवल भारत के हित में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की शांति और स्थिरता के लिए बेहद जरूरी है. यह भारत की बड़ी जीत है.**

21वीं सदी में यदि किसी देश की कूटनीति और रणनीतिक सोच ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को नई दिशा दी है, तो वह निस्संदेह भारत है. चीन के तिआनजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक ने एक बार फिर यह साबित किया कि भारत न केवल अपनी सुरक्षा और संप्रभुता को लेकर दृढ़ है, बल्कि आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक सहमति बनाने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है.यह बैठक भारत के लिए ऐतिहासिक इस मायने में रही कि इसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई. सबसे अहम बात यह रही कि पाकिस्तान की मौजूदगी में ऐसा हुआ, जो लंबे समय से आतंकवाद को संरक्षण देने और उसे राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करने के आरोपों से घिरा है. घोषणापत्र में आतंकवाद को लेकर जिस तरह का स्पष्ट रुख अपनाया गया, वह भारत की कूटनीतिक जीत है.
बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर बिना लाग-लपेट अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति और विकास की राह में सबसे बड़ा खतरा है. भले ही उन्होंने पाकिस्तान का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान में सीमापार आतंकवाद का स्पष्ट संदर्भ था. मोदी ने याद दिलाया कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद की मार झेल रहा है. हजारों निर्दोष नागरिकों और सैनिकों ने इसकी कीमत चुकाई है. लेकिन आज का भारत न कमजोर है और न ही चुप बैठने वाला. यह नया भारत है, जो हर चुनौती का निर्णायक जवाब देने के लिए तैयार है.
उन्होंने एससीओ देशों को चेताया कि आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद न केवल भारत, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं. भारत पहले से ही अल-कायदा और उससे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जानकारी साझा करने के अभियान चला रहा है. मोदी ने दोहराया कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता ही विकास की आधारशिला हैं. बैठक के बाद जारी घोषणापत्र में आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई. विशेष उल्लेखनीय था जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र, जिसमें कई लोगों की जान गई थी. सदस्य देशों ने मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा. यहीं पर पाकिस्तान पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया. वर्षों से पाकिस्तान यह तर्क देता रहा है कि आतंकवाद को आंदोलन की तरह देखा जाना चाहिए. लेकिन इस बार रूस और चीन जैसे उसके करीबी देशों की मौजूदगी में भारत की बात को मान्यता मिलना पाकिस्तान के लिए झटका है. दरअसल, वैश्विक राजनीति में अब सहिष्णुता की सीमा खत्म हो रही है और आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान का दोहरा रवैया सबके सामने आ चुका है.
भारत लगातार यह कहता आया है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए. अच्छे और बुरे आतंकवाद का फर्क करना बेहद खतरनाक है. एससीओ के घोषणापत्र में पहली बार इस सिद्धांत को जगह मिली. इसमें साफ लिखा गया कि सीमा पार गतिविधियों सहित सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की जाती है और सदस्य देशों से अपेक्षा है कि वे इसके खिलाफ मिलकर काम करें.
यह भारत की कूटनीति की बड़ी जीत है. वर्षों से भारत जिस मुद्दे को उठा रहा था, अब वही अंतरराष्ट्रीय घोषणापत्र का हिस्सा बन चुका है. इसके साथ ही इसमें यह भी कहा गया कि आतंकवाद से निपटने में प्रत्येक देश की संप्रभुता और उसके संस्थानों की भूमिका का सम्मान किया जाएगा. भारत आज सिर्फ एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं है, बल्कि वैश्विक मंचों पर निर्णायक भूमिका निभा रहा है. रक्षा, अंतरिक्ष, तकनीक और अर्थव्यवस्था-हर क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं. दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है. एससीओ जैसे मंच पर, जहां रूस, चीन और मध्य एशियाई देशों के साथ पाकिस्तान भी मौजूद हो, वहां भारत की लाइन को समर्थन मिलना इस बात का प्रमाण है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख कितनी बढ़ चुकी है. भारत की इस सफलता का एक बड़ा पहलू यह भी है कि पाकिस्तान की भूमिका लगातार संदेह के घेरे में आ रही है. अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों तक, पाकिस्तान पर यह दबाव है कि वह आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली नीतियों से पीछे हटे. लेकिन पाकिस्तान की समस्या यह है कि उसका पूरा रणनीतिक ढांचा आतंकवाद को साधन बनाकर ही खड़ा हुआ है.
भारत ने अब उस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा दबाव बना दिया है कि पाकिस्तान के लिए बचाव की कोई जगह नहीं बची है. एससीओ की बैठक में पाकिस्तान के प्रतिनिधि चाहकर भी भारत के खिलाफ तर्क नहीं रख पाए, क्योंकि घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा सामूहिक रूप से की गई थी. भारत की कूटनीति की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह किसी गुट का हिस्सा बनकर नहीं चल रहा. शीत युद्ध के दौर में भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन के जरिए अपनी स्वतंत्रता बरकरार रखी थी. आज भी भारत की यही नीति है.भारत रूस और अमेरिका दोनों के साथ रिश्ते बनाए हुए है, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा भी कर रहा है और सहयोग के अवसर भी खोज रहा है. खाड़ी देशों, यूरोप और अफ्रीका के साथ उसके संबंध लगातार गहरे हो रहे हैं. इस स्वतंत्र नीति ने भारत को वैश्विक मंच पर निर्णायक आवाज बनाया है. पीएम मोदी का शक्तिशाली भारत का सपना अब केवल नारों में नहीं, बल्कि कूटनीतिक उपलब्धियों में दिखाई देने लगा है. भारत यह संदेश देने में सफल रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता केवल भारत के हित में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की शांति और स्थिरता के लिए जरूरी है.

## आज का इतिहास

1665 : मुग़लों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच पुरंधर की संधि पर हस्ताक्षर.
1825 : राजनीतिज्ञ दादा भाई नौरोजी का जन्म.
1888 : महात्मा गांधी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरू की.
1946 : भारत में अंतरिम सरकार का गठन.
1967 : महाराष्ट्र का कोयना बांध भूकंप से ध्वस्त, 200 से ज्यादा लोगों की मौत.
1985 : समुद्र में डूबे टाइटेनिक की तस्वीरें आईं.
2000 : श्रीलंका के जाफना की बाहरी सीमाओं पर श्रीलंका सेना तथा मुक्ति चीतों के बीच संघर्ष में 316 लोग मारे गये.
2008: केन्द्रीय कैबिनेट ने सात राज्यों में निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के सम्बन्ध में परिसीमन आयोग की सिफारिशों में सुधार के प्रस्ताव को मंजूरी दी.
2009 : गुजरात हाईकोर्ट ने जसवंत सिंह की मुहम्मद अली जिन्ना पर लिखी किताब पर गुजरात में लगा प्रतिबंध हटाया.

# आइए संवेदनशील बनें, दूसरों को खुशियां बांटें

## चिंतन

मोहन काका बरसों से माधोपुर गांव में चिट्ठियां बांटने का काम करते थे. एक दिन उन्हें एक चिट्ठी मिली, पता माधोपुर के करीब का था लेकिन आज से पहले उन्होंने उस पते पर कोई चिट्ठी नहीं पहुंचाई थी. वे उस नए पते पर पहुंचे, दरवाजे पर आवाज़ दी,पोस्टमैन. अंदर से लड़की की आवाज़ आई, काका, दरवाजे के नीचे चिट्ठी डाल दीजिए. बाहर आओ! रजिस्ट्री है, हस्ताक्षर करने पर ही मिलेगी. काका बोले. अभी आई. अंदर से आवाज़ आई. पर जब 2 मिनट बाद भी नहीं आई तो काका बोले- यही काम नहीं है मेरे पास, जल्दी करिए और भी चिट्ठियां बांटनी हैं. कुछ देर बाद दरवाज़ा खुला. दृश्य देख कर काका चौंक गए. एक 12-13 साल की लड़की थी जिसके दोनों पैर नहीं थे. उन्हें अपनी अधीरता पर शर्मिंदगी होने लगी. लड़की बोली, क्षमा कीजिएगा आने में देर लगा दी. इसके कुछ दिन बाद काका को फिर उसी पते की चिट्ठी मिली. वे वहां पहुंचे. चिट्ठी आई है, हस्ताक्षर की भी ज़रूरत नहीं,नीचे से डाल दूं. काका बोले. नहीं-नहीं, रुकिए मैं अभी आई., लड़की भीतर से चिल्लाई. कुछ देर में दरवाजा खुला. लड़की के हाथ में एक डिब्बा था. काका लाइए चिट्ठी और लीजिए तोहफ़ा. लड़की बोली.इसकी क्या ज़रूरत बेटा, काका संकोच से बोले. लड़की बोली, काका आप इसे घर जा कर ही खोलिएगा. काका ने घर पहुंचते ही डिब्बा खोला, और उनकी आंखों से आंसू टपकने लगे. डिब्बे में एक जोड़ी चप्पलें थीं. काका बरसों से नंगे पांव चलते थे लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया था. काका चप्पलें कलेजे से लगा कर रोने लगे. उनके मन में ही विचार आ रहा था- बच्ची ने उन्हें चप्पलें तो दे दीं पर वे उसे पैर कहां से लाकर देंगे?
दोस्तों, संवेदनशीलता बहुत बड़ा गुण है. दूसरों के दुखों को महसूस करना और उसे कम करने का प्रयास करना बड़ा काम है. जिस बच्ची के खुद के पैर न हों उसकी दूसरों के पैरों के प्रति संवेदनशीलता हमें बहुत बड़ा संदेश देती है. हम भी समाज, अपने आस-पड़ोस, अपने यार-मित्रों-अजनबियों सभी के प्रति संवेदनशील बनें. आइए हम भी किसी के नंगे पांव की चप्पलें बनें और दुःख से भरी इस दुनिया में कुछ खुशियां फैलाएं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #AnnapurnaMuhimBySantRampalJi
2. 5Days Left Avataran Diwas
3. #RespectParents
4. #बंगाल_फाइल्स
5. Joint Family
6. #zerodha
7. Old Age Homes
8. श्री हेमंत खंडेलवाल
9. #जलझूलनी_एकादशी
10. बैतूल विधानसभा क्षेत्र

# बहुरंग



# अनुराग कश्यप की फिल्म 'निशानची' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड के जाने माने फिल्म मेकर अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'निशानची' को लेकर सुर्खियों में हैं. क्राइम ड्रामा जॉनर पर आधारित इस फिल्म की चर्चा पिछले काफी समय से दर्शकों के बीच बनी हुई है. सिनेमाप्रेमियों की निगाहें इसकी रिलीज पर टिकी हुई हैं और अब आखिरकार इसका बहुप्रतीक्षित ट्रेलर सामने आ चुका है. इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके जरिए शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के पोते ऐश्वर्य ठाकरे एक्टिंग की दुनिया में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं. लंबे समय से ऐश्वर्य के फिल्मी करियर को लेकर अटकलें चल रही थीं और 'निशांची' ने उन सभी को विराम दे दिया है. ट्रेलर में ऐश्वर्य का एक्शन अवतार बेहद प्रभावशाली नजर आता है. उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और इंटेंस एक्टिंग ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे की जोड़ी बनाई वेदिका पिंटो के साथ बनाई गई है, जो कहानी में ग्लैमर और ताजगी का स्पर्श जोड़ती दिखाई दे रही हैं. दोनों के बीच की केमिस्ट्री ट्रेलर में भी साफ झलकती है. अनुराग कश्यप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, अब तक तो बस झलक देखे थे अब टाइम है फुल बवाल ट्रेलर देखने का. फिल्म के कलाकारों की बात करें तो इसमें दमदार सहायक कलाकारों की पूरी टीम शामिल है. मोनिका पनवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब, पीयूष मिश्रा, मनन भारद्वाज, वरुण ग्रोवर और कुमुद मिश्रा जैसी मजबूत प्रतिभाएं कहानी को और भी गहराई देने वाली हैं.

## 'जॉली एलएलबी 3' ट्रेलर लॉन्च बना जंग का मैदान, कानपुर बनाम मेरठ में भिड़ंत





जैसे-जैसे जॉली एलएलबी 3 की रिलीज डेट करीब आ रही है, फिल्म का प्रमोशन नए-नए ट्विस्ट और सरप्राइज लेकर दर्शकों के सामने आ रहा है. ताजा वीडियो में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जॉली बनाम जॉली की मजेदार नोकझोंक सोशल मीडिया पर छा चुकी है. कानपुर बनाम मेरठ, किसकी होगी जीत?वीडियो में जॉली त्यागी (अरशद वारसी) पूरे जोशो-खरोश के साथ मेरठ की तरफदारी करते हैं. उनके ठेठ देसी अंदाज और मजेदार डायलॉग्स दर्शकों को जोर-जोर से हंसने पर मजबूर कर देते हैं. दूसरी तरफ जॉली मिश्रा (अक्षय कुमार) पूरे दमखम और देसी स्वैग के साथ कानपुर की साइड पकड़ते हैं. दोनों की आपसी खींचतान, तंज कसने की टाइमिंग और मजाकिया पंचलाइनें इस वीडियो को सिर्फ एक प्रोमो नहीं, बल्कि एक मिनी कोर्ट रूम ड्रामा बना देती है. फर्क बस इतना है कि इस बार जज फैसला नहीं सुना रहे, बल्कि फैसला जनता हाथों में है. जनता करेगी फैसलामेकर्स ने दर्शकों से अपील की है कि अब वह खुद चुनें कि जॉली एलएलबी 3 का ट्रेलर लॉन्च कहां होना चाहिए, कानपुर या मेरठ? वोट करने के लिए लिंक (www.jollyvsjolly.com) भी जारी किया गया है. इस नए अंदाज की मार्केटिंग स्ट्रेटजी ने दर्शकों में उत्साह को और दोगुना कर दिया है. फ्रेंचाइजी का मजेदार सफर2013 में रिलीज हुई जॉली एलएलबी में मेरठ के वकील जॉली त्यागी (अरशद वारसी) ने दर्शकों का दिल जीत लिया था. इसके बाद 2017 में 'जॉली एलएलबी 2' आई, जिसमें कानपुर के वकील जॉली मिश्रा (अक्षय कुमार) की एंट्री हुई. अब तीसरे भाग में दोनों जॉली पहली बार एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे. दमदार स्टार कास्टस्टार स्टूडियो18 के बैनर तले और सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी 3' में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अलावा हुमा कुरैशी, अमृता राव और सौरभ शुक्ला जैसे मंझे हुए कलाकार भी नजर आएंगे. दर्शक बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं.

## 'नो एंट्री 2' से अलग हुए दिलजीत दोसांझ, बोनी कपूर ने की पुष्टि

फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल की घोषणा के बाद से ही दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी कर रहे हैं और इसके निर्माता बोनी कपूर हैं. फिल्म से जुड़ी कई जानकारियां लगातार सामने आ रही हैं. हाल ही में खबर आई थी कि दिलजीत दोसांझ 'नो एंट्री 2' का हिस्सा नहीं होंगे. अब बोनी कपूर ने खुद दिलजीत के फिल्म से अलग होने की पुष्टि कर दी है. मीडिया से बातचीत में बोनी कपूर ने साफ किया कि दिलजीत दोसांझ ने 'नो एंट्री 2' से खुद को अलग कर लिया है. उन्होंने कहा, हां, हम अच्छे माहौल में अलग हुए हैं. इसकी एकमात्र वजह ये है कि उनकी तारीखें हमारे शूटिंग शेड्यूल से मैच नहीं कर रही थीं. उम्मीद है जल्द ही हम किसी पंजाबी फिल्म में साथ काम करेंगे. इससे पहले निर्देशक अनीस बज्मी भी दिलजीत के फिल्म से बाहर होने की पुष्टि कर चुके थे. 'नो एंट्री 2' साल 2006 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म 'नो एंट्री' का सीक्वल है. ओरिजिनल फिल्म में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान लीड रोल में नजर आए थे. खास बात यह है कि 'नो एंट्री' 2002 में आई तमिल फिल्म 'चार्ली चैपलिन' का हिंदी रीमेक थी.

## दूसरी बार मां बनीं अभिनेत्री गौहर खान, बेटे को दिया जन्म

अभिनेत्री गौहर खान एक बार फिर से मां बन गई हैं. लंबे समय से अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में बनीं गौहर ने आखिरकार अपने फैंस के साथ यह खुशखबरी शेयर की है. अभिनेत्री ने एक सितंबर को अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया है. गौहर और उनके पति जैद दरबार ने इस प्यारी खबर की जानकारी सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत पोस्ट के जरिए दी. जैसे ही यह पोस्ट सामने आया, पूरे एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और फैंस के बीच बधाइयों का तांता लग गया. हर कोई इस कपल को शुभकामनाएं दे रहा है और छोटे मेहमान के लिए ढेर सारा प्यार भेज रहा है. गौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ₹जेहान अपने बड़े भाई का स्वागत करने के लिए तैयार है, जिसका जन्म 1 सितंबर, 2025 को हुआ है.₹ इसके साथ ही गौहर और जैद ने अपने दोस्तों, परिवार और शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा किया है जिन्होंने पूरे सफर में उन्हें दुआओं और प्यार से घेरा रखा. पोस्ट शेयर होते ही कॉमेंट सेक्शन में बधाइयों की बौछार होने लगी. टीवी सितारों से लेकर फिल्म इंडस्ट्री के बड़े नामों ने कपल को बधाई दी और नन्हे मेहमान को आशीर्वाद भेजा. गौहर खान ने 25 दिसंबर, 2020 को मशहूर कोरियोग्राफर जैद दरबार से शादी की थी. दोनों की जोड़ी शुरुआत से ही सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर रही है. फिर 10 मई, 2023 को इस कपल ने अपने पहले बेटे जेहान का स्वागत किया था. अब जेहान बड़ा भाई बन चुका है और परिवार में नन्हे सदस्य के आने से खुशियां दोगुनी हो गई हैं.



## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग. शुभांक-4-6-8

**वृष :** सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. यात्रा का योग हैं. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-7-8-8

**कर्क :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-4-5-6

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. खान-पान में सावधानी रखें. स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. शुभांक-7-8-9

**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. शुभांक-3-6-7

**धनु :** सुख आरोग्य प्रभावित होगा. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं. अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शुभांक-3-6-7

**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-4-7-8

**कुंभ :** मौसमी बीमारियों से बचाव आवश्यक है. परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है. शुभांक-5-7-9

**मीन :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. सावधानी बरतने ही रास्ता निकलेगा। शुभांक-5-7-8

**ब्रीफ न्यूज**

### नवादा: नाबालिग का फंदे से लटका मिला शव

**नवादा ।** जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के एक गाव में एक दिल दहलाने वाली घटना ने पूरे इलाके में कोहराम मचा दिया है. दरअसल थान क्षेत्र के अतौआ गांवनिवासी छोटे लाल मांझी की 17 वर्षीय पुत्री संजू कुमारी का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया, जिसके बाद परिवार और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया. मामले की सुचन मिलते ही पर दल बल के साथ पहुचे थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है. बेटी की मौत से व्यथित मृतका के पिता छोटेलाल मांझी ने बताया कि उनकी बेटी संजू कुमारी कोचिंग पढ़ने गई थी. वो दोपहर 12 बजे तक घर लौट आती थी. उस दिन जब वह समय पर नहीं लौटी, तो पूछताछ में पता चला कि रोशन कुमार नामक युवक उसे अपने साथ ले गया था. छोटेलाल ने जब अपनी बेटी को वापस लाने की कोशिश की, तो रोशन ने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की. इसके बाद संजू कुमारी को घर लाया गया, जहां उसकी मां ने उसे फटकार भी लगाई थी. परिवार ने बताया कि उस दिन सभी ने साथ में भोजन किया, लेकिन अचानक खबर आई कि संजू की मौत हो गई.

### नवविवाहित महिला की मौत, हंगामा

**मधुबनी ।** मधुबनी के अरेर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में मंगलवार को एक बार फिर नवविवाहिता महिला की संदिग्ध मौत हो गई. मृतका की पहचान 19 वर्षीय शांति देवी के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, शांति देवी ने गांव के ही राहुल पासवान नामक युवक से 3 साल पहले प्रेम विवाह किया था. पति 10 दिन पहले अहमदाबाद से घर आया था. बीते तीन वर्षों में अक्सर दोनों के बीच झगड़ा होता था. सोमवार को भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. मृतका की सास ने बताया कि मंगलवार को बहू ने पेट दर्द की शिकायत की थी. उसने दवाई की पूरी बोतल पी ली थी. इसके बाद परिजन उसे सुबह बेनीपट्टी अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.



## पितृपक्ष मेला की तैयारी का सीएम नीतीश कुमार ने लिया जायजा, बोले-

# व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए

**शुभम संदेश । पटना**

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला की तैयारियों का निरीक्षण करने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया जी पहुंचे. गया जी पहुंचते ही सबसे पहले सीएम ने भगवान विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा-अर्चना की. इसके बाद सीएम नीतीश सीधे देवघाट पहुंचे, जहां उन्होंने पितृपक्ष मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया. इसके बाद वे समाहरणालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की. मोक्ष की नगरी गया जी में 6 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाले राजकीय पितृपक्ष मेला के लिए इस समय युद्धस्तर पर तैयारी चल रही है.

पेयजल, आवासन, सफाई और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है.इस बार भी देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है. गया जी का पितृपक्ष मेला न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि यह बिहार की सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक धरोहर का भी प्रतीक माना जाता है.मोक्ष की नगरी गया एक बार फिर आस्था और परंपरा का केंद्र बनने जा रही है. सीएम ने भगवान विष्णु के गर्भगृह में विशेष पूजा अर्चना कर बिहार की उन्नति की कामना की. इसके बाद वे देवघाट स्थित पितृपक्ष मेला परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे. शाम को समाहरणालय में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक कर मेले की तैयारियों पर फीडबैक लिया.

### उर्दू व बांग्ला टीईटी अभ्यर्थियों ने जदयू कार्यालय का किया घेराव



**शुभम संदेश । पटना**

उर्दू और बांग्ला टीईटी अभ्यर्थियों ने बुधवार को पटना स्थित जेडीयू कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी पिछले 10 वर्षों से 2013 में आयोजित उर्दू और बांग्ला टीईटी परीक्षा के परिणाम की घोषणा की मांग कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर उनका रिजल्ट रोक रही है, जबकि उसी वर्ष हिंदी टीईटी का परिणाम पहले ही जारी किया जा चुका है और बहालियाँ भी हो चुकी हैं. प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे. अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने सड़क से लेकर कोर्ट तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. अभ्यर्थियों ने सरकार पर भाषा और वर्ग के आधार पर भेदभाव करने का आरोप भी लगाया. उनका कहना है कि यह सिर्फ रोजगार का नहीं, न्याय और समानता का भी मामला है.

## 456 बोतल विदेशी शराब बरामद, पिकअप वैन जब्त



▪ पुलिस को शक है कि यह बड़ी खेप सीमावर्ती इलाकों से तस्करी कर लाई जा रही थी और जिले के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई की तैयारी थी

**शुभम संदेश । गोपालगंज**

जिले अवैध शराब कारोबार के खिलाफ उत्पाद पुलिस ने एक और तगड़ा वार किया है. गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में कुचायकोट थाना क्षेत्र के सिरिसिया ढाला के पास से 456 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई. इस दौरान शराब से लदी एक पिकअप गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है. पुलिस को शक है कि यह बड़ी खेप सीमावर्ती इलाकों से तस्करी कर लाई जा रही थी और जिले के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई की तैयारी थी. लेकिन इससे पहले ही उत्पाद पुलिस ने पूरी योजना पर पानी फेर दिया. उत्पाद विभाग ने कहा है कि इस मामले की गहन जांच की जा रही है. पुलिस का मानना है कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है, जो लगातार शराबबंदी कानून को धता बता रहा है. बिहार में शराबबंदी कानून लागू है, इसके बावजूद शराब माफिया तस्करी से सप्लाई करने में सक्रिय हैं. हाल के दिनों में जिले के कई हिस्सों से विदेशी और देशी शराब की दर्जनों खेप पकड़ी जा चुकी हैं.

## गर्भवती महिला की मौत से परिजनों का गुस्सा फूटा, जमकर मचाया हंगामा

▪ डॉक्टर और स्टाफ सब हुए फरार

**शुभम संदेश । बेतिया**

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया नगर थाना क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी लापरवाही सामने आई है. नगर के हॉस्पिटल रोड स्थित न्यू पारस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया. स्थिति बिगड़ते देख अस्पताल प्रबंधन ने आनन-फानन में क्लिनिक पर ताला जड़ दिया और डॉक्टर व स्टाफ फरार हो गए.

जानकारी के मुताबिक, लौरिया थाना क्षेत्र के सुअर छापर निवासी चंदन कुशवाहा की पत्नी रश्मि कुमारी को परिजन इलाज कराने न्यू पारस हॉस्पिटल लाए थे. गर्भवती महिला को एडमिट करने के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी. इसी बीच उसे कुछ इंजेक्शन दिया गया, जिसके बाद अचानक महिला की हालत बिगड़ गई. देखते ही देखते उसने दम तोड़ दिया.

**परिजनों का आरोप, लापरवाही से गई जान :** महिला की मौत के बाद परिजन काफी आक्रोशित हो गए. उनका कहना है कि क्लिनिक प्रबंधन की लापरवाही के कारण गर्भवती महिला की जान गई. परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल दलालों के जरिए मरीजों को फंसाता है और बिना पर्याप्त सुविधा के इलाज कराता है, जिससे आए दिन मरीजों की मौत होती है.

**अस्पताल में ताला, डॉक्टर-स्टाफ फरार :** घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में भारी संख्या में लोग जुट गए. भीड़ बढ़ते देख डॉक्टर और स्टाफ क्लिनिक में ताला बंद कर फरार हो गए. वहीं, आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

**पुलिस ने संभाली स्थिति, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा :** घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और नगर थाना को जानकारी दी. बाद में पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया.

गौरतलब है कि बेतिया नगर क्षेत्र के हॉस्पिटल रोड पर इस तरह की घटनाएं नई नहीं हैं. आए दिन निजी क्लिनिकों में मरीजों की जान जाती है, लेकिन न तो स्वास्थ्य विभाग और न ही जिला प्रशासन इस पर कोई सख्त कदम उठाता है. स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग की संवेदनहीनता और उदासीनता के कारण ही इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं.

## बिहार के 38 जिलों में आठ सितंबर तक बारिश के आसार; कोसी-गंगा उफान पर, संकट गहराया

**शुभम संदेश । पटना**



बिहार में मानसून थोड़ा कमजोर जरूर पड़ गया है लेकिन सभी जिलों में बारिश के आसार आज से लेकर आठ सितंबर तक हैं. उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम बिहार, दक्षिण-मध्य, दक्षिण-पूर्व बिहार में एक या दो स्थानों पर बारिश के आसार हैं. पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद समेत पूरे बिहार में बारिश के आसार हैं. मौसम विभाग ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है. इधर, लगातार बारिश के कारण गंगा और कोसी उफान पर है. नेपाल में हुई लगातार भारी बारिश का असर बिहार की कोसी नदी पर साफ दिखने लगा है. जलग्रहण क्षेत्रों में मूसलधार बारिश के बाद रविवार शाम से कोसी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा. नेपाल प्रभाग के बराहक्षेत्र से भी पानी का डिस्चार्ज लगातार बढ़ता घटता रहा. जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, खगड़िया के डुमरी और बलतारा, भागलपुर के विजय घाट पुल और कटिहार के कुरसेला में कोसी का बहाव पहले ही खतरे के निशान को पार कर चुका है. प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य की तैयारी तेज कर दी है.

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों के दौरान पटना के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने के आसार हैं. वहीं अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है. उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव बना हुआ है. अगले 24 घंटों के दौरान इसी क्षेत्र में इसके और भी ज्यादा प्रभावी होने की संभावना है. इसके बाद यह अगले 24 घंटे के ऊपर होते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा.

**मुंगेर में फिर से बाढ़ का खतरा :** मुंगेर में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. पहले ग्रामीण इलाकों में पानी फैलने के बाद अब शहरी क्षेत्रों में भी गंगा का पानी प्रवेश कर चुका है. नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत लाल दरवाजा–गीता बाबू लिंक पथ पर लगभग तीन फीट पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है. नगर निगम क्षेत्र के कई निचले इलाकों और घरों में भी बाढ़ का पानी घुस गया है. सदर प्रखंड के मोहली पंचायत अंतर्गत आदर्श ग्राम टीका रामपुर में ग्रामीण सड़क और आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह पानी में डूब गए हैं.

**भागलपुर में भी बाढ़ का खतरा :** गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि से जिले में बाढ़ का खतरा एक बार फिर गहरा गया है. भागलपुर जिले के कहलगांव, सुल्तानगंज, नाथनगर, सबौर और नवगछिया अनुमंडल के तीन प्रखंडों सहित कुल आठ प्रखंडों के निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं. गंगा के साथ-साथ कोसी नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है, जिससे नवगछिया अनुमंडल के कोसी तटवर्ती क्षेत्रों में पानी तेजी से प्रवेश कर रहा है.

**कारोबार**

### अनलोन हेल्थकेयर की सपाट शुरुआत होने से निवेशक निराश हुए

**नई दिल्ली ।** फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स का उत्पादन करने वाली कंपनी अनलोन हेल्थकेयर के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में सपाट स्तर पर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 91 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी बदलाव के 91 रुपये के स्तर पर ही हुई, जबकि एनएसई पर 1 प्रतिशत प्रीमियम के साथ कंपनी के शेयर 92 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए. लिस्टिंग के बाद भी कंपनी के शेयर सीमित दायरे में कारोबार करते नजर आ रहे हैं. सुबह 11:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद अनलोन हेल्थकेयर के शेयर 91.80 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. अनलोन हेल्थकेयर का 121 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 से 29 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 7 गुना सब्सक्राइब हुआ था.

## सोने पर रिपोर्ट में बड़ा दावा, आईसीआईसीआई बैंक ने कहा-

# 1.25 लाख प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है भाव

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



भारतीय सोने की कीमतों में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है. आईसीआईसीआई बैंक के आर्थिक अनुसंधान समूह के एक शोध नोट के अनुसार सोना 2025 में 99,500 रुपये से 1,10,000 रुपये प्रति दस ग्राम के बीच करोबार करेगा. वहीं 2026 की पहली छमाही में इसकी कीमत 1,10,000 रुपये से 1,25,000 रुपये तक बढ़ जाएगी. इसमें कहा गया है कि अगर रुपया डॉलर के मुकाबले अनुमानित स्तर से कहीं अधिक कमजोर होता है तो आर्थिक अनुमान पर अतिरिक्त जोखिम पैदा हो सकते हैं. रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के लिए डॉलर-रुपया विनिमय दर का औसत 87.00 से 89.00 के दायरे में रहने का अनुमान लगाया गया है.

**2025 में सोने की कीमतों में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है :** 2025 में अब तक वैश्विक सोने की कीमतों में लगभग 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इसे अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में ढील दिए जाने की उम्मीदों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर संस्थागत चिंताओं का समर्थन प्राप्त है. विश्लेषकों का अनुमान है कि 2025 के बाकि समय में वैश्विक सर्राफा औसतन 3,400 से 3,600 डॉलर प्रति औंस रहेगा और 2026 की पहली छमाही में और बढ़कर 3,600 से 3,800 डॉलर प्रति औंस हो जाएगा.

**अमेरिकी घटनाक्रमों से कीमतों पर पड़ेगा असर :** रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है, तो इन सीमाओं में और भी वृद्धि हो सकती है. अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर संरचनात्मक कमजोरियों को लेकर जारी चिंताओं के चलते मध्यम अवधि में सोने की कीमतों में तेजी का रुझान बना रहने की उम्मीद है. सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी में थोड़ी कमी के बावजूद पीली धातु के लिए मध्यम अवधि में तेजी की उम्मीदें बरकरार हैं. यह अनुमानित बढ़त अमेरिका में हो रहे घटनाक्रमों से जुड़ी हुई है.

भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार युद्ध की अनिश्चितताओं में कमी के बीच सोने की खरीदारी में कमी आई है. हांलाकि सोने की तेजी का अगला चरण अमेरिकी घटनाक्रमों से प्रेरित होगा. इनमें 2025-26 तक फेड द्वारा ब्याज दरों में 125 आधार अंकों की अनुमानित कटौती का असर पड़ेगा. साथ ही केंद्रीय बैंकों व निवेशकों द्वारा डॉलर से दूर रहकर चल रहा विविधीकरण शामिल है.

**घरेलू स्तर पर सोने की कीमतें क्यों बढ़ी :** घरेलू स्तर पर, सोने की कीमतों में तेजी कमजोर रुपये और मजबूत निवेश मांग, दोनों के कारण आई है. भारत का आयात जून के 1.8 अरब डॉलर से बढ़कर जुलाई 2025 में 4.0 अरब डॉलर हो गया. यग त्योहारी सीजन से पहले मजबूत स्थानीय मांग को दर्शाता है.

**गोल्ड ईटीएफ में हुआ अधिक निवेश :** भारत में गोल्ड ईटीएफ में भी उल्लेखनीय निवेश हुआ है. यह पिछले साल की तुलना में इस साल अब तक निवेश लगभग दोगुना हो गया है. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि गोल्ड एक्सचेंज- ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में निवेशकों की रुचि स्पष्ट रूप से देखी गई है. इसमें एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों का हवाला दिया गया है. यह दर्शाते हैं कि जुलाई में 12.6 अरब रुपये का शुद्ध निवेश हुआ. हालांकि यह जून के 20.8 अरब रुपये के निवेश से कम था, लेकिन साल-दर-साल 92.8 अरब रुपये का निवेश पिछले साल की इसी अवधि में हुए 45.2 अरब रुपये के निवेश से दोगुने से भी ज्यादा था.

### विक्रान इंजीनियरिंग का शेयर निर्गम मूल्य से 3% की बढ़त पर सूचीबद्ध हुआ

**एजेंसी । मुंबई**

विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 97 रुपये से लगभग तीन फीसदी की बढ़त के साथ बुधवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ. कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,561.06 करोड़ रुपये रहा. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर विक्रान इंजीनियरिंग की शेयर की शुरुआत 99.70 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से 2.78 फीसदी की बढ़त है. इसके बाद में यह 4.52 फीसदी चढ़कर 101.39 रुपये पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यह दो फीसदी की बढ़त के साथ 99 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ. विक्रान इंजीनियरिंग के 772 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को इस इश्यू को प्रस्तावित 92-97 रुपये प्राइस बैंड पर बोली के अंतिम दिन गत शुक्रवार तक 23.59 गुना अभिदान मिला था. ये आईपीओ 721 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 51 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था. विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड के आईपीओ में नया इश्यू और बिक्री प्रस्ताव दोनों शामिल हैं. मुंबई स्थित यह कंपनी नए शेयर की बिक्री से प्राप्त 541 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण और शेष राशि का इस्तेमाल कंपनी के सामान्य कामकाज के लिए करेगी. विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड तेजी से बढ़ती भारतीय इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कंपनियों में से एक है. इसके प्रमुख ग्राहकों में एनटीपीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड आदि शामिल हैं. कंपनी के पास देश के 16 राज्यों में 44 चालू परियोजनाएं है.

### मॉयल का अगस्त में 17% सालाना वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 1.45 लाख टन उत्पादन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड (मॉयल) ने अगस्त में अब तक का सर्वाधिक 1.45 लाख टन उत्पादन किया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17 फीसदी की वृद्धि है. कंपनी ने अगस्त में 1.13 लाख टन की बिक्री की है, जो



सलाना आधार पर 25.6 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि है. इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि कंपनी ने अप्रैल-अगस्त 2025 के दौरान मॉयल ने 7.92 लाख टन उत्पादन के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया, जो सलाना आधार पर 9.3 फीसदी की वृद्धि है. इसके अलावा 50,621 मीटर अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग सलाना आधार पर 8.6 फीसदी वृद्धि के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है. मॉयल के सीएमडी अजीत कुमार सक्सेना ने अगस्त महीने के इस रिकॉर्ड प्रदर्शन के लिए टीम को बधाई दी और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में भी उत्पादन और बिक्री में वृद्धि हासिल करने के लिए उनके अथक प्रयासों की सराहना की है. उत्पादन आंकड़ों की घोषणा के बाद मॉयल के शेयरों में 8.4 फीसदी की वृद्धि हुई और बीएसई पर यह 374.1 रुपये प्रति शेयर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया. कंपनी का बाजार पूंजीकरण 7,359.04 करोड़ रुपये रहा.

**सर्वेक्षण रिपोर्ट** भारत का सेवा क्षेत्र 14 वर्षों में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ा

# अगस्त में पीएमआई 62.9 पर पहुंचा, एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त में बढ़कर 62.9 पर पहुंचा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत के सेवा क्षेत्र ने 14 वर्षों के बाद से सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है. एचएसबीसी सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त में बढ़कर 62.9 पर पहुंच गया, जबकि जुलाई में यह 60.5 था. इसमें कहा गया कि यह जून 2010 के बाद का सबसे तेज विस्तार है, जो मांग और कारोबारी गतिविधियों में मजबूत उछाल को दर्शाता है.

**नए ऑर्डर और समग्र गतिविधि 15 वर्षों के उच्चतम दर पर पहुंची :** सूचकांक में तीव्र वृद्धि दर्शाती है कि अगस्त के दौरान मांग में उल्लेखनीय सुधार से भारतीय सेवा अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ. नए ऑर्डर और समग्र गतिविधि, दोनों ही 15 वर्षों में अपनी उच्चतम दर से बढ़े.

**निर्यात में हुई तेज वृद्धि :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री में भी सुधार देखने को मिला. रिपोर्ट के अनुसार, निर्यात में वृद्धि ने सितंबर 2014 से शुरू हुई इस श्रृंखला में तीसरी सबसे तेज बढ़त दर्ज की. कंपनियों ने हाल के महीनों में मजबूत नौकरी सृजन के चलते अपने कार्यबल का विस्तार जारी रखा. हालांकि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता उपलब्ध रही. इसके कारण बकाया व्यवसाय में केवल मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि रोजगार में भी हल्की वृद्धि देखी गई.

**इनपुट लागत मुद्रास्फीति नौ महीने के उच्चतम स्तर पर :** लागत पक्ष पर, कंपनियों ने वेतन वृद्धि और ओवरटाइम भुगतान के कारण अधिक व्यय की सूचना दी. वहीं इनपुट लागत मुद्रास्फीति नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई. बढ़ते खर्चों से निपटने के लिए, कंपनियों ने अपने उत्पादन मूल्य बढ़ा दिए.



**उत्पादन शुल्कों में 2012 के बाद सबसे तेज वृद्धि :** मांग इतनी मजबूत रही कि वह इन बढ़ोतरी को झेल सकी. इसके परिणामस्वरूप जुलाई 2012 के बाद से उत्पादन शुल्कों में सबसे अधिक वृद्धि हुई. सर्वेक्षण में यह भी कहा गया कि व्यापक निजी क्षेत्र ने मजबूत प्रदर्शन किया.

**आउटपुट इंडेक्स बढ़कर 63.2 पर पहुंचा :** एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स, जो विनिर्माण और सेवाओं, दोनों पर नजर रखता है, जुलाई के 61.1 से बढ़कर अगस्त में 63.2 हो गया. यह 17 वर्षों से भी ज्यादा समय में विस्तार की सबसे तेज गति को दर्शाता है .

**नए व्यवसायों में हुई बढ़ोतरी :** अगस्त के आंकड़ों ने सेवाओं और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में उत्पादन में व्यापक वृद्धि को दर्शाया. नए व्यवसायों में वृद्धि 2010 के मध्य के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई. हालांकि, सेवा क्षेत्र में यह तेजी अधिक स्पष्ट थी. वहीं विनिर्माण उद्योग स्थिर गति से विस्तार करता रहा. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दोनों क्षेत्रों में कुल रोजगार में ठोस वृद्धि हुई है, जो जुलाई की तुलना में ज्यादा है.

**भर्ती गतिविधियां बढ़ी :** सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने तेजी से भर्ती गतिविधियां दर्ज कीं, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों ने स्थिर वृद्धि दर्ज की. कुल मिलाकर, अगस्त के पीएमआई सर्वेक्षणों से पता चला है कि भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ती घरेलू मांग, तेजी से रोजगार सृजन और सेवाओं और विनिर्माण दोनों में अच्छी वृद्धि से मजबूती मिल रही है.

## जेरोधा के ट्रेडिंग एप में आई गड़बड़ी से ग्राहकों को परेशानी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

ऑनलाइन ब्रोकरेज फर्म जेरोधा के ग्राहकों को बुधवार की सुबह तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा. कंपनी के काइट ट्रेडिंग ऐप पर कुछ यूजर्स को अपने सौदों की कीमत अपडेट करते समय दिक्कतों का सामना करना पड़ा. इस गड़बड़ी के कारण कई निवेशकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत की. उन्होंने बताया कि प्रतिभूति बाजार सुबह 9.15 बजे खुला तो उन्हें शेयर बेचने में दिक्कत हुई.

कंपनी ने इस समस्या को स्वीकार करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, हमारे कुछ उपयोगकर्ताओं को एप पर मूल्य अपडेट में समस्या आ रही है. हम इसकी जांच कर रहे हैं. फिलहाल, कृपया मोबाइल ब्राउजर पर काइट वेब पर लॉग इन करें. ऑर्डर प्लेसमेंट प्रभावित नहीं हुआ है. इक्विटी सेगमेंट के लिए, आप एप 20 डेप्थ भी देख सकते हैं. सुबह 9:51 बजे ब्रोकिंग फर्म ने उसी पोस्ट में पुष्टि करते हुए बताया कि समस्या का समाधान हो गया है. एक उपयोगकर्ता ने पोस्ट किया, ₹जेरोधा काइट ऐप के कारण 4 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है. कृपया इसकी जांच करें और क्षतिपूर्ति करें. एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया था, पिछले 15 मिनट से जेरोधा जवाब नहीं दे रहा है कि नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार होगा. मैं अपनी स्थिति का आकलन नहीं कर सकता. कृपया बताएं कि क्या जेरोधा हर समय नीचे रहता है.

## खुशियों का दिन बना त्रासदी, बेंगलुरु भगदड़ पर कोहली ने तोड़ी चुप्पी, दी पहली प्रतिक्रिया, कहा-

# उन परिवारों के बारे में सोच रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया...

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

विराट कोहली 4 जून की उस घटना को याद कर इमोशनल हो गए, जो क्रिकेट इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है. दरअसल 18 साल बाद आरसीबी ने आईपीएल ट्रॉफी जीती थी, जिसकी खुशी देशभर के करोड़ों फैंस ने मनाई. आरसीबी मैनेजमेंट ने भी जल्दबाजी में अगले ही दिन एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बैंगलोर में जश्न का कार्यक्रम आयोजित कर दिया. विराट समेत सभी प्लेयर्स को देखने और जीत के जश्न में शामिल होने के लिए भारी भीड़ आ गई. इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी. घटना के 3 महीने बाद विराट कोहली ने कहा, जो हमारी फ्रैंचाइज़ी के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया. विराट कोहली भी इस कार्यक्रम में अन्य प्लेयर्स के साथ स्टेडियम के अंदर थे, यहां काफी भीड़ उमड़ी थी. स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई, इसमें 11 फैंस की जान चली गई. कोहली ने अब घटना के 3 महीने बाद अपने बयान में कहा कि मैं उन लोगों के बारे में सोच रहा हूं, जिनकी जान चली गई.



### विराट कोहली ने क्या कहा

विराट कोहली ने आरसीबी द्वारा जारी अपने बयान में कहा, ज़िंदगी में कुछ भी ऐसा नहीं है जो आपको 4 जून जैसी दिल टूटने वाली घटना के लिए तैयार करता है. जो हमारी फ्रैंचाइज़ी के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया. मैं उन लोगों के परिवारों के बारे में सोच रहा हूं और उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया. और हमारे उन प्रशंसकों के लिए जो घायल हुए. आपकी क्षति अब हमारी कहानी का हिस्सा है. हम साथ मिलकर देखभाल, सम्मान और ज़िम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेंगे.

### आरसीबी केयर्स की शुरुआत

4 जून को हुई इस दुखद घटना को बीते 3 महीने हो गए हैं. टीम ने 3 जून को पंजाब किंग्स को फाइनल में हराकर अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था. ये विराट कोहली की भी पहली आईपीएल ट्रॉफी थी, जिसके बाद कोहली स्टेडियम में ही इमोशनल हो गए थे, उनकी आंखों में आंसू थे. लेकिन अगले दिन 4 जून को ये हो गया. उसके 3 महीने बाद फ्रेंचाइजी ने आरसीबी केयर्स की शुरुआत कर उन परिवारों को आर्थिक मदद का एलान किया, जिन्होंने इसमें अपनों को खोया. इस हादसे के बाद फ्रेंचाइजी ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है. साथ ही, फ्रेंचाइजी ने आरसीबी केयर्स नाम से एक फाउंडेशन शुरू किया है. इस संस्था ने वादा किया है कि भविष्य में वह बीसीसीआई और कर्नाटक क्रिकेट संघ (केएससीए)के साथ मिलकर और साथ ही स्टेडियम प्रबंधन, खेल संस्थाओं और लीग पार्टनर्स के साथ मिलकर बेहतर भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल बनाएगी.

### जांच और जिम्मेदारी

आधिकारिक जांच में यह सामने आया कि सोशल मीडिया पर भेजे गए निमंत्रणों के बाद लगभग 2.5 लाख फैन्स चिन्नास्वामी स्टेडियम पर उमड़ पड़े थे. पुलिस ने माना कि भीड़ नियंत्रण में वे बेहद कम पड़ गए और आरसीबी को इस हालात के लिए जिम्मेदार ठहराया गया. जांच में यह भी कहा गया कि उचित अनुमति और व्यवस्थाओं का अभाव इस भगदड़ की बड़ी वजह थी.

## पहले वनडे में इंग्लैंड की करारी हार, 131 रन पर सिमटी पारी

# द. अफ्रीका 175 गेंद शेष रहते जीता

**एजेंसियां। हेडिंग्ले**

दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में जोरदार जीत दर्ज की. मेजबान इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए लीड्स के हेडिंग्ले में सिर्फ 131 रन पर सिमट गई और दक्षिण अफ्रीका ने यह लक्ष्य बेहद आसानी से हासिल कर लिया. कप्तान एडेन मार्करम की तूफानी पारी ने मैच को एकतरफा बना दिया. इससे पहले वियान मुल्डर और केशव महाराज की घातक गेंदबाजी ने इंग्लैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोका था. महाराज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की वनडे सीरीज का शानदार आगाज किया है और 1-0 की बढ़त बना ली है. अगला मुकाबला चार सितंबर को लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा.

इंग्लैंड की शुरुआत से ही विकेट गिरते रहे और टीम कभी मैच में टिक नहीं पाई. विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने सबसे ज्यादा 54 रन (48 गेंद, 10 चौके) बनाए. उनके अलावा जो रूट ने 14, जोस बटलर ने 15 और जैकब बेथेल ने 13 रन का योगदान दिया. बाकी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके और पूरी टीम सिर्फ 24.3 ओवर में 131 रन पर सिमट गई. कप्तान हैरी ब्रूक 12 रन, विल जैक्स सात रन और बेन डकेट पांच रन ही बना सके. स्मिथ को डकेट के साथ ओपनिंग भेजा गया था।गेंदबाजी की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 5.3 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट चटकाए. वियान मुल्डर ने तीन विकेट लिए और सिर्फ 33 रन दिए. लुंगी एनगिडी और नांद्र बर्गर ने भी एक-एक विकेट हासिल किया. इंग्लैंड के बल्लेबाज महाराज की स्पिन और मुल्डर की सटीक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाए.



### दक्षिण अफ्रीका की पारी में मार्करम का रहा जलवा

लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने आक्रामक बल्लेबाजी की. कप्तान एडेन मार्करम ने 55 गेंदों में 86 रन ठोक डाले, जिसमें 13 चौके और दो छक्के शामिल थे. उनके साथ विकेटकीपर रेयन रिकेल्टन ने 59 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाए और पारी संभाली. तेम्बा बावुमा सिर्फ छह रन बना सके, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स खाता नहीं खोल सके. डेवाल्ड ब्रेविस ने दो गेंदों में नाबाद छह रन बनाकर रिकल्टन के साथ मैच खत्म कर दिया. दक्षिण अफ्रीका ने 20.5 ओवर में 137/3 बनाकर सात विकेट से जीत दर्ज की. इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने तीन विकेट लिए.

**खास आंकड़े और रिकार्ड**

यह मुकाबला कई यादगार आंकड़ों का गवाह बना. इंग्लैंड के 131 रन का स्कोर घरेलू सरजमीं पर सबसे कम स्कोरों की सूची में शामिल हो गया. इससे कम स्कोर उन्होंने 2001 में मैनचेस्टर में ऑस्ट्रेलिया (86 रन), 1975 में लीड्स में ऑस्ट्रेलिया (93 रन) और 2001 में श्रीलंका (99 रन) के खिलाफ बनाए थे. दक्षिण अफ्रीका ने लीड्स में इंग्लैंड को सिर्फ 24.3 ओवर में ऑलआउट कर दिया. यह किसी भी टीम को अवे मैच में ढेर करने का उनका सबसे तेज रिकॉर्ड है. इससे पहले 1996 में नैरोबी में उन्होंने केन्या को 25.1 ओवर में, 2011 में मीरपुर में बांग्लादेश को 28 ओवर में और 2022 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड को 28.1 ओवर में ऑलआउट किया था.

# राशिद खान या जसप्रीत बुमराह कौन है टी20 का बेस्ट बॉलर?

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होने जा रही है और इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 28 सितंबर को खेला जाएगा. एशिया कप में खेल रही 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है. भारत और अफगानिस्तान दोनों ही टीमें अलग-अलग ग्रुप में हैं, ऐसे में लीग स्टेज में होने वाले मुकाबलों में इन दोनों टीमों के बीच टक्कर देखने को नहीं मिलेगी. लेकिन इस टूर्नामेंट में भारत और अफगानिस्तान के स्टार गेंदबाजों के बीच तगड़ा कंप्टीशन देखने को मिल सकता है. एशिया कप 2025 में ये देखना दिलचस्प होगा कि जसप्रीत बुमराह और राशिद खान में कौन ज्यादा विकेट चटकाता है.

अफगानिस्तान की टीम यूएई और पाकिस्तान के साथ टी20 ट्राई सीरीज खेल रही है. इस सीरीज का तीसरा मैच यूएई और अफगानिस्तान के बीच खेला गया, जिसमें राशिद खान ने तीन विकेट चटकाए और इसी के साथ वे टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए. वहीं जसप्रीत बुमराह ने जून, 2024 में आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था.



### एशिया कप में कब होगा इंडिया बनाम अफगानिस्तान मैच

एशिया कप 2025 में भारत और अफगानिस्तान के बीच मैच सुपर 4 में देखने को मिल सकता है. ये मुकाबला तब ही हो सकता है, जब दोनों टीमें लीग स्टेज पार करके सुपर-4 में जगह बनाने में कामयाब हो जाती हैं. एशिया कप में ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई हैं. वहीं ग्रुप बी में अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और हांगकांग चीन हैं. इन चार-चार टीमों के ग्रुप में से 2-2 टीमें ही सुपर-4 के लिए क्वालीफाई करेंगी. अगर सुपर-4 में भारत और अफगानिस्तान दोनों टीमें जाती हैं, तब जसप्रीत बुमराह और राशिद खान के बीच आमने-सामने मुकाबला देखने को मिल सकता है.

राशिद खान ने अपने टी20 करियर की शुरुआत अक्टूबर, 2015 में की थी और वे इस वक्त अफगानिस्तान की टी20 टीम के कप्तान हैं. वहीं जसप्रीत बुमराह ने पहला टी20 मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी, 2016 में खेला और ये खिलाड़ी एक साल से भी ज्यादा समय से टी20 टीम से बाहर चल रहा है. बुमराह ने टीम इंडिया के लिए आखिरी टी20 मैच जून, 2024 में खेला था.

राशिद खान ने टी20 इंटरनेशनल में 98 मैच खेले हैं और 165 विकेट हासिल किए हैं. इसी के साथ वे T20I में सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज बन गए हैं. वहीं जसप्रीत बुमराह भी टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 70 मैच खेल चुके हैं, जिसमें भारत के इस गेंदबाज ने 89 विकेट हासिल किए हैं.

## बीसीसीआई के अपडेट ने मचाई खलबली

# एशिया कप में बिना स्पॉन्सर जर्सी के खेलेगी टीम इंडिया?

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होने जा रही है. इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया की जर्सी पर किसी भी स्पॉन्सर का नाम नजर नहीं आ सकता. भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर ड्रीम 11 का नाम था. भारत सरकार के ऑनलाइन मनी गेमिंग पर कानून बनाने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म के बीच डील कॉन्ट्रेक्ट पूरा होने से पहले ही टूट गई है. अब बीसीसीआई को भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी के लिए नए स्पॉन्सर की तलाश है.

एशिया कप के शुरू होने में अब कुछ ही दिनों का समय रह गया है. वहीं बीसीसीआई ने नेशनल टीम की स्पॉन्सरशिप के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं और इसके लिए रजिस्टर कराने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है. इस बात से ये बात साफ हो जाती है कि एशिया कप में टीम इंडिया की जर्सी पर किसी भी स्पॉन्सर का होना मुश्किल है. बुधवार, 2 सितंबर से बीसीसीआई ने आवेदन लेने शुरू कर दिए हैं.



### ड्रीम 11 का पत्ता कटा

भारत सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म पर लगाम लगाकर ड्रीम 11, विंजो और माय 11 सर्कल समेत सभी फैंटेसी क्रिकेट एप के लिए सख्त कानून बनाए हैं. इसी की वजह से बीसीसीआई और ड्रीम 11 के बीच हुआ कॉन्ट्रेक्ट पूरा होने से पहले ही समाप्त कर दिया है. नए कानून के मुताबिक, इन खेलों को बनाने वाली कंपनी के साथ ही प्रचार करने वाले लोगों पर भी सख्त एक्शन लिया जाएगा. वहीं बीसीसीआई ने इस कानून के आने के बाद साफ किया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भारत सरकार के किसी भी फैसले के खिलाफ नहीं जाएगा.

# वैभव सूर्यवंशी की उम्र को लेकर अब नितीश राणा ने दिया बड़ा बयान

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पहले अपनी उम्र को लेकर सुर्ख़ियों में आए थे, लेकिन अब उन्हें एक विस्फोटक बल्लेबाज के रूप में जाना जाता है. हालांकि उनकी उम्र को लेकर अब नितीश राणा ने कुछ ऐसा बयान दिया, जो अब वायरल हो रहा है. वैभव को जब राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में ख़रीदा, तब उनकी उम्र 13 वर्ष बताई गई थी. उन्होंने 14 साल की उम्र में आईपीएल डेब्यू किया और पहले ही सीजन में इतिहास रच दिया. अब वह आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वालों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं, उनसे आगे सिर्फ क्रिस गेल हैं. वैभव सूर्यवंशी की सही उम्र को लेकर शुरू से ही चर्चा हो रही है. दरअसल उनका भी एक इंटरव्यू वायरल हुआ था, जिसके बाद उम्र को लेकर सवाल खड़े हो गए थे कि क्या वैभव सच में 14 साल के ही हैं या नहीं. हाल ही में दिल्ली प्रीमियर लीग का खिताब जीतने वाले वेस्ट दिल्ली के कप्तान नितीश राणा ने अपने बयान में वैभव की उम्र का जिक्र किया. उन्होंने संजू सैमसन और रियान पराग को लेकर भी प्रतिक्रिया दी.



**संजू सैमसन और रियान पराग को लेकर कही ये बात**

संजू सैमसन के बारे में पूछा गया तो नितीश राणा ने कहा, वह अगले साल कहां खेलेंगे. मजाक में कही ये बात उस अफवाहों की ओर इशारा कर रही थी, जिसमें कहा जा रहा था कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू अगले सीजन से पहले टीम को छोड़ सकते हैं. रियान पराग के बारे में बोलते हुए राणा ने कहा, जैसा दिखता है वो वैसा नहीं है. रियल लाइफ में वह बहुत नरम स्वाभाव के हैं. अच्छे से बात करते हैं, शायद टीवी पर उनका एटीट्यूड गलत तरह से नजर आता है. लेकिन वो वैसा नहीं है.

### वैभव की उम्र को लेकर नितीश राणा ने क्या कहा

दिल्ली प्रीमियर लीग का खिताब जीतने के बाद नीतीश राणा ने एक इंटरव्यू में राजस्थान रॉयल्स के प्लेयर्स के बारे में अपनी राय दी. इस दौरान उनसे पूछा गया कि वैभव सूर्यवंशी के बारे में कोई ऐसी बात, जो दुनिया नहीं जानती है? इस पर उन्होंने कहा, वह 14 साल का ही है कि नहीं? हालांकि उन्होंने बाद में कहा कि वह तो मजाक कर रहे हैं. आईपीएल में 38 गेंदों पर 101 रनों की ऐतिहासिक पारी खेलने वाले वैभव शुरुआत से उम्र संबंधी सवालों से घिरे हुए हैं. हालांकि उनके परिवार ने उनका डेट ऑफ़ बर्थ सर्टिफिकेट भी दिखाया था.

आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए अंडर-19 टीम में चुना गया, वह ऑस्ट्रेलिया-19 टीम के खिलाफ सीरीज के लिए भी चुने गए हैं.

### वसीम अकरम ने बुमराह से तुलना को बेगानों की शादी में अब्दुल्ला दीवाना बताया

**नयी दिल्ली।** 90 के दशक के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने जसप्रीत बुमराह से अपनी तुलना पर करारा जवाब दिया.



उन्होंने कहा कि यह सब बेकार की बहस है, जैसे कहते हैं बेगानों की शादी में अब्दुल्ला दीवाना. अकरम ने माना कि बुमराह अपने समय के महान गेंदबाज हैं और तुलना की कोई जरूरत ही नहीं है. वसीम अकरम ने ये बातें पाकिस्तानी टीवी चैनल जियो टीवी के शो हारना मना है पर कहीं. हाल ही में सोशल मीडिया और क्रिकेट फोरम्स पर वसीम अकरम और जसप्रीत बुमराह की तुलना को लेकर बहस तेज हो गई, लेकिन अकरम ने खुद इस विवाद पर बड़ा बयान देकर स्थिति साफ कर दी. अकरम ने बुमराह की गेंदबाजी की खूबियों को गिनाते हुए कहा कि उनका अनोखा एक्शन, तेज रफ्तार और भारतीय टीम मैनेजमेंट से मिलने वाला बेहतरीन सहयोग उन्हें अलग स्तर पर ले जाता है. अकरम ने यह भी स्पष्ट किया कि अलग-अलग दौर की परिस्थितियां और चुनौतियां अलग होती हैं. उनके मुताबिक, हर महान गेंदबाज अपनी पीढ़ी के हिसाब से परिभाषित होता है.

## विराट कोहली को फिटनेस टेस्ट में 'छूट'...

# बीसीसीआई ने बदले अपने नियम



**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली लंबे समय से लंदन में ही रहते हैं. उन्होंने भारत छोड़ दिया और फिलहाल वे यूके में ही रहते हैं. ऐसे में उनको लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. बीसीसीआई ने विराट कोहली के लिए एक विशेष अनुमति दी है. बाकी खिलाड़ियों ने फिटनेस टेस्ट बेंगलुरु में दिया लेकिन कोहली ने लंदन में टेस्ट दिया. इससे कई सवाल उठ रहे हैं. क्या यह नियम सबके लिए एक जैसा होना चाहिए?

**बाकी खिलाड़ियों ने दिया बेंगलुरु में टेस्ट:** बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट अनिवार्य कर दिया है. यह टेस्ट इसलिए जरूरी है ताकि खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पूरी तरह से तैयार रहें. 29 अगस्त को रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज जैसे बड़े खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट दिया. एक रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली अपने परिवार के साथ इंग्लैंड में हैं. उन्हें लंदन में फिटनेस टेस्ट कराने की इजाजत दी गई. इस फैसले से कई लोग हैरान हैं. आमतौर पर सभी खिलाड़ियों के लिए एक ही नियम होता है.

### विराट कोहली ने ली अनुमति

एक बीसीसीआई अधिकारी ने इस बारे में सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा। लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा कि कोहली ने पहले अनुमति ली होगी. इस घटना के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या भविष्य में दूसरे खिलाड़ियों को भी ऐसी छूट मिल सकती है? खासकर उन खिलाड़ियों को जो विदेश में इलाज करा रहे हैं या जिनकी निजी जरूरतें हैं.

## नई राह | क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के संपर्क में रविचंद्रन अश्विन!

# बीबीएल में एंट्री की चर्चा तेज; पहले भारतीय सितारे बन सकते हैं

**एजेंसियां। चेन्नई**

भारत के दिग्गज ऑफ-स्पिनर रवीचंद्रन अश्विन अब ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने की संभावनाओं को साकार करने की ओर बढ़ रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यदि सौदा अंतिम रूप लेता है, तो वह बीबीएल में डेब्यू करने वाले पहले हाई-प्रोफाइल भारतीय क्रिकेटर बन सकते हैं.

आईपीएल से संन्यास के बाद नई राह अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास लिया था. इसके बाद, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने अश्विन से सीधे संपर्क स्थापित किया. बातचीत का प्रारंभ इसी सिलसिले में हुआ. दोनों के बीच बीबीएल में शामिल होने की संभावना पर विचार-विमर्श शुरू हो चुका है. अश्विन ने पहले ही यह संकेत दे दिया था कि वे अब विभिन्न टी20 लीगों में एक अन्वेषक के रूप में कदम रखना चाहते हैं. आईएलटी20 के आयोजकों से भी उनके बातचीत होने की रिपोर्ट सामने आई थी. हालांकि, बीबीएल और अश्विन के बीच सौदा अभी शुरुआती चरण में है और पूरी तरह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हाथ में है. इसमें कई पहलू शामिल हैं, जैसे कि अश्विन कितने मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे और वे किस टीम का हिस्सा होंगे. माना जा रहा है कि मेलबर्न की टीमों में से किसी एक से वे जुड़ सकते हैं.



### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का अगला कदम क्या?

ग्रीनबर्ग ने स्वयं कहा कि अश्विन जैसे खिलाड़ी को बिग बैश लीग में लाना कई स्तरों पर शानदार होगा. उनके मुताबिक, अश्विन एक चैंपियन क्रिकेटर हैं और बिग बैश और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट सीजन में बहुमूल्य योगदान देंगे. अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को बीबीएल की आठ टीमों और अन्य स्टेकहोल्डर्स से बातचीत करनी होगी, ताकि अश्विन के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया जा सके. हालांकि, ड्राफ्ट में अधिकतर टीमों का बजट लगभग समाप्त हो चुका है, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया किसी न किसी ढंग से अश्विन को शामिल करने का रास्ता तलाशने के लिए तैयार है.

### भारतीय क्रिकेटरों के लिए नया दरवाजा

इससे पहले किसी प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने बिग बैश लीग में हि♣स्सा नहीं लिया है. ऐसे में अश्विन की संभावित उपस्थिति लीग की लोकप्रियता को दक्षिण एशिया में और बढ़ा सकती है. यह कदम न केवल बिग बैश लीग की पहुंच को बढ़ाएगा, बल्कि इसे वैश्विक टी20 लीगों में और प्रभावशाली भी बनाएगा. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का उद्देश्य स्पष्ट है- बिग बैश लीग को दुनिया की सबसे बेहतरीन टी20 लीगों में शामिल करना, ताकि यह आईपीएल के समकक्ष खड़ा हो सके. अश्विन जैसे प्रतिष्ठित क्रिकेटर का आना ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट और निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है.

# यूएस ओपन 2025: जोकोविच ने फ्रिट्ज को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में मंगलवार को 38 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर यूएस ओपन 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. अब उनका मुकाबला स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कराज से होगा. फ्रिट्ज़ के खिलाफ अपने अब तक के सभी 10 मुकाबले जीत चुके जोकोविच को इस बार भी कड़ी टक्कर मिली. पहले सेट में उन्होंने नौवें गेम में पांच ब्रेक प्वॉइंट बचाते हुए बढ़त बनाई और फिर दमदार क्रॉसकोर्ट शॉट के साथ दूसरा सेट भी अपने नाम किया.

हालांकि चौथे सीड फ्रिट्ज़ ने संघर्ष करते हुए तीसरा सेट अपने पक्ष में किया और घरेलू दर्शकों में उम्मीद जगाई. लेकिन जोकोविच ने अपनी लय वापस हासिल करते हुए चौथे सेट में 5-4 की बढ़त बनाई और आखिरकार मैच को अपने नाम कर लिया. इस जीत के साथ जोकोविच का यूएस ओपन में अमेरिकी खिलाड़ियों के खिलाफ अपराजेय रिकॉर्ड 16-0 हो गया है. अब वह रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं.



## ब्रीफ न्यूज

### विधवा के घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** मडमो पंचायत के मडमो गांव में मंगलवार रात चोरों ने एक विधवा महिला डुगेश्वरी देवी के घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली. पीड़िता ने बताया कि वह दो बच्चों के साथ पुराने घर में सोती हैं और नया घर दिन में उपयोग करती हैं. रोज़ की तरह रात में नया घर बंद कर पुराने घर में सोने चली गई थीं. सुबह लौटने पर देखा कि ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था. चोर घर से लगभग दो हजार रुपये नकद और मोबाइल चार्जर लेकर फरार हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा मौके पर पहुंचे और कहा कि यह काम किसी जानकार का हो सकता है. उन्होंने दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

### गिट्टी लदे ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर पुरनाडीह पुल के समीप बुधवार को गिट्टी लदे ट्रक और कार की टक्कर में एक तीन वर्षीय बच्चा समेत तीन लोग घायल हो गए. घायलों की पहचान एसएम अब्दुल्लाह (3 वर्ष), उनके पिता सायर सनवीर आलम (45 वर्ष) एवं निजार तबुसुल (40 वर्ष) के रूप में हुई है. सभी बिहार के मुंगेर जिले के निवासी हैं. जानकारी के अनुसार, पेशे से वकील सायर सनवीर आलम अपने परिवार के साथ हजारीबाग से मुंगेर जा रहे थे. तभी विपरीत दिशा से आ रहे गिट्टी लदे ट्रक (जेएच 02 एजेड 8107) ने उनकी कार (जेएच 02 एएन 4269) को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में उनका तीन वर्षीय बेटा घायल हो गया, जबकि पत्नी को मामूली चोटें आईं. घटना के समय जिप सदस्य शांति प्रिया मौके से गुजर रही थीं. उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपने वाहन से पुरनाडीह के एक निजी क्लिनिक में पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है.

### हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करते ही खाते से उड़ गए 40 हजार

**रामगढ़।** शहर के टायर मोड़ निवासी प्रदीप महतो के साथ एटीएम फ्रॉड की बड़ी घटना सामने आई है. ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित एटीएम से पैसे निकालने गए प्रदीप का कार्ड मशीन में फंस गया. मदद के लिए उन्होंने मशीन पर लिखे हेल्पलाइन नंबर 7280907156 पर कॉल किया, जहां फोन उठाने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर मदद का झांसा दिया. कुछ देर तक बातों में उलझाने के बाद जब प्रदीप लघुशंका के लिए बाहर गए, तो कार्ड गायब मिला. थोड़ी ही देर में उनके खाते से 40 हजार रुपये की निकासी का मैसेज आ गया. घटना के बाद पीड़ित ने रामगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. यह घटना एटीएम फ्रॉड के नए तरीके को उजागर करती है, जिससे सावधान रहने की जरूरत है.

### कर्मा संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा पर्व: राजीव जायसवाल

**रामगढ़।** करम परब के अवसर पर भाजपा के युवा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने दुलमी और चितरपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ उत्सव मनाया. उन्होंने स्थानीय करम अखाड़ों में जाकर माताओं, बहनों और युवाओं संग झूमर नृत्य किया. उनके साथ झारखंड के लोकप्रिय कलाकार रमन गुप्ता और प्रीतम राज भी मौजूद थे. उन्होंने कहा कि करम परब केवल पर्व नहीं, बल्कि झारखंड की संस्कृति, परंपरा और प्रकृति से जुड़ा एक जीवंत प्रतीक है. यह पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते और प्रकृति के सम्मान का संदेश देता है.

## सांसद मनीष जायसवाल ने नव नियुक्त प्रतिनिधियों को दिए विकास के मंत्र

# जनहित में समर्पित भाव से काम करने का निर्देश

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



सदर विधानसभा क्षेत्र के नव मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों के साथ सिलवार स्थित तथास्तु फार्म्स सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने प्रतिनिधियों को दिशा-निर्देश दिए. सांसद जायसवाल ने ?कोई कड़ी टूटे नहीं, विकास कभी छूटे नहीं? के मंत्र को दोहराते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं हर वर्ग तक पहुंचे, यह उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से तालमेल बनाकर काम करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने की अपील की.

उन्होंने यह भी बताया कि वे व्यक्तिगत स्तर पर भी कई योजनाओं का संचालन कर रहे हैं ताकि लोगों को यह एहसास हो कि उनका सांसद उनके बीच का सच्चा जनसेवक है.

इस बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, सह-सांसद प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, जिला प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, इन्द्रनारायण कुशवाहा और जीवन मेहता सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित थे. सांसद प्रतिनिधियों ने भी कहा कि मनीष जायसवाल का मार्गदर्शन उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे वे जनसेवा और विकास कार्यों को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने में सक्षम हो पाते हैं.

इस अवसर पर सदर विधानसभा के प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा, विशाल वाल्मीकि, रेणुका साहू, दीपू यादव, लब्बू गुप्ता, बीरेंद्र कुमार बीरू, प्रेमचंद प्रसाद, मिथलेश यादव, कृष्णा मेहता, दामोदर प्रसाद और बलदेव बाबू मौजूद रहे.

## हजारीबाग मुख्य चौक पर जिला प्रशासन-पुलिस का मॉक ड्रिल

# ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर सुरक्षा की सारी तैयारियां पूरी

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



आगामी ईद मिलाद-उन-नबी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए हजारीबाग में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मुख्य चौक झंडा चौक एवं पेलावल इलाके में मॉक ड्रिल का आयोजन किया. इस मॉक ड्रिल में दर्जनों पुलिसकर्मी और फोर्स ने हिस्सा लिया. इस अभ्यास का नेतृत्व हजारीबाग के एसपी अमित कुमार और प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा ने किया. मॉक ड्रिल के दौरान दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और अफवाहों को नियंत्रित करने की रणनीतियों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया.

पुलिस बल को आंसू गैस के गोले, रंगीन पानी के छिड़काव से दंगाइयों की पहचान, तेज़ प्रतिक्रिया दल की तैनाती आदि के बारे में जानकारी दी गई. इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की तत्परता और दक्षता को परखना था. एसपी और प्रशिक्षु आईएएस ने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से यह साबित हो गया है कि जिला प्रशासन पर्व को शांति पूर्वक संपन्न कराने को पूरी तरह तैयार है.

मॉक ड्रिल में दंगा-फसाद की काल्पनिक स्थिति बनाई गई. उपद्रवियों की भूमिका भी पुलिसकर्मियों ने निभाई. पुलिस ने नकली उपद्रवियों पर लाठी चार्ज, आंसू गैस छोड़ना, हवाई फायरिंग, पानी की बौछार, रबर की गोली चलाने और पत्थरबाजी से निपटने के तरीके आजमाए. इसके अलावा, भीड़ में गिरफ्तारियों के सही तरीके और किसी घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया भी पुलिसकर्मियों को सिखाई गई. खासतौर पर एम्बुलेंस को भीड़ से सुरक्षित निकालने की जानकारी पर भी जोर दिया गया. यह मॉक ड्रिल पुलिस बल की तैयारी, समन्वय और दक्षता को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने में आसानी हो सके. जिला प्रशासन का यह कदम पर्व को शांति और सुरक्षा के साथ मनाने की प्रतिबद्धता दर्शाता है.

### जयनगर : युवती ने थाने में दिया आवेदन सुरक्षा की लगाई गुहार

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर निवासी एक नाबालिग ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर अपने ही गांव के एक युवक पृथ्वीराज सिंह सहित 5 अन्य पर छेड़खानी का आरोप लगाया है.आवेदन में बताया गया कि मेरे घर के सामने पृथ्वीराज सिंह सहित 5 अन्य लड़के मुझे देखकर सिटी मारते हुए मेरे साथ छेड़खानी करने लगे. मेरी मां ने विरोध किया तो पृथ्वीराज सिंह गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा साथ ही मुझे गलत तरीके से छूने लगा और धक्का मुक्की कर के चला गया.आवेदन में नाबालिक ने यह भी बताया कि पृथ्वीराज सिंह कुछ दिन पूर्व मुझे एक मोबाइल स्कूल से घर आने के दौरान दे रहा था जिस मैंने लेने से इनकार कर दी थी.कागज में अपना मोबाइल नंबर लिख कर मेरी मां को देने का कोशिश किया. मैने इज्जत के खातिर घर में किसी को नहीं बताई. नाबालिक ने बताया कि मेरे पिता जन्म से विकलांग है जो रोजगार के लिए गिरीडीह में कार्य करते है.इसकी शिकायत पृथ्वीराज के सगे चाचा उप प्रमुख राजनारायण सिंह के पास करने के लिए गई तो पृथ्वीराज सिंह वही मौजूद था. मुझे देखकर वह गंदी गंदी गाली देने लगा और वही एक थप्पड़ मार दिया जिससे मैं नीचे गिर गई

## पेटो गांव में दो डीप बोरिंग पंप और ओवरहेड टैंक स्थापित

# ग्रामीणों को मिलेगी स्वच्छ पेयजल सुविधा



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल की कमी को दूर करने की दिशा में एनटीपीसी चट्टी बरियातू परियोजना ने सराहनीय पहल की है. सीडी-सीएसआर (सीडी-सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत पेटो गांव के प्रेम रजक के घर के पास और रविदास टोला में दो डीप बोरिंग पंप और ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया है.

इस परियोजना का उद्घाटन एनटीपीसी के अपर प्रबंधक नील माधव स्वय ने फीता काट कर किया. इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें वर्षों से चली आ रही पानी की समस्या से राहत मिल सके.

इस कार्य में सीबीसीएमपी के एचओपी श्री नवीन गुप्ता के मार्गदर्शन और सीडी-सीएसआर टीम की सक्रियता अहम रही. इस परियोजना से गांव के सैकड़ों परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ होगा. ओवरहेड टैंक से पानी के भंडारण और सुगम वितरण की सुविधा मिलेगी, जिससे ग्रामीणों को अब दूर-दराज से पानी लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाएगी, खासकर गर्मियों में यह जलस्रोत अत्यंत उपयोगी साबित होंगे. यह प्रयास स्थानीय विकास और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रभावी उदाहरण है.

## मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान का हजारीबाग परिसदन में स्वागत

# उपायुक्त-पुलिस अधीक्षक ने की शिष्टाचार भेंट

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तारलोक सिंह चौहान 3 सितंबर को अपने निजी दौरे पर हजारीबाग पहुंचे. उनके स्वागत के लिए हजारीबाग परिसदन भवन में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया. इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मुख्य न्यायाधीश से शिष्टाचार भेंट भी की.

मुख्य न्यायाधीश ने हजारीबाग के सिविल कोर्ट का भी निरीक्षण किया. उन्होंने कोर्ट भवन एवं परिसर का जायजा लेकर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की. इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणजीत कुमार, साथ ही न्यायालय के अधिवक्ता और अधिकारी भी मौजूद थे. इस दौरे से न्यायालय की कार्यप्रणाली में सुधार और बेहतर व्यवस्था की उम्मीद जताई जा रही है.

# झुमरीतिलैया के झरनाकुंड धाम की बदलेगी सूरत : डॉ नीरा

**शुभम संदेश । कोडरमा**



जिले के झुमरीतिलैया से सटे झरनाकुंड धाम की सूरत बदलने वाली है. झुमरीतिलैया स्थित तिलैया बस्ती से झरनाकुंड धाम तक लगभग 4.7 किमी सड़क का निर्माण कराया जाएगा. वहीं धाम परिसर का भी विकास होगा। स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव की पहल से सरकार से निर्माण कार्य की स्वीकृति और निविदा निस्तारण के बाद अब जल्द कार्य शुरू किया जाएगा. इस संबंध में विधायक डॉ नीरा यादव ने बुधवार को बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से उक्त कार्य के लिए निकाली गयी निविदा का निस्तारण कर लिया गया है. कुल तीन करोड़ 55 लाख की लागत से अलकतरा और पीसीसी सड़क निर्माण एवं झरनाकुंड धाम परिसर में भी पीसीसी सडक का निर्माण किया जाएगा. इससे श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी और परिसर के विकास को भी गति मिलेगी. उल्लेखनीय है कि हर वर्ष झरनाकुंड से जल लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु ध्वजाधारी धाम पहुंचकर भगवान भोले को जलाभिषेक करते हैं. इधर, विधायक ने यह भी बताया कि जेजे कॉलेज से मेघातरी तक सड़क मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है. गत दिनों हुए कई सड़क हादसे और इस संबंध में अधिकारियों को पत्र लिखने, एनएचएआई के अधिकारियों से बात करने के बाद गड्ढों को भरने और मरम्मती का कार्य भी शुरू कर दिया गया है.

## एक नजर

### हजारीबाग के युवाओं ने दिखाया इंसानियत का जज्बा, झाड़ियों में पड़े अचेत वृद्ध की बचाई जान



**हजारीबाग।** वर्तमान समय में जब समाज में संवेदनशीलता की कमी महसूस की जा रही है, ऐसे में हजारीबाग के कुछ युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश की. मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ट्रामा सेंटर के पीछे झाड़ियों में एक वृद्ध व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़े मिले, जिन्हें देखकर स्थानीय युवाओं ने बिना देर किए उनकी मदद की. भाजयुमो कार्यकर्ता आशेष सिन्हा, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सदस्य राम लखन प्रजापति, और अस्पताल के सेवा कर्मी राहुल कुमार पासवान व रंजीत कुमार ने तत्काल झाड़ियों में उतरकर वृद्ध को सुरक्षित बाहर निकाला. वहीं, इन युवाओं ने वृद्ध को साफ-सुथरा कर नए कपड़े पहनाए और बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती भी करवाया. फिलहाल वृद्ध अपनी पहचान स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहे हैं, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित करना कठिन हो रहा है. इस संवेदनशील और मानवीय कार्य की हर ओर प्रशंसा हो रही है. युवाओं ने यह साबित किया कि इंसानियत अभी भी जिंदा है और ज़रूरत के समय समाज में ऐसे लोग हैं जो बिना किसी स्वार्थ के मदद को आगे आते हैं. अगर आप इस वृद्ध को पहचानते हैं या उनकी पहचान में मदद कर सकते हैं, तो कृपया अस्पताल प्रशासन या स्थानीय थाने से संपर्क करें. आपकी एक छोटी सी मदद उन्हें अपने परिवार से मिलने का रास्ता दिखा सकती है.

### शिक्षक सम्मान समारोह के बहाने संघ भवन पर कब्जा करने की कोशिश, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ में रोष

**हजारीबाग।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने संघ भवन पर दूसरे फर्जी संघ द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश का विरोध किया है. झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलासचिव सुरेश प्रसाद महथा ने बताया कि नवाबगंज में 1976 में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ ने इस भवन का निर्माण किया था, जो बाद में झारखंड बनने पर झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ को मिला. हालांकि, एक फर्जी संघ ने 'राज्य माध्यमिक' शब्द जोड़कर अलग पंजीकरण कर कई जिलों के संघ भवनों पर कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया. न्यायालय में यह मामला लंबित है. फर्जी संघ अब शिक्षक सम्मान समारोह के नाम पर विद्यालयों से वसूली कर झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के भवन में नूतन प्रवेश की तैयारी कर रहा है.

### झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी का हजारीबाग परिसदन में भव्य स्वागत



**हजारीबाग।** झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी बुधवार को अपने निजी दौरे पर हजारीबाग पहुंचीं. वे हजारीबाग परिसदन भवन में कुछ समय के लिए रुकीं, जहां उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया. इस अवसर पर झारखंड के मुख्य न्यायाधीश तारलोक सिंह चौहान भी परिसदन भवन में मौजूद थे, जिनसे मुख्य सचिव ने शिष्टाचार भेंट की. अलका तिवारी को यहां गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया. इस स्वागत कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी ने इसे और भी खास बना दिया. हजारीबाग में मुख्य सचिव के आगमन से स्थानीय प्रशासन में उत्साह देखा गया और उम्मीद जताई गई कि इससे क्षेत्र के विकास कार्यों को बल मिलेगा.

### विधायक के प्रयास से कोती झरना डैम और पाइपलाइन की होगी मरम्मत, किसानों में खुशी

**केरेडारी।** खपिया के कोती झरना डैम और क्षतिग्रस्त सिचाई पाइपलाइन की मरम्मत अब जल्द ही की जाएगी. विधायक रौशनलाल चौधरी के प्रयास से जिला प्रशासन ने इंजीनियरों की टीम को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा, जहां डैम और पाइपलाइन का मापी कर रिपोर्ट जिला को सौंपी गई है. गौरतलब है कि खपिया के किसानों ने डैम की मरम्मती को लेकर विधायक से मुलाकात की थी. विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए हजारीबाग उपायुक्त से मिलकर कार्य में तेजी लाने की मांग की थी. उपायुक्त ने आश्वासन दिया था कि जल्द टीम भेजकर इस्टीमेट तैयार कराया जाएगा. यह डैम क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे बिना डीजल या मशीन के सैकड़ों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होती है. किसानों ने विधायक के प्रति आभार जताया. इंजीनियरिंग टीम के निरीक्षण में मोहन कुमार, तारकेश्वर महतो, कुलदीप महतो और परमेश्वर महतो सहित कई लोग मौजूद रहे.

### पांडू मुखिया संघ की अध्यक्ष प्रियंका कुमारी के पिता का निधन, पंचायत में शोक की लहर

**पांडू।** पांडू पंचायत मुखिया एवं मुखिया संघ अध्यक्ष प्रियंका कुमारी के पिता बसंत सिंह (70 वर्ष) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया. यह खबर सुनते ही पांडू प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई. प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार, प्रमुख नीतू सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य समाज के लोगों ने परिवार को गहरी संवेदना व्यक्त की. मृतक बसंत सिंह गनेश पुरथाना पांकि के निवासी थे. उनका अंतिम संस्कार गणेशपुर अस्थान घाट पर समाजसेवी और दामाद अविनाश कुमार सिंह की मौजूदगी में होगा. पूरे क्षेत्र के मुखिया, पंचायत सदस्य और शिक्षक भी शोक व्यक्त करने पहुंचे.

### चित की अशुद्धियों का नियंत्रण ही उत्तम तप धर्म : निवेश शास्त्री

**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में चल रहे श्री दशलक्षण महापर्व में बुधवार को 'उत्तम तप धर्म' का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ. जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चुड़ीवाल ने कहा कि इच्छाओं पर नियंत्रण और कषायों का दमन ही तप है. चित्त की मलिन वृत्तियों का उन्मूलन ही उत्तम तप धर्म का सार है. इस मौके पर दो महिला श्रद्धालुओं के पांच दिवसीय व्रत पूर्ण होने पर समाज ने अनुमोदना व्यक्त की. प्रथम अभिषेक का सौभाग्य सुभाष सेठी, अमित काला, जीवनमल पाटनी, रमेश जैन, योगेश जैन समेत अन्य परिवारों को प्राप्त हुआ.

### भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन कर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस की शुरुआत यजमान अनुप जोशी व उनकी धर्मपत्नी नीलम जोशी द्वारा पूजा-अर्चना से की गई. कथावाचक आचार्य रामकरण सहल ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत मनमोहक वर्णन किया. उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन सेवा, संयम और प्रेम से ही सफल होता है. आचार्य जी ने जीवन मूल्यों की व्याख्या करते हुए कहा कि व्यक्ति के आचरण से उसके कुल का, भाषा से देश का और सत्कार से प्रेम का परिचय मिलता है.

## नाराजगी

## स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

# नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को सौंपा ज्ञापन

**शुभम संदेश । जयनगर (कोडरमा)**



परसाबाद के कटिया बाजार में बुधवार को ग्रामीणों ने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत किया. कार्यक्रम के दौरान उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर से अनाप-शनाप बढ़े बिजली बिल और मनमानी वसूली के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार की ओर से 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया गया था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को हजारों से लेकर लाखों रुपये तक के बिजली बिल भेजे जा रहे हैं. पहले के भुगतान के बावजूद बार-बार मनमाना बिल थमाया जा रहा है, जिससे गरीब ग्रामीण आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं. ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो वे स्मार्ट मीटर को खुद हटाने को मजबूर होंगे.

बाबूलाल मरांडी ने मौके पर ही बिजली विभाग के जीएम से बात कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की और कहा कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो वे ग्रामीणों के साथ हजारीबाग तक आंदोलन करेंगे. उन्होंने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार जनता को राहत देने के बजाय उन पर आर्थिक बोझ डाल रही है. स्मार्ट मीटर के बहाने लूट हो रही है और भाजपा इसके खिलाफ सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करेगी.

मरांडी ने कोडरमा जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर भी चिंता जताई और कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था, बिजली और रोजगार सभी मोर्चों पर विफल है. ज्ञापन पर सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे, जिनमें सहदेव भदानी, आशीष राम, रवि चौधरी, पीयूष मोदी, मुन्ना मोदी, मनोज मोदी, कुंदन कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल थे. कार्यक्रम में भाजपा गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, अशोक उपाध्याय, विजय राणा, प्रदीप साव समेत कई कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे.

# दो नेताओं के बीच हुए झगड़े में चमका हथियार

**शुभम संदेश । रामगढ़**



शहर में समाजिक संगठन के दो नेताओं के बीच का झगड़ा हथियार चमकाए गए. इस मामले में विहिप के जिला मंत्री छोटू वर्मा की ओर से पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वे एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और कुछ आसामाजिक तत्व उनसे नाराज हैं. 31 अगस्त की रात वे खाना खाकर सुरेंद्र लाइन होटल से निकल रहे थे, तभी विकास नगर निवासी दीपक मिश्रा, अनिल यादव, अंबुज पांडे, शुभम पांडे और अन्य दो लोगों ने उनके साथ मारपीट करने लगे. उन लोगों ने उन्हें कहा कि उनके होटल का बकाया बिल का भुगतान अभी करना होगा. उनके मना करने पर अनिल यादव ने रिवाल्वर भी चमकाया. इसी दौरान दीपक मिश्रा ने उनकी जेब से 12 हजार रुपए निकाल लिए. उन लोगों ने कहा कि वे गिरोह के आदमी हैं और वे कुछ भी कर सकते हैं. इस घटना के बाद एक सितंबर को मॉर्निंग वॉक के दौरान श्रवण होटल के पास उन सभी लोगों ने एक बार फिर उन्हें घेर लिया. विहिप नेता छोटू वर्मा ने उनका विरोध किया तो उन लोग ने उनके साथ हाथापाई की. छोटू वर्मा ने पुलिस से इस पूरे मामले की जांच करने और सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हुए वीडियो को देखकर आसामाजिक और अपराधी किस्म के लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है.

**हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष पर हुआ हमला :** वहीं मामले में दूसरा आवेदन हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने भी थाने में दिया है. उन्होंने कहा है कि 31 अगस्त की रात वे अपने मित्र अंबुज पांडे के साथ नया मोड़ कुजू से लौट रहे थे और सुरेंद्र होटल में खाना खाने रुके. वहां पहले से ही छोटू वर्मा, गौतम महतो और छह अन्य लोग मौजूद थे. इन लोगों को देखकर उन लोगों ने टिप्पणी करनी शुरू कर दी. जैसे ही वे अनदेखा कर आगे बढ़े, तभी छोटू वर्मा ने बियर के बोतल से उनका सिर फोड़ दिया. साथ ही इस टूटे हुए बोतल से दोबारा हमला किया. तब तक दीपक मिश्रा ने उनका हाथ पकड़ लिया. अंबुज पांडे जब उन्हें बचाने आए तो गौतम महतो ने भी बियर की बोतल से उसके सिर पर हमला किया, जिससे अंबुज का सिर फट गया. इसके बाद में दोनों भाग कर रामगढ़ थाने पहुंचे. लेकिन छोटू वर्मा और गौतम महतो उनका पीछा करते हुए थाने पहुंचे और वहां भी जान से मारने की धमकी दी. उन्होंने भी इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है.

हिमाचल में भूस्खलन से मंडी व कुल्लू में तबाही, 6 की मौत

# 7 नेशनल हाइवे और 1155 सड़कें बंद, 8 जिलों में अलर्ट



एजेंसी । शिमला

हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. राज्य के कई जिलों में आज भी भारी बारिश का दौर जारी है. मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज सोलन और सिरमौर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि मंडी, शिमला, कुल्लू, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और लाहौल-स्पीति जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. 04 और 05 सितंबर को अंधड़ चलने और आसमानी बिजली गिरने का येलो अलर्ट रहेगा. मौसम विभाग के अनुसार 06 से 09 सितंबर तक बारिश होगी, हालांकि इस दौरान किसी तरह की चेतावनी नहीं दी गई है. मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि इस बार मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 42 प्रतिशत अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है.

**मंडी में भूस्खलन से मौतें, कुल्लू में दो लापता, शिमला के सुन्नी में खतरा बढ़ा :** भारी बारिश से मंडी और कुल्लू जिलों में तबाही मच गई है. मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल में बीती रात पहाड़ी से हुए भूस्खलन से दो मकान मलबे में दब गए, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई. मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं. वहीं, कुल्लू शहर के अखाड़ा बाजार में देर रात हुए भूस्खलन से एक मकान दब गया. मकान में रह रहे दो कश्मीरी मजदूर और एनडीआरएफ का जवान मलबे में फंस गए. इनमें से एक मजदूर बाहर निकल आया लेकिन दो अब भी लापता हैं. राहत एवं बचाव कार्य एनडीआरएफ, पुलिस और होम गार्ड की टीमें कर रही हैं.

राजधानी शिमला के सुन्नी क्षेत्र में भी हालात गंभीर बने हुए हैं. सतलुज नदी का जलस्तर थल्ली पुल तक पहुंच गया है और कालीघाट व आईटीआई क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं. स्थिति को देखते हुए कोल डैम प्रबंधन को पानी का स्तर कम करने के लिए कदम उठाने को कहा गया है.

### बांधों से पानी छोड़ा गया, चम्बा में रावी नदी खतरे के निशान से ऊपर

बारिश से नदियों और बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. भाखड़ा डैम से बुधवार को टरबाइनों और फ्लड गेटों के माध्यम से 65,042 क्यूसिक और पौंग डैम से 79,659 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है. प्रशासन ने निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है. चंबा जिले में रावी नदी खतरे के निशान से ऊपर चली गई है, जिसके दबाव से शीतला पुल की सुरक्षा दीवार टूट गई और सड़क का एक हिस्सा नदी में बह गया. किन्नौर जिले में नाथपा झूला के पास एनएच-5 पर पहाड़ी से गिरी चट्टानों के कारण कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं. वहीं लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी भी हुई है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई.

### सात नेशनल हाईवे और 1155 सड़कें ठप, यातायात, बिजली व पानी बाधित

भारी बारिश से पूरे प्रदेश में यातायात ठप हो गया है. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार बुधवार सुबह तक सात नेशनल हाईवे और 1155 सड़कें बंद थीं. बिलासपुर में एनएच-21 और एनएच-205, कुल्लू में एनएच-03 और एनएच-305, किन्नौर में एनएच-05, लाहौल-स्पीति में एनएच-505, सिरमौर में एनएच-707 और मंडी में एनएच-03 बंद पड़े हैं. अकेले मंडी जिले में 282, शिमला में 234, कुल्लू में 204, सिरमौर में 137, सोलन में 92, कांगड़ा में 60, लाहौल-स्पीति में 48 और बिलासपुर में 37 सड़कें अवरुद्ध हैं. बिजली और पेयजल आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है. राज्यभर में 2477 बिजली ट्रांसफार्मर और 720 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं. कुल्लू जिले में 951, सोलन में 529, सिरमौर में 273, मंडी में 266, शिमला में 258 और हमीरपुर में 59 ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं. शिमला की 272 और कांगड़ा की 212 पेयजल योजनाएं भी ठप हैं.

हरियाणा के भिवानी, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर व पंचकूला में हुए हादसे

# बारिश से तबाही, मकान गिरने व पेड़ गिरने से छह मरे, 16 अन्य घायल

एजेंसी । चंडीगढ़

हरियाणा में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने तबाही मचानी शुरू कर दी है. हरियाणा में मंगलवार की रात व बुधवार की सुबह बारिश के कारण मकान गिरने व अन्य घटनाओं में कुल छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 घायल हो गए. घायलों में छह स्कूली बच्चे भी शामिल हैं. भिवानी में बारिश के बीच मकान गिरने से मलबे में दबकर तीन बच्चियों की मौत हो गई, जबकि माता-पिता और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए. जिस समय हादसा हुआ उस समय घर के सभी लोग सो रहे थे. सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी को अस्पताल ले जाया गया. यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद 3 बच्चियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि 3 घायलों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया.

मृतकों की पहचान कलिंगा गांव निवासी अंशिका (15), दिशा (9) और भारती (7) के रूप में हुई है. ओमपाल (45), उसकी पत्नी अनिता (40) और बेटा ध्रुव (5) घायल हैं. हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बुधवार सुबह एक मकान की छत गिरने से 2 सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. आसपास के लोगों ने घायलों को मलबे से निकालकर शाहाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया. घटना शाहाबाद की अमर विहार कॉलोनी की है. जहां एक घर में सात लोग सो रहे थे. हादसे से कुछ समय पहले एक व्यक्ति उठकर बाहर गया तो वह बच गया. मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के रहने वाले संदीप (26) और कुलदीप (27) के रूप में हुई है. सभी काम करने के लिए शाहाबाद आए हुए थे. घटना की सूचना पुलिस को दी गई है. प्रत्यक्षदर्शी विजय कलसी ने बताया कि अनाज मंडी रोड स्थित डेरे के पास 8 दिन पहले सभी लोग काम करने के लिए आए थे. जिस मकान में ये सभी लोग रहे थे, वह कच्चा था. बुधवार सुबह 7 बजे अचानक मकान की छत गिर गई. उस समय लोग सो रहे थे.

### यमुनानगर में भी मचाई तबाही, एक की मौत, तीन बच्चों को भी लगी चोट

उधर यमुनानगर जिले में बुधवार सुबह एक मकान की छत ढह गई. हादसे में बैंदी गांव के मान सिंह (45) की मौत हो गई. उसकी पत्नी और तीन बच्चों को भी चोटें आई हैं. मान सिंह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था. पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने मकान की नींव को कमजोर कर दिया था. हादसे की सूचना मिलते ही गांव वाले मौके पर पहुंचे और उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद मान सिंह और उनके परिवार को मलबे से निकाला गया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया.

### पंचकूला में एक कार पर पेड़ गिरने से छह स्कूली बच्चे हुए घायल

पंचकूला में बुधवार की सुबह एक कार पर पेड़ गिरने से छह स्कूली बच्चे दब गए. मौके पर जमा हुए लोगों ने बच्चों को बाहर निकालकर एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया. आनंद अत्री ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि पंचकूला के सेक्टर-चार स्थित सतलुत पब्लिक स्कूल में उसके भाई अनूप अत्री बच्चों को छोड़ने के लिए आए. इसी दौरान उन्होंने गाड़ी स्कूल के बाहर खड़ी की तो अचानक भारी पेड़ गाड़ी पर गिर गया. हादसे के दौरान कार में अनूप अत्री और 6 बच्चे सवार थे. हादसे में आनंद अत्री के दो बच्चे और उनके भाई अनूप अत्री के दो बच्चे और उनकी बहन के दो बच्चे घायल हो गए. घायल बच्चों को अस्पताल भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है.

### माता वैष्णो देवी यात्रा नौवें दिन भी स्थगित, कटरा में 24 घंटों से बारिश

एजेंसी । जम्मू

त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा बुधवार को नौवें दिन भी स्थगित रही, क्योंकि आधार शिविर कटरा में पिछले 24 घंटों के दौरान 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है, जो जम्मू क्षेत्र में सबसे अधिक है. दरअसल, 26 अगस्त को अर्धकुंवारी के पास बारिश के कारण हुए एक बड़े भूस्खलन ने 34 तीर्थयात्रियों की जान ले ली थी और 20 अन्य घायल हो गए थे. इसी के बाद माता वैष्णो देवी की यात्रा स्थगित कर दी गई थी, तभी से तीर्थयात्रा स्थगित है, लेकिन मंदिर खुला है और इसके पुजारी दैनिक प्रार्थना और अनुष्ठान कर रहे हैं. यात्रा रद्द होने के कारण कटरा पहुंच चुके कुछ तीर्थयात्री दर्शनी ड्योढ़ी (मंदिर के रास्ते का मुख्य प्रवेश द्वार) पर पूजा-अर्चना कर रहे हैं. दर्शनी ड्योढ़ी मंदिर के पहले दर्शन का प्रतिनिधित्व करती है. लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों और नालों, खासकर शहर से होकर गुजरने वाली बाणगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है. अधिकारियों ने कहा कि हालात सुधरने के बाद यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला लिया जाएगा और पहाड़ी पर स्थित मंदिर तक जाने वाला 12 किलोमीटर का दोहरा रास्ता साफ़ होने के बाद ही श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति दी जाएगी.

# उत्तराखंड में बारिश बनी आफत, केदारधाम के मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में पार्किंग बही, खतरे में पड़ा आवासीय क्षेत्र

एजेंसी । देहरादून

उत्तराखंड में बारिश का प्रकोप कम नहीं हो रहा है बल्कि लगातार बारिश से आफत बढ़ती जा रही है. राज्य की सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं और स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं. तेज बहाव से केदारधाम के बेस कैंप सोनप्रयाग में पार्किंग स्थल का एक बड़ा हिस्सा धंसने से दो वाहन गए. सोमवार देर रात केदारनाथ धाम के मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में सोन नदी के लगातार कटाव ने खतरा बढ़ा दिया है. देर शाम



कटाव के चलते सोनप्रयाग शटल पार्किंग का लगभग 15 से 20 मीटर हिस्सा धंस गया और इस दौरान पार्किंग में खड़ी दो बोलेरो वाहन इसकी चपेट में आकर बह गए. गनीमत रही कि समय रहते वाहन चालकों को सूचना देकर सतर्क कर दिया गया. रुद्रप्रयाग जिले के आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर ने बताया कि सोन नदी का कटाव तेजी से हो रहा है. देर शाम जेसीबी (डोजर) मशीन की मदद से धंसाव में फंसे वाहनों को बाहर निकाल लिया गया. स्थानीय लोग नदी के तेज बहाव और लगातार हो रहे कटाव को लेकर चिंतित हैं. प्रशासन ने स्थिति पर करीबी नजर बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमें अलर्ट पर हैं. कटाव आवासीय क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है.

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की पत्नी के भी दो-दो वोटर कार्ड का दावा

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के बाद उनकी पत्नी कोटा नीलिमा के भी दो अलग-अलग पते से वोटर कार्ड का दावा किया जा रहा है. बुधवार को भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स अकाउंट पर कहा कि राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बिना पर्याप्त जांच-पड़ताल के ईमानदार वोटरों को निशाना बनाकर उनकी छवि धूमिल कर दी- यहां तक कि उनकी पहचान बिना अनुमति उजागर करके उन्हें खतरे में डाल दिया. फिर भी, उन्होंने इस चौंकाने वाले खुलासे पर चुप्पी साध रखी है कि उनके एक करीबी सहयोगी के पास दो एपिक कार्ड हैं. क्या सिर्फ़ वही? बिल्कुल नहीं. उन्होंने दावा किया कि कोटा नीलिमा, जो तेलंगाना के खैरताबाद (60) विस क्षेत्र से प्रत्याशी रहीं और पवन खेड़ा की पत्नी हैं, उनके पास भी दो एपिक कार्ड हैं.

### नासिक में छह हजार जिलेटिन छड़ें 2,200 डेटोनेटर बरामद, केस दर्ज

**नासिक ।** पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के एक गांव में बिना अनुमति के रखी गईं 6,000 से अधिक जिलेटिन की छड़ें और 2,200 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर जब्त किए हैं. मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है. सोमवार को वाडीवरहे पुलिस थाना क्षेत्र के सारुल शिवर गांव में छापेमारी के बाद यह जब्ती की गई. पुलिस की एक टीम ने 1 सितंबर को इलाके में छापा मारा और 49 बक्से बरामद किए, जिनमें 6,125 जिलेटिन छड़ें, 2,200 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और 150 मीटर डीएफ तार थे, जिनकी कुल कीमत 95,750 रुपये थी. उन्होंने बताया कि अमोनियम नाइट्रेट और डेटोनेटर के साथ जिलेटिन की छड़ें आरोपियों के घरों और घरों के पीछे टिन-शेड में लापरवाही से रखी हुई पाई गईं.

### सुकमा में 33 लाख के इनामी 20 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी । सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा में 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. इनमें 9 महिलाएं और 11 पुरुष नक्सली शामिल हैं. आत्मसमर्पण करने वालों में एक पीएलजीए बटालियन (माओवादी संगठन) की सक्रिय हार्डकोर महिला नक्सली भी है. इन सभी पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था. इनमें दो नक्सलियों पर 08-08 लाख, एक नक्सली पर 05 लाख, चार नक्सलियों पर 02-02 लाख एवं अन्य 04 नक्सलियों पर 01-01 लाख रुपये का इनाम घोषित था. सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सल हिंसा से तंग आकर इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में एसपी किरण चव्हाण, डीआईजी ऑफिस सुकमा द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल, एएसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया है. नक्सलियों को आत्म ससमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में जिला बल, डीआरजी सुकमा, इंटेरोगेशन सेल, आसूचना शाखा, रेंज फिल्ड टीम (आरएफटी) कोंटा, सीआरपीएफ 111, 217, 218, 226 वाहिनी एवं कोबरा 203 वाहिनी के सूचना शाखा कार्मिकों की विशेष भूमिका रही है. सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के नवीन पुनर्वास नीति छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति-2025 के तहत 50-50 हजार रूपये के मान से प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधायें प्रदान किए जाएंगे.

### देश में नफरत भड़काने वालों के लिए कोई जगह नहीं : मौलाना मदनी

**नयी दिल्ली ।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने मंगलवार को कहा कि असम में जारी बेदखली अभियानों में सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित नियमों का पालन किया जाना चाहिए. मदनी ने कहा कि असम सरकार को प्रभावित सभी वास्तविक नागरिकों का पुनर्वास सुनिश्चित करना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि नफरत भड़काने वाले लोगों के लिए इस देश में कोई जगह नहीं है. मदनी ने कहा, इस राज्य में बेदखली जारी है. यह कई जगहों पर होता है. लेकिन असम में जिस तरह से किया जा रहा है, उससे दुख होता है. मैंने गोलपाड़ा और आसपास के इलाकों में बेदखल लोगों से मुलाकात की. असम में बेदखली निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना की जा रही है. उन्होंने असम सरकार पर उत्पीड़न और दमन करने का आरोप लगाते हुए सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. इस पर मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि वह हद पार करते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा. जवाब में मदनी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री जैसे पद पर आसीन व्यक्ति कहता है कि वह मुझे बांग्लादेश भेज देगा. मैं असम में हूं, अगर वह चाहें तो मुझे बांग्लादेश भेज दें.

केंद्रीय गृह मंत्री ने 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले जवानों को किया सम्मानित

# देश से जब तक सारे नक्सली समाप्त न हो जाएं, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे, न उनको बैठने देंगे : शाह

एजेंसी । नई दिल्ली



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे. उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलमुक्त बनाना मोदी सरकार का संकल्प है. अमित शाह ने नई दिल्ली में अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के बस्तर स्थित करेंगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और कोबरा बल के जवानों से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया. इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे. उन्होंने कहा कि करेंगुट्टालु की दुर्गम पहाड़ियों पर लगातार 19 दिनों तक चले सबसे बड़े नक्सल-विरोधी अभियान में बिना हताहत हुए 30 से अधिक नक्सलियों को मार कर वीर जवानों ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की. नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में हमारे सुरक्षाबलों की बहादुरी स्वर्णिम अक्षरों में लिखी जाएगी. शाह ने वीर जवानों को बधाई देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा. उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, भीषण गर्मी और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने पराक्रम दिखाकर नक्सलियों का बेस कैंप और उनकी सप्लाई चेन नष्ट की है. गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार का लक्ष्य देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करना है. उन्होंने कहा, "जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे. 31 मार्च, 2026 तक भारत को नक्सलमुक्त बना दिया जाएगा." शाह ने कहा कि नक्सलियों ने दशकों तक देश के पिछड़े इलाकों को विकास से वंचित रखा, स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए तथा सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचने से रोका. लेकिन अब नक्सल विरोधी अभियानों के परिणामस्वरूप पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े छह करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है.

### छत्तीसगढ़ में गणेश प्रतिमा विसर्जन करने जा रहे ग्रामीणों को बोलेरो ने रौंदा, 3 की मौत, कई घायल

**जशपुर /रायपुर ।** जशपुर जिले में मंगलवार की देर रात गणेश विसर्जन करने जा रहे ग्रामीणों को बोलेरो वाहन ने रौंद दिया. हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए. सभी घायलों को बगीचा अस्पताल ले जाया गया. ग्रामीण बगीचा थाने के जुरूडांड़ गणेश विसर्जन के लिए जा रहे थे.

पाक के क्वेटा में बीएनपी की रैली में बड़ा धमाका

# कम से कम 15 लोगों की मौत, 35 से अधिक घायल

एजेंसी । इस्लामाबाद



पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार रात बड़े बम धमाके में कम-से-कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक लोग घायल हैं. मरने वालों की संख्या बढ़ने का अंदेशा है, क्योंकि बम धमाके में कई घायलों की हालत गंभीर है. यह फिदायिन धमाका बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की ओर से सरियाब क्षेत्र में शाहवानी स्टेडियम के पास योजित एक रैली खत्म होने के तुरंत बाद हुआ. किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है. पाकिस्तान के अखबार डान के मुताबिक मंगलवार रात सरदार अताउल्लाह मेंगल की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित रैली के समापन के करीब 15 मिनट बाद यह धमाका हुआ. उस समय रैली में हिस्सा लेने वाले बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर मौजूद थे और अपने-अपने घरों की तरफ निकलने की तैयारी कर रहे थे. बताया जा रहा है कि फिदायिन हमलावर ने पार्किंग के इलाके में अपनी जैकेट में बंधे बम में विस्फोट कर हमले को अंजाम दिया. घटना के बाद प्रांतीय स्वास्थ्य मंत्री बख्त मुहम्मद काकर ने हमले में मृतकों और घायल लोगों की संख्या की पुष्टि की है. हालांकि, रैली की अगुवाई कर रहे बीएनपी के नेता इस हमले में सुरक्षित रहे. रैली का नेतृत्व कर रहे बीएनपी प्रमुख अख्तर मेंगल, पख्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के प्रमुख महमूद खान अचकजई, अवामी नेशनल पार्टी के असगर खान अचकजई भी रैली में मौजूद थे.

**दिखाई ताकत :** चीन के विक्ट्री डे परेड में सबसे बड़ा सैन्य प्रदर्शन

# राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा-चीन किसी से नहीं डरता

एजेंसी । बीजिंग



दूसरे विश्वयुद्ध में जापानी आक्रमण के खिलाफ मिली जीत की 80वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में चीन का विक्ट्री डे परेड बुधवार को थियानमेन चौक पर हुआ. इस बहाने चीन ने बड़ा सैन्य परेड का प्रदर्शन करते हुए दुनिया को लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और न्यू इलेक्ट्रानिक वारफेयर सहित आधुनिक हथियार दिखाए. इस मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन, बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको सहित मलेशिया, म्यांमार, मंगोलिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नेपाल, मालदीव सहित 26 देशों के शीर्ष नेता मौजूद रहे. ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस अवसर पर कहा कि चीन को आगे बढ़ने से कोई ताकत नहीं रोक सकती. उन्होंने कहा कि उनका देश किसी धौंस जमानेवाले से डरता नहीं है और हमेशा आगे बढ़ता रहता है. उन्होंने कहा कि यह एक नई यात्रा, नया युग है. इस अवसर पर चीन ने अबतक का सबसे बड़ा सैन्य परेड करते हुए आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया. जिसमें जे 20 और जे 35 जैसे लड़ाकू विमान, डीएफ 31 एजी और डीएफ 41 बैलिस्टिक मिसाइलें, डीएफ-जेडएफ हाइपरसोनिक मिसाइल, एयर डिफेंस सिस्टम, टैंक और बख्तरबंद वाहन शामिल हैं. परेड में 10 हजार से ज्यादा सैनिक शामिल हैं. उल्लेखनीय है कि दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान जापान ने अमेरिका के परमाणु हमले के बाद 15 अगस्त 1945 को समर्पण किया था जिसके बाद 2 सितंबर 1945 को चीन के खिलाफ भी हार स्वीकार कर ली. इसी उपलक्ष्य में चीन विक्ट्री डे परेड मनाता रहा है.

### बीएसएफ ने जब्त किए 5.20 करोड़ रु. कीमत के 43 सोने के बिस्कुट

**गुवाहाटी ।** बीएसएफ, गुवाहाटी फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) सुखदेव राज ने भारत-बांग्लादेश अंतराष्ट्रीय सीमा पर सीमा चौकियों का तीन दिवसीय व्यापक दौरा किया. इस दौरान उन्होंने वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य का आकलन किया एवं वाहिनियों की संक्रियात्मक तैयारियों की समीक्षा की. इसके अलावा अभियान के दौरान बीएसएफ ने 5.20 करोड़ रूपये के 43 सोने के बिस्किट बरामद किए. पीआरओ ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया है कि महानिरीक्षक के भ्रमण के दौरान, संबंधित वाहिनियों के समादेष्टा ने अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा पार अपराधों को नियंत्रित करने एवं सीमा पर विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट, चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर, थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.